स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

शुभ दीपावली

लखनऊ, सोमवार | 20 अक्टूबर, 2025 | कार्तिक मास कृष्ण पक्ष 14 | सं. 2082 वि. | वर्ष 79, अंक - 64 पृष्ठ 12 | संस्करण : नगर







# दीपोत्सव में जीवंत हुआ 'त्रेता'

## योगी ने किया राम का राज्याभिषेक, दुनिया के लिए प्रेरणा बनी अयोध्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राम नगरी के सरयू तट पर रविवार को दीपों की अनगिनत पंक्तियों से अयोध्या की सजी शाम ऐसी दमक उठी, मानो स्वयं त्रेता युग धरती पर उतर आया हो। साथ ही रामकथा पार्क में श्रीराम और सीता के अवतरण और राज्याभिषेक का लाखों श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जैसे ही राम के रथ को खींचना शुरु किया पूरा पार्क जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। साथ ही संतों ने राम दरबार पर पुष्प वर्षा की तो मुख्यमंत्री ने भी संतों का अभूतपूर्व स्वागत किया। पुष्पवर्षा और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जब मुख्यमंत्री ने गुरु वशिष्ठ के साथ, भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन व हनुमान का पूजन और वंदन किया। साथ ही उन्होंने श्रीराम की आरती कर राज्याभिषेक कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने



कहा कि आज लाखो दीप यहां हो रहे हैं, जो हर भारतवासी के संकल्प का प्रतीक हैं।

यह केवल दीप नहीं हैं, यह दीप 500 वर्षों के अंधकार पर आस्था की विजय के प्रतीक भी हैं। जब हम यहां लाखों दीपों से अयोध्या धाम को जगमगा रहे हैं, तब हमें यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि इसी अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने शपथ पत्र में दिया था कि भगवान श्रीराम काल्पनिक हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर अयोध्या में गोलियां चलाई थीं। यह वही लोग हैं, जो मुगलों की कब्र पर जाकर सजदा करते हैं, लेकिन जब अयोध्या में रामलला विराजमान होने के कार्यक्रम में उन्हें निमंत्रण दिया जाता है, तो यह लोग राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा देते हैं। सीएम ने कहा कि यह दीपोत्सव इस बात का गवाह है कि आस्था को कोई राजनीति कैद नहीं कर सकती। अयोध्या सक्षम , स्वच्छ और आयुष्मान भी है। साथ ही सांस्कृतिक, आधुनिक और भावनात्मक भी है। आज पूरे भारत और दुनिया की आस्था यहां पर देखने को मिल रहा है। इसीलिए दुनिया यहां दर्शन करने के लिए आ रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंह और राकेश सचान, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ संत, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### टूटे सभी रिकॉर्ड

रामनगरी में आयोजित दीपोत्सव ने पुराना सभी रिकॉर्ड तोड़ दिया। सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव का आयोजन कराया और साल दर साल इसे नई ऊंचाइयां दीं। दीपोत्सव ने प्रतिवर्ष नया कीर्तिमान स्थापित किया। नया कीर्तिमान बनाते हुए इस दीपोत्सव में 26,17,215 दीप जलाए गये। जबकि पिछले वर्ष यहां 25,12,585 दीपों से राम नगरी जगमगाई थी। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू मैया की आरती का रहा, जहां इस वर्ष एक साथ 2128 वेदाचार्यों व साधकों ने आरती की। ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। इस तरह रामनगरी ने फिर से वैश्विक रिकॉर्ड दर्ज किया। इसका प्रमाणपत्र पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रमुख सचिव ने मुख्यमंत्री को सौंप दिया।

## हमारे पूर्वजों ने दुनिया को संस्कृति-विज्ञान की शिक्षा दी, धर्मांतरण नहीं किया



**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारतीयों ने संस्कृति और विज्ञान का प्रचार करने के लिए दुनिया भर की यात्रा की, लेकिन कभी किसी पर विजय प्राप्त नहीं की और न ही किया धर्मांतरण किया। आर्य

- **संघ प्रमुख बोले सद्भावना व एकता रहा संदेश**

युग विषय कोष विश्वकोश के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और गुलाम बनाया, और हम पर आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों ने भारतीयों के मन को लूटा।

मोहन भागवत ने कहा, हमारे पूर्वजों ने मेक्सिको से साइबेरिया तक यात्रा की और दुनिया को विज्ञान और संस्कृति की शिक्षा दी। उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की। हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। उन्होंने कहा, कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा और गुलाम बनाया। आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों (अंग्रेजों ने) ने हमारे मन को लूटा। जिससे हम अपनी ताकत और दुनिया के साथ साझा करने की क्षमता भूल गए। भागवत ने कहा, आध्यात्मिक ज्ञान अभी भी फल-फूल रहा है और आर्यव्रत के वंशज होने के नाते हमारे पास विज्ञान और हथियार, शक्ति और सामर्थ्य, विश्वास और ज्ञान है।

### शुभकामनाएं

'दीपावली' पर्व के शुभ अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरक बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत प्रेस व कार्यालय में दिनांक 20.10.2025 व 21.10.2025 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 23.10.2025 को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

## बांके बिहारी मंदिर : 30 फीट नीचे तहखाने में पहुंची टीम

**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर में बने तोशाखाना में रविवार को दूसरे दिन भी खजाना खोला गया। मुख्य दरवाजे को ग्राइंडर से काटने के बाद टीम और

- **खजाने में सोने-चांदी की छड़ी और बेशकीमती नग-सिक्के मिले**

कमेटी अंदर गई। इसके बाद सीढ़ियों के जरिए नीचे जाने वाला तहखाना भी मिला। खजाने में मुख्य दरवाजे के अंदर बने एक कमरे में लकड़ी के दो संदूक मिले, एक बड़ा और दूसरा छोटा। इस संदूक में कई बर्तन, कीमती नग और सिक्के मिले हैं। कमरे में लकड़ी का एक लंबा बक्सा मिला, जिसमें सोने की चमचमाती छड़ी और गुलाल लगी हुई चांदी की 3 छड़ें मिलीं। टीम सीढ़ियों से नीचे उतरकर तहखाने में भी गई। एक-एक करके कमेटी के सभी सदस्य तहखाने में उतरे। तहखाना एकदम साफ मिला। वहां कुछ नहीं था। खजाने के बारे में दिनेश गोस्वामी ने बताया- नीचे तहखाने तक सब क्लियर हो गया है।



जो छड़ियां मिली हैं, उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि मानो ठाकुर जी ने होली में चांदी की छड़ियों से रंग खेला होगा। होली के 4-5 दिन बाद धुरेली पर सोने की छड़ी धारण की होगी।

## चंद्रयान-2 ने पहली बार दी सूरज के प्रभाव की जानकारी

**चेन्नई।** चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर इतिहास रचने वाले चंद्रयान-2 ने एक बार फिर नई जानकारी जुटाई है। सूर्य के चांद पर पड़ने वाले असर

- **इसरो को मिली बड़ी सफलता**

का चंद्रयान-2 ने पता लगाया है। इसरो ने इसकी जानकारी साझा की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल, चंद्रमा के अत्यंत विरल वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इसरो ने बताया कि भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-2 के लूनर ऑर्बिटर ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी और पहली बार देखी गई घटना दर्ज की है। चंद्रयान-2 पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चेस-2 ने सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभावों को चंद्रमा के बाह्यमंडल यानी उसके बेहद पतले वायुमंडल पर सीधे देखा है। चंद्रयान-2 के अवलोकनों से पता चला है कि जब सूर्य का यह विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो चंद्रमा के दिन के समय के बाह्यमंडल का कुल दबाव अचानक बढ़ गया। इसरो के मुताबिक चेस-2 ने रिकॉर्ड किया कि वातावरण में परमाणुओं और अणुओं का घनत्व दस गुना से भी अधिक बढ़ गया था। चंद्रयान-2 पहला मिशन है जिसने इसे वास्तव में होते हुए देखा है। यह घटना 10 मई, 2024 को हुई जब सूर्य ने सीएमई की एक श्रृंखला अंतरिक्ष में फेंकी। चूंकि चंद्रमा के पास पृथ्वी की तरह कोई सुरक्षात्मक चुंबकीय क्षेत्र या सघन वायुमंडल नहीं है, इसलिए सीएमई के आवेशित कण सीधे चंद्रमा की सतह पर टकराए। इन कणों की टक्कर से चंद्रमा की सतह से बड़ी संख्या में परमाणु और अणु उछलकर बाह्यमंडल में मुक्त हो गए, जिससे वातावरण अचानक फूल गया।

## रायबरेली में मंदिर के पुजारी की हत्या

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में शनिवार की देर रात बदमाशों ने कुल्हाड़ी से वार करके मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी। सुबह उनका शव मंदिर के बाहर पड़ा मिला है। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके घटना की जानकारी जुटाई। घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के मुर्तजानगर गांव की है। यहां कार्यदेवन मंदिर के पुजारी की हत्या हुई है। खबर फैली तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करके जानकारी जुटा रही है।

## सैम पित्रोदा ने लगाया चुनाव में हेराफेरी का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान ने एक बार फिर राजनीतिक बहस तेज कर दी है। उन्होंने दावा किया है कि भारत में चुनावों में हेराफेरी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते। पित्रोदा ने कहा, लोगों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की मांग करनी चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र की शुरुआत वहीं से होती है। आप जानते हैं कि चुनावों में गड़बड़ी होती है। हमारे पास इसके सबूत हैं, हम इसे समझते हैं। मैं ये बात लंबे समय से कह रहा हूं। कुछ लोग इसे गंभीरता से लेते हैं, कुछ नहीं। उन्होंने आगे कहा, चुनाव आयोग और वहां काम कर रहे वरिष्ठ लोग सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है। लेकिन आपको कोई सुनवाई नहीं मिलती। चुनाव आयोग नहीं मानता, सुप्रीम कोर्ट नहीं मानता। पित्रोदा ने सवाल उठाते हुए कहा, फिर क्या करें? देखिए, आपके पास अब विश्वविद्यालयों में जाकर बोलने की आजादी भी नहीं है। लेकिन यही भारत है जिसमें हम जी रहे हैं और सभी लोग इसे पसंद करते हैं। उनको और शक्ति मिले, मैं क्या कहूं?

## ओवैसी ने बिहार में उतारे 25 प्रत्याशी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने अपने 24 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी के बिहार अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को अमौर (सीट 56) से फिर से मैदान में उतारा गया है, जहां से उन्होंने 2020 में जीत हासिल की थी। एआईएमआईएम का यह कदम इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती पेश कर सकता है, खासकर उन विधानसभा क्षेत्रों में जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 17 प्रतिशत से अधिक है।

## दिल्ली : दिवाली के पहले प्रदूषण की स्थिति गंभीर

**नई दिल्ली।** दिवाली के ठीक एक दिन पहले दिल्ली में प्रदूषण का स्तर गहरा गया है। राजधानी के अलग-अलग स्थानों पर वायु प्रदूषण उच्च

- **अगले दो दिनों में गहराएगा सांसों पर संकट**

स्तर पर पहुंच गया है और लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार दोपहर को दिल्ली के आईटीओ पर पीएम 2.5 का स्तर 314 दर्ज किया गया है जो खतरनाक श्रेणी में माना जाता है। इसी तरह सोनिया विहार में 322, मदर डेयरी पर 250 और आनंद विहार में पीएम 2.5 का स्तर 416 तक पहुंच गया। सुबह 11 बजे के करीब प्रदूषण के उच्च स्तर पर रहने के बाद दोपहर के समय प्रदूषण में कुछ कमी आई। लेकिन इस स्तर ने यह इशारा कर दिया है कि अगले दो दिनों में पटाखों का प्रदूषण हवा में शामिल होने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। दिवाली के बाद ठंड बढ़ने के साथ



प्रदूषण की स्थिति भी गंभीर होने का अनुमान है। दिल्ली में हवा का स्तर कुछ दिन पहले तक बेहतर बना हुआ था, लेकिन पिछले छः दिन से राजधानी में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब स्तर पर बनी हुई है। शनिवार को दिल्ली का एक्यूआई 254 दर्ज किया गया। दिवाली के एक दिन पहले दिल्ली में औसत तापमान अधिकतम 33 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री के करीब बने रहने का अनुमान है। दिवाली के दिन यानी सोमवार को भी तापमान 33 डिग्री और 22 डिग्री बने रहने का अनुमान है।

## जेईई मेन की परीक्षा तिथियां घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल दोनों सत्रों में आयोजित की जाएगी। एनटीए के अनुसार, सत्र 1 की परीक्षा 21 से 30 जनवरी 2026 के बीच होगी और इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया अक्तूबर, 2025 से ही आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू होगी। एनटीए ने जेईई (मेन) 2026 में अधिक उम्मीदवारों को शामिल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके तहत परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि उम्मीदवारों को ज्यादा दूर न जाना पड़े। साथ ही, दिव्यांग उम्मीदवारों की विशेष जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है।

# 'वोटर से वोट लेकर वे कर गए किनारा!'

**नवकांत ठाकुर**

### नज़र और नज़रिया

लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासकों की कथनी–करनी के अंतर पर व्यंग्य कसते हुए काका हाथरसी लिखते हैं कि 'सारे जहाँ से अच्छा है इण्डिया हमारा / हम भेड़-बकरी इसके यह गड़ेरिया हमारा / वोटर से वोट लेकर वे कर गए किनारा / सारे जहाँ से अच्छा है इण्डिया हमारा।' वास्तव में देखा जाए तो बेहद आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के साथ मतदान करने के बाद अगर उम्मीदें पूरी ना हों बल्कि पहले से भी अधिक मुश्किलों और दुश्वारियों का सामना करना पड़े तो मतदाता जिस तरह ठगा महसूस करता है उसका बेहद सटीकता से वर्णन करती इस कविता की पंक्तियों में इन दिनों दिल्लीवासियों के दिल से निकल रही आवाज को स्पष्ट महसूस किया जा सकता है।

सच तो यह है कि दिल्लीवासियों ने पिछली सरकार के लगातार तीन कार्यकाल के अनुभवों से दुखी होने और विकास के बजाय हर क्षेत्र में विनाश की तस्वीर दिखाई पड़ने के बाद बड़ी उम्मीदों के साथ सत्ता में बदलाव करने का फैसला किया था। उम्मीद थी कि सिर्फ मुफ्तखोरी को बढ़ावा देकर सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत रखने वाले शासकों से छुटकारा मिलेगा और विकास की नई बयार बहेगी जिसमें सुविधाओं, सहूलियतों और विकास को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन जिस तेजी से ना सिर्फ इन उम्मीदों पर पानी फिरा है बल्कि पहले से उपलब्ध सुविधाओं से भी लोगों को हाथ धोना पड़ा है उसके बाद दिल्ली की अधिकांश जनता काका के इन्हीं शब्दों को दोहराते हुए पूछ रही है कि क्या वोटर से वोट लेकर वह कर गए किनारा? ऐसा इसलिए क्योंकि चुनावी वायदों की बात ना भी करें और सिर्फ विधानसभा चुनाव से पहले और चुनाव के बाद की दिल्ली को देखें तो आम लोगों की परेशानियों और दुश्वारियों में लगातार इजाफा होता हुआ स्पष्ट नजर आ रहा है। बात करें सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की तो थोक के भाव में बसें इस कदर नदारद हो गई हैं कि कई रूट पूरी तरह बंद हो गए जबकि कई रूटों पर लंबे इंतजार के बाद कोई बस आती भी है तो उसमें घुसने भर की जगह भी नहीं होती। नतीजन बस स्टैंडों पर दैनिक यात्रियों का हुजूम उस घड़ी को कोसता दिखाई पड़ता है जब बदलाव के लिए मतदान किया था। यही स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्था की है जहां मोहल्ला क्लीनिकों पर ताला लटक गया है जबकि सरकारी अस्पतालों में इलाज, दवा और जांच के नाम पर मरीज अक्सर कतार का हिस्सा बन कर रह जाते हैं और उनके हिस्से में कुछ भी नहीं आता। पानी की बात करें तो भूजल के दोहन पर पाबंदी है जबकि सप्लाई का पानी ऐसा है जिसमें धोने पर कपड़ा साफ तो नहीं होता अलबत्ता उस पर मैल और बदबू की परत अलग से चढ़ जाती है। जगह-जगह मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, उफनते सीवर और बजबजाती नालियों के बीच मच्छरजनित बीमारियों ने कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कमोबेश यही स्थिति शासन के हर क्षेत्र में दिख रही है।

बहरहाल, अपने कार्यकाल के साठ में से आठ महीने गुजार चुकी दिल्ली की मौजूदा निजाम में आवाम की जो स्थिति है उसे दुष्यंत कुमार के शब्दों में कहें तो– 'कहाँ तो तय था चराग़ाँ हर एक घर के लिए / कहाँ चराग़ मयस्सर नहीं शहर के लिए।' आलम यह है कि बदलाव के लिए लोगों को प्रेरित करने वालों का एक बड़ा वर्ग भी वीरेंद्र खरे 'अकेला' के शब्दों में अब मानने लगा है कि– 'बढ़ते उपचारों का युग है, फिर भी बीमारों का युग है / ग़ैरों की सत्ता से बदतर, अपनी सरकारों का युग है / कर्तव्यों का भान किसे हो, ये तो अधिकारों का युग है।' जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।

## फतेहपुर के पटाखा बाजार में भीषण आग

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। आग लगते ही पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय

- **80 से अधिक दुकानें खाक, तीन लोग झुलसे**

मौके पर सिर्फ एक छोटी दमकल की गाड़ी और खरीदारों की भीड़ एकत्र थी। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। इधर-उधर भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। धमाके और धुंए के चलते हाईवे किनारे लोगों की भीड़ लग गई। इससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर सीओ सिटी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।

## बच्चे के साथ आश्रय गृह में ही रहेगी नाबालिग मां

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग मां को बच्चे सहित राजकीय आश्रय गृह से मुक्त करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि उसे वयस्क होने तक वहीं रहना होगा। कोर्ट ने उसके स्वास्थ्य की निगरानी

- **वयस्क पति के साथ रहने की इजाजत नहीं**

के लिए सीएमओ कानपुर को हर महीने कम से कम दो बार डॉक्टर भेजने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर एवं न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने नाबालिग लड़की की सास की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग पत्नी के साथ रहने से वयस्क पति भी पाक्सो अधिनियम के तहत दंडनीय अपराधों के लिए उत्तरदायी होगा। ट्रायल कोर्ट ने नाबालिग लड़की को वयस्क पति के साथ रहने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। सास ने याचिका में बहू को कानपुर नगर स्थित राजकीय बालगृह (बालिका) से रिहा करने का निर्देश देने की मांग की थी, जहां उसे पति के साथ रहते हुए पाए जाने के बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने रखा है। उसकी शादी गत तीन जुलाई को हुई और 11 दिन बाद 14 जुलाई को उसने एक बेटे को जन्म दिया। हाईस्कूल के अंकपत्र के अनुसार लड़की की जन्मतिथि पांच अक्टूबर 2008 है, यानी शादी के समय उसकी उम्र 17 साल में तीन महीने कम थी। लड़की के पिता ने बीएनएस की धारा 137(2) (अपहरण) के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# मैं सांसद रहूं या ना रहूं विकास को प्राथमिकता : राजनाथ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जानकीपुरम योजना सेक्टर एफ में एचएएल के सीएसआर फंड से एलडीए द्वारा निर्मित सामुदायिक केंद्र तथा पुस्तकालय का लोकार्पण किया। साथ ही जानकीपुरम विस्तार में अटल चौराहे पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा और 1250 सोलर स्ट्रीट लाइटो की स्थापना व 250 ओपन जिम की स्थापना का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सांसद हूं या ना रहूं विकास के लिए मेरी प्रतिबद्धता कायम रहेगी। लखनऊ के विकास के लिए जो भी संभव है मैं करने का प्रयास कर रहा हूं। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड हिंदुस्तान में करिश्माई कार्य कर रहा है। दो दिन पहले नासिक ने 4.5 जनरेशन की फाइटर प्लेन तैयार किया था। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यों में भी पारिवारिक समारोह के आयोजनों में लोगों को समस्या आती है तभी यह निर्णय लिया कि सभी पांच विधानसभाओं में एक सामुदायिक केंद्र बनाया जाए। इसका किराया भी न्यूनतम रखा जाएगा जिससे इसका रख रखाव किया जा सके। पहला फ्लाईओवर अप्रैल में बनाया गया था उसके बाद 14 बन चुके हैं और 11 स्वीकृत है और अवध चौराहे पर अंडर पास का निर्माण भी किया जा रहा है। लखनऊ के चारों ओर सर्कुलर ट्रेन चलाने के लिए भी पैसा स्वीकृति हो चुका है सर्वे का काम चल रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मेरी कोशिश है कि दुनिया के अधिकांश देशों से लखनऊ के विमान कनेक्शन होना चाहिए उसके लिए मेरा निरंतर प्रयास चल रहा है। स्वच्छता में लखनऊ पहले स्थान पर आए इसके लिए महापौर को कार्य करना चाहिए। विश्व के 10 शहरों में हमारा लखनऊ है, लेकिन मैं इतने से संतुष्ट नहीं हूं मै चाहता हूं कि लखनऊ नंबर एक पर आए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि रक्षा मंत्री की कृपा से लखनऊ आज दुनिया के पैमाने पर उभरता हुआ शहर है। अंतर राष्ट्रीय स्तर की सभी सुविधाएं लखनऊ में उपलब्ध है। सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में लखनऊ देश के महानगर के शहरों को भी पीछे छोड़ता हुआ दिख रहा है। आज लखनऊ मेट्रो विस्तार से लेकर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे उसकी पहचान बन रहे हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, बृजलाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल ,विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष विवेक सिंह तोमर, राम औतार कनौजिया, टिंकू सोनकर, घनश्याम अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, अक्षय मिश्रा, सीके वर्मा, ओपी तिवारी सहित कई नेता मौजूद रहे।

### रक्षा मंत्री ने 25 लोगों को दिया पीएम आवास का प्रमाण पत्र

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जानकीपुरम योजना सेक्टर एफ में आयोजित कार्यक्रम में आजम खान, रूपा, आशीष उपाध्याय ,अर्पित त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, सुशील शुक्ला, गीता देवी, प्रज्ञानंद मिश्रा,, पुष्पा सिंह, नंदिनी मिश्रा, संजय कुमार, अंबेश मिश्रा, अरविंद कश्यप, अर्चना वर्मा , शिखा, पूनम मिश्रा, पूनम सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, मीरा रस्तोगी, रामेश्वर शर्मा, प्रेमलता पाल ,रामशरण सिंह, ममता, गुलाब सोनकर, पूनम सोनकर , गोल्डी सोनकर को प्रधानमंत्री आवास आवंटन का प्रमाण पत्र भी दिया।

### संत आसूदाराम के आश्रम पहुंचे

राजनाथ सिंह रविवार को संत आसूदाराम आश्रम गए और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया एवं पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके प्रति मेरे ह्रदय में बहुत सम्मान व श्रद्धा है और 10 - 15 बार मैंने आकर उनके दर्शन किया थे और उनके निधन की जानकारी मिलने पर मुझे अत्यंत दुख हुआ। उनकी आत्मा हम लोगों के अंदर बसी है और उनके ना रहने की कमी सदैव हम सबको खलेगी।

# दीपावली पर राज्यपाल एवं सीएम ने दी बधाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व एवं त्योहार शान्ति, एकता व सद्भाव का सन्देश देते हैं। यह पर्व भारत की सनातन धर्म की परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन और रामराज के शुभारम्भ की स्मृति स्वरूप आज से हजारों वर्ष पहले पूरे भरतखण्ड में श्रद्धालुओं द्वारा दीपमालाओं से अपने-अपने घरों को सजा करके इस पर्व को मनाना प्रारम्भ किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश में है। राज्य सरकार अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परम्परा को 'दीपोत्सव' के आयोजन से दुनिया को अयोध्या की महिमा से परिचित करा रही है।

# आंदोलनरत बिजलीकर्मी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटे

### छठ पूजा के बाद निजीकरण के विरोध में आंदोलन होगा तेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बिजली कर्मियों का दीपावली पर्व के दौरान छह दिन तक आंदोलन प्रदर्शन का कार्यक्रम स्थगित है और सारे प्रदेश में बिजली कर्मी दीपावली के पर्व पर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने में पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं। पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष समिति ने मॉनिटरिंग के लिए हर जनपद में अपनी टीम का गठन किया है। संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि जहां बिजली कर्मी लगातार बिजली व्यवस्था सुधार में लगे हैं, वहीं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए उतावले हो रहे प्रबंधन ने पिछले 11 महीने में बिजली कर्मियों का तरह-तरह से उत्पीड़न किया है और कर रहा है । संघर्ष समिति ने कहा कि दीपावली और छठ पूजा पर्व के बाद विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सभी जनपदों के संयोजकों और सहसंयोजकों की बैठक बुलाई जाएगी और निजीकरण व उत्पीड़न के विरोध में बड़े आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। साथ ही यह भी कहा है कि पर्व के दौरान रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति का संकल्प प्रदर्शित कर बिजली कर्मी उपभोक्ताओं और किसानों को भी निजीकरण के विरोध में अपने संघर्ष में साथ लेंगे। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे की किसानों और मजदूरों के राष्ट्रीय नेताओं से इस संबंध में लगातार बातचीत हो रही है और संघर्ष की रणनीति तैयार की जा रही है। संघर्ष समिति के शीर्ष पदाधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए। स्टेट विजिलेंस और डिपार्टमेंटल विजिलेंस के नाम पर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को बिना कारण परेशान किया जा रहा है। समिति ने कहा कि इन तमाम उत्पीड़नात्मक कार्रवाईयों और निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी पिछले 326 दिन से लगातार संघर्षरत है।

# लखनऊ मंडल की टीटीई लॉबी में बायोमेट्रिक प्रणाली लागू



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने अपने टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) की उपस्थिति प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित करते हुए एक और महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। मंडल के सभी 11 टीटीई लॉबी लखनऊ, वाराणसी जं., उन्नाव, प्रयागराज संगम, शाहगंज, रायबरेली, अयोध्या धाम, सुल्तानपुर बाराबंकी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं अयोध्या कैंट में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली सफलतापूर्वक स्थापित और संचालित की गई है। इस प्रणाली के लागू होने से टिकट जांच कर्मियों की उपस्थिति अब रियल टाइम में दर्ज की जाएगी। इससे मैनुअल रजिस्टर की आवश्यकता समाप्त हो गई है और उपस्थिति डेटा अब सीधे डिजिटल रूप में संग्रहित होगा। यह पहल न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने में सहायक होगी, बल्कि कर्मचारियों की कार्यकुशलता, समयपालन एवं जवाबदेही को भी सुदृढ़ करेगी। बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से मंडल के सभी टीटीई लॉबी का उपस्थिति डेटा एकीकृत रूप से उपलब्ध रहेगा, जिससे प्रबंधन को कर्मियों की उपस्थिति एवं ड्यूटी आवंटन की वास्तविक समय में जानकारी मिल सकेगी। इससे कर्मियों ड्यूटी शेड्यूलिंग एवं नियंत्रण और अधिक कुशल एवं पारदर्शी बनेगा। यह पहल भारतीय रेल में चल रहे डिजिटलीकरण एवं पारदर्शी कार्य प्रणाली को और गति प्रदान करती है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि यह पहल डिजिटल भारत की दिशा में लखनऊ मंडल का एक महत्वपूर्ण कदम है। बायोमेट्रिक प्रणाली से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया अब अधिक प्रामाणिक, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है।


# राज्यपाल से मिले नेता व अधिकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दीपावली पर रविवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से प्रदेश सरकार के मंत्री, नागरिक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें बधाइयाँ दी। बधाई देने वालों में प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, राकेश सचान, रजनी तिवारी, निदेशक एसजीपीजीआई प्रो0 आरके धीमन, कुलपति केजीएमयू प्रो0 सोनिया नित्यानंद, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, उम्मीद संस्था से बलवीर सिंह मान व संस्था के बच्चे एवं नागरिक शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को दीपावली पर उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई दी तथा मंगलमय जीवन की कामना की।

# सोना कितना सोना है?

कुछ दिनों से आम से लेकर खास तक हर किसी के मन में सोना-चांदी की कीमत को लेकर अनिश्चिता बरकरार है। हो भी क्यों न क्योकि एक वर्ष में सोने के भाव में करीब 60 फीसदी तक ऊछाल दर्ज की गयी जो स्वयं में रिकार्ड है। इतनी अधिक वृद्धि किसी भी वस्तु में नहीं हुई। शायद इसीलिए लोग इस क्षेत्र में निवेश को सबसे सुरक्षित मान रहे हैं। वहीं लोग भविष्य में सोने के भाव को लेकर चिंतित है कि दाम बढ़ेंगे या फिर घटेंगे।

इस बार दीपावली पर सोने के भाव में 3 प्रतिशत एवं चांदी के दाम में 8 फीसदी की अचानक कमी आ गयी। वहीं बीते वर्ष इस मौसम में सोने का भाव 65 हजार रुपए दस ग्राम एवं चांदी के दाम 58 हजार रुपए किलो थी। इस बार सोने का रेट करीब एक लाख 30 हजार रुपए प्रति दस ग्राम एवं चांदी के भाव एक लाख 70 हजार रुपए प्रति किलो है। इसके बावजूद दीपावली पर खरीददारी पिछली बार की तुलना में लगभग बराबर हुई। इस बार दीपावली पर प्रदेश में 65 सौ करोड़ का सोना एवं 1500 करोड़ की चांदी बिकी। भविष्य के सोना - चांदी के भाव को लेकर दिग्गज बैंक एचएसबीसी का तर्क है कि जून 2026 तक 5000 रुपए प्रति डालर औसत होने के उम्मीद है जिससे सोने का दाम बढ़ेंगे। बीते एक वर्ष में दाम बढ़ने का कारण है कि दुनिया में ब्याज दर कम होने की उम्मीद और अमेरिका में टैरिफ को लेकर अनिश्चिता मुख्य है। ऐसे में लोग सोने में संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए सोना चांदी में निवेश कर रहे हैं। वहीं यूपी सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री रवीन्द्र नाथ रस्तोगी ने बताया कि भाव बढ़ने एवं घटने से निवेश कर्ताओं में फर्क नहीं पड़ता है। इसीलिए लगभग दोगुना भाव के बावजूद पिछली बार के बराबर इस बार धनतेरस पर खरीददारी हुई। रहीं दीपालवी से ठीक पहले दामों में गिरावट कोई नया नहीं है 2011 में भी इसी तरह भाव गिरे थे। सोना चांदी के दामों में उछाल का मुख्य कारण वह रसा एवं यूक्रेन के बीच युद्ध एवं अमेरिका में स्टोरियों का बर्चस्व बता रहे हैं। भविष्य में रेट को लेकर उन्होनें बताया कि अगर दुनिया में युद्ध जारी रहे तो सोने के भाव में तेजी बरकरार रहेगी। इस भाव में डालर का भी बहुत महत्व है भारत में इस समय डालर की कीमत 88 रुपए है जबकि अन्य देशों में बहुत कम है। सब कुछ सामान्य रहा तो सोना चांदी के भाव में 5 से 7 हजार से बीच उतार चढ़ाव जारी रहेगा।




– राजेश सिंह

# यात्री विस्फोटक सामग्री लेकर ट्रेनों में यात्रा न करें : डीआरएम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल प्रशासन ने यात्री सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए दीपावली एवं छठ पूजा पर्व के दौरान चलने वाली नियमित एवं स्पेशल ट्रेनों के संचलन एवं सुरक्षित यात्रा के परिप्रेक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने यात्रियों से यह अपील की हैं कि किसी भी प्रकार की ज्वलनशील/विस्फोटक सामग्री लेकर ट्रेनों में यात्रा न करें, यह पूर्णतः वर्जित है। यात्रीगण यदि किसी प्रकार की ज्वलनशील एवं विस्फोटक तथा लावारिस पड़ी वस्तुओं को गाड़ी एवं स्टेशन परिसर में देखते है, तो तत्काल इसकी सूचना ट्रेन मैनेजर, टीटीई, स्टेशन मास्टर तथा रेल सुरक्षा बल/राजकीय रेल पुलिस को अवश्य दें। यह भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है। ट्रेन की छत एवं पावदान पर बैठकर एवं खड़े होकर यात्रा न करें। यह जानलेवा हो सकता है। स्टेशनों पर तथा फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ न इकट्ठा करें। रेलवे ट्रैक को निर्धारित स्थान से ही पार करें। इसके लिए स्टेशनों पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। यात्री स्टेशनों पर यात्रा के दौरान उचित टिकट लेकर तथा सुखद यात्रा के लिए अपने साथ कम सामान लेकर चलें। इसी क्रम में रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मंडल कार्यालय के कंट्रोल रूम तथा गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर वार रूम स्थापित किए गए हैं, जिसमें 24 घंटे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शिफ्ट वार मॉनिटरिंग की जा रही है। यात्री किसी भी आकस्मिक आवश्यकता पर भारतीय रेल के हेल्प लाइन नम्बर-139 पर सम्पर्क कर सकते है। भारतीय रेल आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है।

# दिवाली पर सीधे आने वाली उड़ानें रहीं फुल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दीपावली पर लखनऊ आने वालों को ट्रेनों से मायूसी हाथ लगी। यात्रियों ने विमानों का सहारा लिया लेकिन रविवार को मुंबई से आने वाली डायरेक्ट उड़ानें फुल हो गईं। यात्रियों को महंगी कनेक्टिंग फ्लाइटों के सहारे लखनऊ तक पहुंचना पड़ा। वहीं सोमवार को दिल्ली, मुंबई से आने वाली उड़ानें सस्ती हैं। दीपों का पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। ऐसे में दिल्ली व मुंबई में रहने वालों के लखनऊ आने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। ट्रेनों में सीट नहीं मिलने पर यात्रियों ने विमानों से सफर किया। लेकिन मुंबई से लखनऊ आने वाले मुसाफिरों को डायरेक्ट उड़ानें नहीं मिलीं। सभी उड़ानें फुल हो गईं। ऐसे में उन्हें कनेक्टिंग उड़ानों के सहारे लखनऊ पहुंचना पड़ा। यह फ्लाइटें उन्हें काफी महंगी पड़ीं। रविवार को इंडिगो की मुंबई से रात पौने बारह बजे रवाना होने वाली कनेक्टिंग उड़ान का टिकट 25397 रुपये में बिका। यह दिल्ली के रास्ते अमौसी एयरपोर्ट पहुंची। ऐसे ही अकासा एयर की रात पौने बारह बजे की कनेक्टिंग उड़ान 24215 रुपये, एयर इंडिया की रात सवा दस बजे की उड़ान 23303 रुपये तक पहुंच गई। इतना ही नहीं सोमवार को दीपावली पर इंडिगो की मुंबई से लखनऊ की सीधी उड़ान 12361 रुपये में मिल रही है, जोकि पिछले दिनों 26 हजार रुपये के पार चल रही थी। ऐसे ही एयर इंडिया एक्सप्रेस की रात 9:40 बजे की उड़ान 12360 रुपये में मिल रही है। आम दिनों की तुलना में यह उड़ानें कुछ सस्ती मिल रही हैं।

**15408 में बिका दिल्ली-लखनऊ का विमान टिकट** रविवार को दिल्ली से लखनऊ की इंडिगो की रात 8:20 बजे की सीधी उड़ान 11466 रुपये में बिकी। एयर इंडिया की रात साढ़े नौ बजे की कनेक्टिंग उड़ान 15408 रुपये तक पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर सोमवार को दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो की शाम 5:40 बजे की सीधी उड़ान महज 3859 रुपये में मिल रही है। इंडिगो की ही शाम 6:50 बजे की सीधी उड़ान 3859 रुपये, एयर इंडिया की शाम सात बजे की फ्लाइट 5902 रुपये में मिल रही है।

# रेलवे का टिकट चेकिंग अभियान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रेल यात्रियों की सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा निरंतर रूप से सघन टिकट जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा के लिए प्रोत्साहित करना, अनियमित यात्रा पर नियंत्रण रखना है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे लखनऊ सुनील कुमार वर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रविवार को मेरा टिकट मेरा स्वाभिमान अभियान के तहत टिकट चेकिंग चलाया गया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी की उपस्थिति में गाड़ी संख्या 12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12168 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस, तथा गाड़ी संख्या 22178 महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में व्यापक टिकट जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 173 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्रियों को यात्रा करते पाया गया, जिनसे 99,390 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इस अवसर पर यात्रियों से संवाद स्थापित कर उन्हें उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि लखनऊ मंडल अपने यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः कृतसंकल्पित है। इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान न केवल यात्रियों में जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि अनियमित यात्रा पर नियंत्रण एवं रेल राजस्व में वृद्धि में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

# मौसम ने बदला रुख, ठंडी हवाओं के साथ बढ़ी सर्दी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। प्रदेश में मानसून अब पूरी तरह विदा हो चुका है। मौसम विभाग की मानें तो अगले एक सप्ताह तक कहीं भी बारिश होने का अनुमान नहीं है। सुबह और शाम धुंध और हवालों से ठंडक बढ़ेगी। रविवार को तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में 20 से 22 डिग्री तक रहेगा, जबकि पूर्व कुछ जिलों में ठंड बढ़ सकती है। ज्यादातर शहरों का मौसम शुष्क बना रहेगा, धुंध और कोहरे का असर भी दिखाई देगा। अगले 24 घंटे मौसम पूरी तरह साफ़ रहेगा। वेस्ट यूपी से सटे इलाकों में तापमान बढ़ा हुआ रह सकता है। हवा का दबाब कम है तो धुंध का असर और बढ़ेगा। आईएमडी सेंटर लखनऊ से जारी बुलेटिन के मुताबिक उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में रविवार का मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन ठंडा बना हुआ है। लखनऊ एयरपोर्ट पर तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया है, जबकि हवा की गति शांत है। नमी का स्तर 88% है, जो त्वचा और सांस संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकता है। प्रयागराज का तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और नमी 100% तक रहेगी, बरेली में तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस, गोरखपुर का तापमान भी 21 डिग्री से कुछ अधिक जा सकता है, वही मेरठ में अपेक्षाकृत कुछ अधिक रहेगा तापमान जो 28 डिग्री तक जा सकता है। इसी के आसपास बाकी शहरों का भी तापमान रहेगा। सुबह-शाम हल्की सर्दी रहेगी, लेकिन कहीं भी बूंदा-बांदी या बारिश का अनुमान नहीं है। एक सप्ताह तक धूप खिलेगी, लेकिन धुंध दिक्कत बढ़ाएगी। आईएमडी की रिपोर्ट के मुतबिक राजधानी लखनऊ और आसपास के शहरों में मौसम साफ़ रहेगा. धुंध या कुहासा छाया रह सकता है. तापमान सामान्य ही रहेगा कहीं भी बारिश के आसार नहीं हैं। हवा की रफ़्तार 8 से 9 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। अमूमन अक्टूबर मध्य में तापमान 30 से ऊपर रहता है, लेकिन इस बार ये थोड़ा नीचे है, जिसकी वजह पश्चिमी विक्षोभ से हुई पहले सप्ताह तक बारिश को माना जा रहा है।

## खबर एक नज़र

### अस्पतालों में आज हाफ डे, बंद रहेगी ओपीडी


**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दीपावली पर सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में ओपीडी का संचालन नहीं होगा। इमरजेंसी सेवाएं पूर्व की तरह संचालित होती रहेंगी। वही सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का संचालन 12 बजे तक किया जाएगा। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि दीपावली पर सोमवार को ओपीडी बंद रहेगी। ट्रॉमा सेंटर और इमरजेंसी वार्ड पहले की तरह संचालित रहेंगे। इसके बाद मंगलवार से ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं पहले की तरह ही संचालित होंगी। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चंद्र तिवारी ने बताया कि दीपावली पर सिर्फ एक दिन के लिए ओपीडी का संचालन रोका गया है। अगले दिन से पहले की तरह ओपीडी चलेगी। इमरजेंसी सेवाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अस्पतालों में 12 बजे तक ओपीडी बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि दीपावली पर सोमवार को राजपत्रित अवकाश घोषित होने के कारण ओपीडी का संचालन 12 बजे तक होगा। इसके अगले दिन मंगलवार को कोई अवकाश नहीं है, इससे ओपीडी पहले की तरह 2 बजे तक चलेगी। इसके बाद 22 और 23 अक्टूबर को अवकाश के चलते ओपीडी 12 बजे तक रहेगी। सिविल अस्पताल की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता ने बताया कि अभी गोवर्धन पूजा की छुट्टी की घोषणा शासन के जरिये नहीं हुई है। लिहाजा दीपावली पर सोमवार को 12बजे तक ओपीडी होगी। अगले दिन मंगलवार को पूरे दिन की ओपीडी रहेगी। इसके अलावा लोकबंधु अस्पताल, ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय और बीआरडी महानगर सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में भी सोमवार को ओपीडी का संचालन 12 बजे तक होगा।

### देरी के कारण अनुकंपा नियुक्ति से इनकार उचित नहीं : हाईकोर्ट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देरी के आधार पर निरस्त किए गए अनुकंपा नियुक्ति के मामले में कहा कि नाबालिग के मामले में विभाग को तकनीकी (देरी) आधार पर अनुकंपा नियुक्ति से इनकार नहीं करना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान ने वैभव कुमार यादव की याचिका पर उसके अधिवक्ता गोपालजी खरे को सुनकर दिया है। कोर्ट ने मामले की पहली ही सुनवाई में राहत देते हुए विद्युत वितरण खंड शिकोहाबाद के कार्यकारी अभियंता का आदेश रद्द कर दिया। साथ ही याची वैभव कुमार यादव के आवेदन पर चार सप्ताह के भीतर पुनः विचार करते हुए सकारण आदेश करने का निर्देश दिया। एडवोकेट गोपाल जी खरे ने कोर्ट को बताया कि याची के पिता बिजली विभाग में कुशल श्रमिक के पद पर कार्यरत थे। सेवा के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई। उस समय वैभव मात्र 11 वर्ष और उसका छोटा भाई पांच वर्ष से भी कम उम्र का था। दोनों की मां का निधन पहले ही हो चुका था। ऐसे में दोनों बच्चों का पालन-पोषण उनकी दादी ने किया। वैभव ने वयस्क होने पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया लेकिन विभाग ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि यह कर्मचारी की मृत्यु की तिथि से पांच वर्ष बाद दिया गया है जो नियमों के विरुद्ध है। अधिवक्ता गोपाल जी खरे ने अपनी दलील में कहा कि यह आदेश पूर्णतः असंवेदनशील है क्योंकि याची उस समय नाबालिग था और परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। उन्होंने गणेश शंकर शुक्ल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि जब कोई आश्रित संतान नाबालिग हो, तब देरी को तकनीकी आधार बनाकर न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता। अधिवक्ता ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य मृतक कर्मचारी के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करना है न कि उन्हें कानूनी औपचारिकताओं में उलझाकर निराश करना। सरकारी एवं विभागीय वकीलों ने तथ्यों का विरोध नहीं किया और माना कि प्रकरण सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय से आच्छादित है। इस पर कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए याची की अनुकंपा नियुक्ति के मामले में विद्युत वितरण खंड शिकोहाबाद के कार्यकारी अभियंता का आदेश रद्द कर दिया और उन्हें उक्त आवेदन पर सकारण आदेश करने का निर्देश दिया।

# चुनावी मोड में दिखीं मायावती, पदाधिकारियों को दिए निर्देश

### बसपा सुप्रीमो ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती चुनावी मोड में दिख रही है। 9 अक्टूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर हुई महारैली ने बसपा में जोश भर दिया है। इसके बाद से मायावती बैठक पर बैठक कर रही हैं। इसी क्रम में रविवार को पार्टी की समीक्षा बैठक हुई है। इसमें मायावती के भतीजे आकाश आनंद भी शामिल हुए हैं। आकाश ने बसपा सुप्रीमो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया है। वहीं बैठक के दौरान मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे दिए हैं। बैठक में मायावती ने 9 अक्टूबर की रैली की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के गांव-गांव में लाखों लोगों ने तन, मन और धन से जिस जोश और उमंग का परिचय दिया है, वही भावना अब अन्य राज्यों में भी फैलनी चाहिए। ताकि बाबा साहेब का समानता आधारित कल्याणकारी राज्य का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, महिला असुरक्षा, जातिवादी और साम्प्रदायिक हिंसा जैसी समस्याएं चरम पर हैं। मायावती ने कहा कि सरकारें संविधान के जनकल्याणकारी उद्देश्यों को छोड़कर केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों में उलझी हुई हैं, जिससे देश और समाज दोनों का विकास बाधित हो रहा है। बैठक के दौरान बसपा सुप्रीमो ने कहा कि दलित, पिछड़े और बहुजन समाज को तब तक शोषण और अपमान से मुक्ति नहीं मिल सकती जब तक सत्ता की मास्टर चाबी उनके अपने हाथों में नहीं आ जाती है। यही वजह थी कि बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए बसपा का गठन किया गया, जिसने अपनी चार बार की सरकारों में सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाए थे। बैठक में मायावती ने हालिया जातिवादी घटनाओं जैसे कि हरियाणा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की आत्महत्या और कोर्ट के भीतर मुख्य न्यायाधीश के साथ हुई अप्रिय घटना को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था के लिए खतरे का संकेत हैं, लेकिन सरकार और जिम्मेदार संस्थानों की चुप्पी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। बसपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि बसपा कोई पूंजीपतियों के सहारे चलने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि यह संविधान की मानवतावादी सोच पर आधारित अम्बेडकरवादी पार्टी है, जो गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, मुस्लिमों और अन्य अल्पसंख्यकों के हितों की सच्ची संरक्षक है। मायावती ने कहा कि बसपा की सरकारों ने कानून द्वारा कानून के राज की मिसाल पेश की थी और आज देश को फिर वैसी गुड गवर्नेंस की जरूरत है। वहीं बसपा सुप्रीमो ने कार्यकर्ताओं से 15 जनवरी को अपने जन्मदिन पर बसपा के आर्थिक सहयोग अभियान को जारी रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बसपा बहुजन समाज को लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला समाज बनाना चाहती है। इसके लिए तन, मन और धन से निरंतर सहयोग आवश्यक है। वहीं बैठक में आये पदाधिकारियों ने मायावती और कांशीराम के संदेशों को गांव-गांव तक पहुंचाने और अपने-अपने राज्य में पार्टी का जनाधार बढाने का आश्वासन दिया है। बतात चलें कि 9 अक्टूबर को हुई बसपा की महारैली के दौरान उमड़ी अपार भीड़ के बाद मायावती एक बार फिर बसपा में जान फूंकने की कोशिश में जुट गई है। पार्टी पदाधिकारियों से अलग-अलग मुलाकातों के बाद 16 अक्टूबर को यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश के अन्य राज्यों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। जिसमें पार्टी को मजबूत करने समेत तमाम दिशा निर्देश दे दिए हैं। इस बैठक में यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारी शामिल नहीं हुए थे।

# हिंदू विरोधी मानसिकता के लिए प्रदेश नहीं स्वीकारेगा अखिलेश को : भूपेंद्र चौधरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने दीपोत्सव पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि हिंदू विरोधी मानसिकता के लिए प्रदेश कभी भी उन्हें स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा है कि अखिलेश यादव की सनातन विरोधी मानसिकता एक बार फिर उजागर हो गई है। सपा प्रमुख हिंदू रीति-रिवाज और आस्था से खिलवाड़ करते हैं और अब तो वह उनके त्योहारों पर भी टीका टिप्पणी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। एक तरफ जहां सभी देशवासी दीपावली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी कर दीवाली का उत्सव मना रहे हैं, वहीं सपा प्रमुख इसको पैसों की बर्बादी बता रहें। भूपेंद्र ने कहा कि हिंदू धर्म और उसकी पवित्र आस्था के लिए भाजपा सरकार सदैव सजग और तत्पर है। जो आप दीये और मोमबत्तियों की खरीददारी को पैसे बर्बादी कह रहे हैं, आप उस समय यह बात क्यों नहीं सोचे जब आप अपनी ही सरकार में कब्रिस्तानों की बाउंड्री बनवाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे थे। ईद-मोहर्रम जैसे कार्यक्रमों में मंच साझा कर रहे थे। तब आपको पैसे की बर्बादी नहीं समझ में आई थी? आपका यह बयान साफ दर्शाता है कि आप सनातन धर्म और संस्कृति के कट्टर विरोधी हैं। बंद करें हिंदू आस्था का अपमान- केशव उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी अखिलेश के इस बयान पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से अनुरोध है कि तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदू आस्था का अपमान करना बंद करें। भारतीय संस्कृति में दीपदान सदियों पुरानी परंपरा है जो प्रकाश, सद्भाव और आस्था व श्रद्धा का प्रतीक है।







# दिवाली पर लोगों ने की जमकर खरीदारी

## देर रात लक्ष्मी-गणेश मूर्तियों की खरीदारी में लगे रहे लोग, झालरों और दीयों से सजे घर और गलियां

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दीपों के त्योहार दीपावली की पूर्व संध्या पर राजधानी पूरी तरह रोशनी, रौनक और मिठास से सराबोर नजर आई। शहर की गलियां, घर और बाजार रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक

- **मिठाइयों की बंपर बिक्री, कॉर्पोरेट गिफ्टिंग ने बढ़ाई डिमांड**

लाइटों और फूलों से सजकर जगमगा उठे। रविवार को सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों से लेकर खील बताशा, गट्टा, चूरा, लड़या, दीया-बाती झालरों, रंगोली, सजावटी सामान और कपड़ों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। चौक, अमीनाबाद, नजीराबाद, यहियागंज, आलमबाग, भूतनाथ और गोमतीनगर जैसे बाजार देर रात तक गुलजार रहे। लोग पूजा के लिए मूर्तियां, पूजा सामग्री और नए वस्त्र खरीदते नजर आए। इस बार लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों के दामों में 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखने को मिली। दुकानदार अमित मौर्य ने बताया कि मिट्टी की मूर्तियां कोलकाता से मंगाई जा रही है, जिससे लागत बढ़ने के कारण कीमतें भी ऊपर चली गई है। रंग, रोगन और गोटे वाली आकर्षक मूर्तियां इस बार ग्राहकों की पहली पसंद रहीं, जिनकी कीमत 150



रुपये से लेकर 1800 रुपये तक रही। घरों को सजाने के लिए झालरों की बिक्री जोरों पर रही, वहीं मोमबत्तियों और दीयों की दुकानों पर भी दिनभर भीड़ लगी रही। निशातगंज के दुकानदार के अनुसार लाल, हरे और सफेद रंग की मोमबत्तियां 60 रुपये पाव यानी 240 रुपये किलो तक बिकीं। दिवाली पर फूलों की मांग में भी इस बार जबरदस्त उछाल देखने को मिला। पूजा में इस्तेमाल होने वाले गेंदा और गुलाब के दामों में 40 से 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। 100 से 120 रुपये किलो बिकने वाला गेंदा अब 150 से 160 रुपये किलो तक पहुंच गया, जबकि गुलाब 400 रुपये किलो तक बिका। फूल मंडियों में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ रही और फूलों के गट्ठर हाथोंहाथ बिक गए। पूजा के साथ-साथ चांदी की लक्ष्मी-गणेश मूर्तियों की बिक्री ने भी बाजार को रौनक दी। गोमतीनगर स्थित व्यापारी अंकुर आनंद और %हजरतगंज के के राजन रस्तोगी के अनुसार बाजार में 3000 रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की चांदी की मूर्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें 10 से 20 हजार रुपये वाली मूर्तियों की मांग सबसे ज्यादा रही। मिठाइयों के बाजार में भी इस बार जबरदस्त हलचल रही। देसी घी और मेवे से बनी प्रीमियम मिठाइयों की रिकॉर्ड बिक्री हुई। ग्राहकों ने डोडा बर्फी, मगदल, पिस्ता रोल, मेवा बाइट, काजू कतली और मोतीचूर लहू को खूब पसंद किया। इस बार बाजार में 1 हजार रुपये का %उड़न खटोला% गिफ्ट हैपर भी चर्चा का केंद्र रहा, जिसमें कई तरह की प्रीमियम मिठाइयां से और ड्राई फ्रूट्स शामिल थे। सियाराम स्वीट्स के मालिक ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारी मिठाइयां 300 गायों वाली गौशाला के दूध बनती है, जिससे इनकी शुद्धता और स्वाद दोनों बरकरार रहते हैं। वहीं मिठाई दुकानदार सागर पांडे ने बताया कि वाकलावा, कोको एम लड्डू और ब्लूबेरी लड्डू जैसी आधुनिक फ्यूजन मिठाइयों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और ऑफिस उपहारों के चलते मिठाइयों और ड्राई फ्रूट हैपर की मांग कई गुना बढ़ गई है। दुकानदारों के मुताबिक, इस बार ग्राहक मिठाई की पैकिंग और क्वालिटी दोनों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। बड़ी कंपनियों और



संस्थानों ने अपने कर्मचारियों और क्लाइंट्स को देने के लिए बड़ी संख्या में गिफ्ट बॉक्स बुक कराए हैं, जिससे सप्लाई डिमांड के मुकाबले कम पड़ रही है। दिवाली पूजन के लिए नए कपड़ों, पूजा थालों, तोरण, दीयों और सजावटी सामग्री की भी जमकर खरीदारी हुई। शाम होते ही शहर के घरों, गलियों और बाजारों में मिट्टी के दीये जल उठे और दीपों की पंक्तियों ने लखनऊ को स्वर्णिम आभा में नहला दिया। महिलाओं ने घर के आंगन में रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई और देवी लक्ष्मी के स्वागत की तैयारी की।

### धार्मिक मुहूर्तों में पूजा और परंपरा का संगम

दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को महालक्ष्मी पूजा के साथ मनाया जाएगा। अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को प्रातः 03.44 बजे से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर को सांय 05.54 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्य एस. एस. नागपाल ने बताया कि इस दिन प्रातः स्नान के बाद भगवान विष्णु के दीपक प्रज्वलित करें, दोपहर में पितरों के लिए दान और तर्पण करें और शाम में गणेश, लक्ष्मी व कुबेर का पूजन करें। 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा होगी। प्रातः 06.10 से 08.26 और सांय 03.15 से 05.31 बजे तक पूजा का मुहूर्त श्रेष्ठ रहेगा। 23 अक्टूबर को भाईदूज और चित्रगुप्त पूजन के साथ पंच दिवसीय दीपोत्सव का समापन होगा। इस दिन बहनें भाईयों के माथे पर तिलक कर उनकी सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

# दीपोत्सव से विकास और आस्था को मिला नया आयाम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि दीपोत्सव में विकसित उत्तर प्रदेश की झलक नजर आई रही है, जो विकसित भारत का स्वरूप है। प्रदेश में हाल के वर्षों में पर्यटन ने शिखर छुआ है। प्रदेश आने वाले आगतुकों का उत्साह पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। बाहर से राज्य में आने वाले लोगों में सुरक्षा का भाव बढ़ा है। जयवीर सिंह ने कहा कि दीपोत्सव के रूप में अयोध्या और उसके आसपास विकास की गति को पंख लग गए हैं। हर वर्ष दीप प्रज्ज्वलन का न सिर्फ नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है बल्कि अयोध्या मॉडल के रूप में नया मानक भी स्थापित किया है। दीप पर्व में स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन के बीच आस्था एक नया अध्याय लिख रही है। इस अवसर पर शाम होते ही रामकथा पार्क से लेकर राम की पैड़ी, धर्मपथ, लता चौक और हनुमानगढ़ी तक दीपों की पंक्तियां झिलमिला उठीं साथ ही हर गली, हर घाट, हर भवन जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज रहा था। इसके अलावा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने इस भव्य दीपोत्सव को देखा जिससे फिर से विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया। कीर्तिमान रचने में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, इससे जुड़े महाविद्यालयों, इंटर कॉलेजों के शिक्षकों व छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं, साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, पर्यटन-संस्कृति, सूचना विभाग समेत सभी की महती भूमिका निभाई। दीप प्रज्ज्वलन का नियत समय शुरू होते ही श्री राम जय राम जय जय राम के जयघोष के साथ दीप जलाए गए। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा किया। इसी दौरान पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) अमृत अभिजात ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रमाण पत्र सौंपा। योगी आदित्यनाथ ने दोनों प्रमाण पत्र ऊपर उठाकर सभी का अभिवादन किया।









# सरकारी स्कूलों में 'स्मार्ट क्लास मिशन' तेज

## हर जिले से मांगी गई रिपोर्ट, अब हर हफ्ते होगी मॉनिटरिंग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल लाइब्रेरी के जरिए शिक्षा को तकनीकी रूप देने की दिशा में राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने बड़ा आदेश जारी किया है। इसमें सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों और खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब हर स्कूल में स्मार्ट क्लास का वास्तविक उपयोग सुनिश्चित किया जाए, और ÷सिर्फ इंस्टॉलेशन नहीं बल्कि प्रभावी कक्षा शिक्षण÷ दिखना चाहिए। यह आदेश समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग को लेकर जारी हुआ है।

**स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब स्थापना कार्य तेज़ी से जारी**

पत्र के अनुसार, समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना के अंतर्गत 7409 परिषदीय उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 4688 विद्यालयों में आईसीटी लैब और 570 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना यूपीएलसी (उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कॉर्पोरेशन) द्वारा की जा रही है। राज्य परियोजना निदेशक ने जिलों को निर्देश दिया है कि आपूर्तिकर्ता कंपनियों से तालमेल बैठाकर इन सभी स्थापनाओं का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए और उसकी जानकारी विभागीय डैशबोर्ड लिंक पर अपलोड की जाए।



**हर माह 100 प्रतिशत निरीक्षण की अनिवार्यता**

सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब से आच्छादित विद्यालयों का हर माह 100 प्रतिशत निरीक्षण हो। निरीक्षण के दौरान यह देखा जाएगा कि शिक्षक डिजिटल संसाधनों का किस हद तक उपयोग कर रहे हैं। निरीक्षण रिपोर्ट राज्य परियोजना कार्यालय को भेजना अनिवार्य किया गया है।

**प्रत्येक विद्यालय से रियल टीचिंग वीडियो मांगे जाएंगे**

निर्देश के अनुसार, अब शिक्षकों द्वारा स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से कराई जा रही रियल क्लासरूम टीचिंग के उत्कृष्ट वीडियो का संकलन किया जाएगा।

इन वीडियो को विभागीय व्हाट्सऐप ग्रुप्स में साझा किया जाएगा ताकि अन्य शिक्षक भी प्रेरित होकर इन तकनीकी साधनों का प्रयोग बढ़ा सकें। प्रत्येक जिले में बीएसए और खंड शिक्षा अधिकारी अब स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ पाक्षिक (हर 15 दिन) ऑनलाइन बैठक करेंगे। इस बैठक में तकनीकी समस्याओं, शिक्षण चुनौतियों और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर अनुभव साझा किए जाएंगे।

**कम प्रयोग वाले विद्यालयों की होगी विशेष समीक्षा**

राज्य परियोजना निदेशक ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक जिले में स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब का कम उपयोग करने वाले 10-10 विद्यालयों की अलग से समीक्षा की जाए। इन स्कूलों में डिजिटल उपकरणों के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। विद्यालयों में यदि स्मार्ट क्लास या आईसीटी उपकरणों में तकनीकी समस्या आती है तो उसके समाधान के लिए अब एक एस्केलेशन मैट्रिक्स (संपर्क सूची) भी जारी की गई है। इसमें सभी आपूर्तिकर्ताओं के कॉन्टैक्ट नंबर शामिल हैं, जिन्हें तत्काल विद्यालयों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

### डिजिटल शिक्षा की मॉनिटरिंग अब सीएम स्तर तक

सूत्रों के अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा अब राज्य परियोजना कार्यालय से सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक मॉनिटर की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकारी स्कूलों में 'स्मार्ट क्लास के नाम पर फाइलों में काम नहीं, जमीन पर बदलाव दिखना चाहिए।' शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह आदेश सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षण को व्यवहारिक रूप में लागू कराने की दिशा में अहम कदम है। अब तक कई जिलों में स्मार्ट क्लास की मशीनें तो लग गई थीं, लेकिन उनका उपयोग न के बराबर था। राज्य परियोजना निदेशक के इस सख्त निर्देश के बाद यह माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में डिजिटल क्लासरूम संस्कृति को गति मिलेगी।

# एक दीप शिक्षकों के न्याय और सम्मान के लिए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दीपावली के शुभ पर्व पर जहां आमजन अपने घरों में दीये जला रहे हैं, वहीं देशभर के प्राथमिक शिक्षक इस बार अपने मन के भीतर उठ रहे अंधकार को छिपा नहीं पा रहे। दीवाली के दिन स्कूलों में शिक्षकों की बांहों पर बंधी काली पट्टियाँ, उनके मौन लेकिन प्रखर विरोध की गवाही दे रही थीं। टीईटी अनिवार्यता के आदेश के खिलाफ यह विरोध अब भावनाओं के स्तर पर पहुँच चुका है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद से शिक्षक लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, मगर सरकार की चुप्पी इस पीड़ा को और गहरा कर रही है।

**– टीईटी अनिवार्यता पर शिक्षकों का उबला आक्रोश**

शिक्षकों का कहना है कि 'हमने सालों तक बच्चों के भविष्य को गढ़ा है, लेकिन अब हमारे अपने भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया गया है।' अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि 'टीईटी की अनिवार्यता का यह नया नियम उन शिक्षकों की आत्मा पर चोट है, जिन्होंने अपने जीवन का सबसे सुनहरा समय इस पेशे को समर्पित किया।' पांडे ने एनसीटीई से आग्रह किया है कि वह अपने रुख को स्पष्ट करे और केंद्र सरकार से कहा कि वह शिक्षकों की इस 'मानसिक यातना' को समाप्त करे।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 25 अक्टूबर तक केंद्र सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती, तो उसी दिन आगामी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी। 'हमारी आवाज अब रुकने वाली नहीं है,' पांडे ने कहा, 'यह शिक्षक सम्मान की लड़ाई है, और यह दीपावली तभी उजली होगी जब शिक्षकों के भविष्य पर छाए साए हटेंगे।'

### 'शिक्षक दीप हैं, उन्हें बुझने मत दो'

दिवाली के समय स्कूलों में पढ़ाते समय शिक्षकों की बाहों पर बंधी काली पट्टियाँ किसी राजनीतिक नारे का नहीं, बल्कि आहत आत्मसम्मान का प्रतीक थीं। जिन शिक्षकों ने पीढ़ियाँ गढ़ीं, आज वे खुद अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार से अब यही अपेक्षा है कि इस दीपावली पर केवल घरों में ही नहीं, बल्कि शिक्षकों के दिलों में भी न्याय और सम्मान का दीप प्रज्वलित हो।

# शिक्षकों को कोरोना के समय का डीए देने की मांग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने दीपावली के अवसर पर शिक्षक कर्मचारियों के लिए एक बड़ी मांग उठाई है। उन्होंने कहा है कि सरकार कोरोना काल के दौरान रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते (डीए) को तुरंत बहाल करने की घोषणा करे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में शिक्षक कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की सेवा की। कठिन परिस्थितियों में भी ऑनलाइन और वैकल्पिक माध्यमों से शिक्षा व्यवस्था को जारी रखा, जबकि उस समय भय और असुरक्षा का माहौल था। इसलिए अब सरकार का दायित्व बनता है कि वह उनकी सेवा भावना और समर्पण का सम्मान करते हुए रोका गया डीए ब्याज सहित बहाल करे। पांडे ने कहा कि दीपावली महापर्व पर यदि सरकार यह घोषणा करती है, तो यह केवल आर्थिक राहत नहीं बल्कि शिक्षकों के सम्मान और विश्वास को पुनर्जीवित करने वाला कदम होगा। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेकर शिक्षक कर्मचारियों को उनका हक लौटाया जाए।

# अमर शहीद हेमू कालाणी चौराहा नामकरण की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम के पीठाधीश्वर परम पूज्य साई चांडू राम जी साहिब के ब्रह्मलीन होने से सिंधी समाज में गहरा शोक व्याप्त है। इसी कारण सिंधु सभा की एक बैठक आज अध्यक्ष अशोक मोतियानी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि इस बार दीपावली सादगीपूर्ण तरीके से मनाई जाएगी। बैठक में महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष श्याम किशनानी, चेटी चंड मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, संरक्षक अशोक चंदवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, मन्नू तेजवानी और पुनीत लालचंदानी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से समाज से अपील की कि दीपावली को सादगी और श्रद्धा के साथ मनाया जाए। इसी क्रम में आज सुबह सिंधु सभा व चेटी चंड मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि नाका हिंडोला चौराहे का नाम अमर शहीद हेमू कालाणी चौराहा किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि चौराहे का सौंदर्यीकरण क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता की निधि एवं सहयोग से तेजी से चल रहा है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। मुलाकात के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों में अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, संजय जसवानी, रतन मेघानी, श्याम किशनानी, पुनीत लालचंदानी, मन्नू तेजवानी और घनश्याम सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# छात्रों की ऑनलाइन अटेंडेंस पर बवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा ने इस व्यवस्था को मुख्य सचिव के पूर्व आदेशों के विपरीत बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इस संबंध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को एक पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

वर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 16 जुलाई 2024 को लखनऊ में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में शिक्षकों के प्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। उस बैठक में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा और तत्कालीन महानिदेशक स्कूल शिक्षा मौजूद थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि शिक्षकों की समस्याओं और सुझावों पर विचार के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की जाएगी और समिति की रिपोर्ट आने तक किसी भी प्रकार की डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था स्थगित रखी जाएगी। महामंत्री वर्मा ने कहा कि उक्त बैठक का कार्यवृत्त न केवल जारी हुआ था बल्कि मीडिया के माध्यम से भी इसकी पुष्टि की गई थी। इसके बावजूद कुछ जिलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन के आदेश जारी किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर अनुपालन न होने पर शिक्षकों को नोटिस दिए जाने और कार्यवाही की चेतावनी तक दी जा रही है, जो उनके अनुसार मुख्य सचिव के आदेशों की खुली अवहेलना है। वर्मा ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जब तक विशेषज्ञ समिति का निर्णय नहीं आता, तब तक मुख्य सचिव के निर्देशों के अनुरूप यथास्थिति बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने शासन से अनुरोध किया है कि शिक्षकों पर हो रहे अनावश्यक दबाव और भ्रम की स्थिति को समाप्त करने के लिए तत्काल प्रभाव से स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं।

इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भी भेजी गई है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि शासन को इस पर शीघ्र संज्ञान लेकर एक समान और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करनी चाहिए ताकि प्रदेशभर में शिक्षकों के बीच उत्पन्न असमंजस की स्थिति समाप्त हो सके।

# सत्य, अहिंसा और एकता का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** एक कदम गांधी जी के साथ गांधी पद यात्रा वाराणसी से चलकर दिल्ली की ओर अग्रसर है। लगभग 330 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यह यात्रा आज शाम सरोजनी नगर के कल्ली पश्चिम पहुँची। गांधी जी के सत्य, अहिंसा और हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई के संदेश के साथ चल रही इस यात्रा में युवाओं से लेकर 80 वर्ष तक के पुरुष व महिलाएँ संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। कल्ली पश्चिम पहुँचने पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रूद्र दमन सिंह, बबलू भैया तथा जिला सचिव पास्टर फिरोज मसीह राजन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने यात्रियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सावित्री शुक्ला, रवि रेमण्ड चरन, अनिल रावत, सुनील सैमुअल, सुनील रावत, बदलू नेता जी, अभिषेक लूका, आदित्य, बाबूलाल और मार्था का विशेष योगदान रहा। रास्ते भर अनेक सामाजिक संगठनों ने भी यात्रियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।



# नेशनल कम्पटीशन में सीएमएस छात्र गोल्ड टॉपर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-2 के छात्र विहान श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड टॉपर का खिताब अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 2500 विद्यालयों से 75000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें अलीगंज द्वितीय कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं हैण्डराइटिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड टॉपर होने का गौरव अर्जित किया है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस मेधावी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जरूरतमंद परिवारों को दिवाली किट वितरित की



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सनातन गोरखा कल्याण समिति उत्तर प्रदेश (सगकस) ने दीपावली की पूर्व संध्या पर जरूरतमंद परिवारों को 51 दिवाली किट वितरित कीं। कार्यक्रम विधानसभा सरोजनी नगर के वार्ड खारिका-द्वितीय, सेक्टर-5 वृंदावन कॉलोनी स्थित सुदामा ट्रेडर्स के पास आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाहन त्योहार पर किसी एक गरीब की सहायता करें से प्रेरित होकर समिति ने झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे असहाय परिवारों तक दीपावली की खुशियाँ पहुँचाई। किट में पूजन सामग्री, पटाखे और अन्य आवश्यक वस्तुएँ शामिल थीं। प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि दीपावली का पर्व रोशनी और खुशियाँ बाँटने का संदेश देता है, हमारा दायित्व है कि हम जरूरतमंदों तक यह खुशी पहुँचाएँ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुशीला क्षेत्री, महासचिव शानू मल्ल कौशल, प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी विमल सिंह राणा,जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष मोनिका मिश्रा, महासचिव सुमन जायसवाल, कोषाध्यक्ष चांदनी कपूर, विधानसभा अध्यक्ष बी.एम. पाण्डेय और वार्ड अध्यक्ष नारायणी श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को मिठाई व फल, महिलाओं को वस्त्र वितरित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** शुभ दीपोत्सव के अवसर पर सेंट वारिस एजुकेशनल सोसाइटी ने सेंट वारिस पब्लिक स्कूल के सहयोग से बाबूखेड़ा (बंगाली), रायबरेली रोड स्थित निर्धन मलिन बस्ती में 200 बच्चों को मिष्ठान और फल वितरित किए। साथ ही महिलाओं को वस्त्र भी प्रदान किए गए। संस्था के महामंत्री अनिल ने बताया कि संस्था अपने ध्येय वाक्य +निर्धन सेवा, नारायण सेवा को साकार करने हेतु समय-समय पर ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सहायता ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में संस्था कें पदाधिकारियों के साथ स्कूल की अध्यापिकाएँ रिया, बबिता, ज्योतिमा, स्वाति, ऑफरीन, रिचा, अम्बे, साक्षी और दीपक कुमार उपस्थित रहे। महामंत्री अनिल ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# मिलावटखोरों पर अभी और कसेगा शिकंजा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिलावटखोरों के खिलाफ अभी और शिकंजा सकेगा। दीपावली विशेष जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की प्रवर्तन टीमों ने छापेमारी कर मिलावटी व दूषित खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जिला स्तर पर प्रवर्तन दलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत नियमित रूप से बाजारों की निगरानी की जा रही है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए अभियान में 6075 निरीक्षण और 2740 छापेमारी की गई। इस दौरान 3767 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए और विभागीय टीमों ने 3548 क्विंटल मिलावटी या संदिग्ध सामग्री जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत ?4.97 करोड़ आंकी गई है। वहीं, 1871 कुंतल नुकसानदेह सामग्री को नष्ट कराया गया, जिसका मूल्य लगभग ?2.89 करोड़ रुपये है। आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उनके आदेश पर जारी विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिवाली और अन्य पर्वों पर बाजारों में बिकने वाले मिठाई, दूध, तेल, घी, मसाले, सूखे मेवे आदि पूरी तरह शुद्ध व सुरक्षित हों।

# डिप्टी सीएम केशव, ब्रजेश का अयोध्या ना जाना चर्चा का विषय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अयोध्या में रविवार को आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक नहीं दिखाई दिए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का दौरा भी निरस्त हो गया। इसको लेकर चर्चा का विषय बन गया। चर्चा है कि दोनों डिप्टी सीएम ने इस कार्यक्रम से इस बार दूरी बना ली है। वहीं इस बार राज्यपाल आनंदीबेन भी नजर नहीं आईं। राज्यपाल और दोनों उप मुख्यमंत्रियों का अयोध्या जाने का कार्यक्रम पहले जारी किया गया था, लेकिन अचानक निरस्त कर दिया गया, जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निजी सचिव द्वारा रविवार को अयोध्या के डीएम व एसएसपी को पत्र भेजकर कहा कि वहां जाने का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणोंवश निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा भी अचानक अयोध्या जाने का कार्यक्रम निरस्त किया गया। इसके पहले दीपोत्सव के कार्यक्रमों में दोनों उप मुख्यमंत्री जाते रहे हैं। इसीलिए रविवार को उनके न जाने पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हुईं।

**अखिलेश ने किया कटाक्ष**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इसके बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कटाक्ष करते हुए लिखा कि जनता पूछ रही है कि उप्र भाजपा सरकार में 'उप मुख्यमंत्री' के दोनों पद समाप्त कर दिए गए हैं क्या? वहीं अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अयोध्या के पीडीए सांसद को दीपोत्सव में न बुलाकर जो कृत्य किया है, उससे संपूर्ण पीडीए समाज बेहद आहत हुआ है।

**रोशनी से प्रज्ज्वलित हुए अयोध्या के घाट, बना विश्व रिकॉर्ड**

यूपी की आध्यात्मिक नगरी अयोध्या में रविवार को दो विश्व कीर्तिमान बनाए गए।

# ओपीडी में नहीं मिले डॉक्टर तो तोड़ दिया कंप्यूटर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ठाकुरगंज के टीबी संयुक्त अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर न मिलने पर नाराज मरीज ने कर्मचारियों से बदसलूकी की और मेज पर रखा कंप्यूटर मॉनीटर तोड़ दिया। हंगामा करने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। अस्पताल सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने ठाकुरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि बुधवार को सुरेंद्र नाम का व्यक्ति ओपीडी कमरा नंबर चार में अपना पर्चा लगाकर लाइन से हटकर इधर उधर चला गया। कर्मचारियों ने पर्चे के नाम के हिसाब से आवाज दी, लेकिन वह मौके पर नहीं मिला। कोई मरीज लाइन में न होने और ओपीडी का समय पूरा हो गया तो चेस्ट फिजिशियन डॉ. ईश्वर कुमार रामचंदानी चले गए।

# बिजली विभाग के चार इंजीनियर सस्पेंड; एक्सईएन, एसडीओ समेत ११७ अफसरों पर कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के 117 अभियंताओं पर कार्रवाई हुई है। एमडी शंभु कुमार के निर्देश पर 4 अभियंताओं को सस्पेंड किया गया, 16 अभियंताओं को चार्जशीट दी गई, जबकि 97 अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्रवाई की जद में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता तक आये हैं। पूर्वांचल-डिस्कॉम की रिपोर्ट के अुनसार सस्पेंड होने वालों में चार जेई शामिल है। इसके अलवा 62 अवर अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 78 अवर अभियंताओं को आरोप पत्र दिया गया। इसी तरह सात एसडीओ को कारण बताओ नोटिस और एक एसडीओ को चार्जशीट दी गई। वहीं, 22 अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस और तीन अधिशासी अभियंताओं को आरोप पत्र जारी किया गया। उधर, छह अधीक्षण अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सबसे अधिक कार्रवाई वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर हुई है। विभागीय कार्रवाई में लापरवाही की शिकायत मिलने पर अधिकारी दंडित किये गए हैं।

**भैय्या दूज तक बिजलीकर्मी नहीं करेंगे आंदोलन**

वहीं दूसरी ओर मेरठ निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत कर्मचारियों ने शनिवार को निर्णय लिया कि आज से ही भैय्या दूज तक कोई आंदोलन नहीं करेंगे। दीपावली पर रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति करने में जुटेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के चेयरमैन से मांग की है कि दीपावली से पहले बिजली कर्मचारियों पर निजीकरण के नाम पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को वापस लिया जाए।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

# शहर में चोरों का आतंक, पुलिस बेबस

## त्योहार पर बंद घरों को बनाया निशाना, लाखों की चोरी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस जहां एक ओर त्यौहारों को शांतिपूर्वक और कानून व्यवस्था बनाये रखने में चौकन्नी तो दिखती है लेकिन फुटपेट्रोलिंग को भूल चुकी है और सीसीटीवी कैमरों के सहारे रहती है कहीं इसी का फायदा चोर तो नहीं उठा रहे। मड़ियांव थाना क्षेत्र में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने शनिवार को नकदी और जेवर समेत करीब 15 लाख रुपए का माल पार कर दिया। घटना के वक्त परिवार गांव गया था। वहां से लौटने पर घर में चोरी की जानकारी हुई। चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर बिजनौर थाना क्षेत्र में एक बैंक कर्मी के बंद मकान में लाखों के जवरात समेत नकदी चोरी यही नहीं चोरों ने डीवीआर तक उठा ले गये। पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक आईआईएम रोड स्थित एसडी पैलेस साई सिटी निवासी हर्षित ने बताया कि 17 अक्टूबर को पिता की तबीयत खराब होने पर परिवार के साथ गांव निकल गए थे। इस दौरान घर पर ताला लगा था। गांव से 18 अक्टूबर को लौटे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सभी कमरों और आलमारियों के ताले टूटे पड़े थे। मौके पर ताला तोड़ने में इस्तेमाल लोहे की रॉड भी मिली है। हर्षित के मुताबिक चोर घर से 1.75 लाख रुपए नकद और महिलाओं के सोने-चांदी के जेवर समेत करीब 15 लाख रुपए का सामान ले गए। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित ने फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और चोरों की पहचान के टीम लगाई गई है।

### बैंक कर्मी के घर को खंगाला

लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक बैंक कर्मी के बंद मकान से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और डीवीआर चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है। पुलिस के मुताबिक विकास विश्वकर्मा निवासी एल्डिको शौर्य कॉलोनी में स्थित है। वह बैंक ऑफ इंडिया, कायमगंज, फर्रुखाबाद में कार्यरत हैं और वहीं अपने परिवार के साथ वहीं किराए पर रहते हैं। उन्होंने अपने घर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे, जिनकी निगरानी वे मोबाइल से करते थे। पीड़ित ने बैंककर्मी ने तहरीर में बताया कि 16 अक्टूबर को घर के कैमरे चालू थे, लेकिन 17 अक्टूबर की शाम को वे बंद मिले आशंका होने पर वह 18 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचे और उन्होंने देखा कि दरवाजे का कुंडा और खिड़की टूटी हुई थी। अंदर अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों के साथ डीवीआर भी गायब था। उन्होंने आानन -फानन में बिजनौर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का सुराग लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसटीएफ ने 2 तस्करों को किया गिरफ्तार

## 295 जिंदा व 355 मृत तोते मिले, मुरादाबाद से गोरखपुर ले जा रहे थे





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी यूपीएसटीएफ और वनविभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार की देर रात कार्रवाई करते हुए सीतापुर रोड स्थित आउटर रिंग रोड (किसान पथ) बख्शी का तालाब क्षेत्र से पकड़ा है।

तस्करों के कब्जे से प्रतिबंधित प्रजाति 650 तोते मुरादाबाद किये जिन्हे मुरादाबाद से गोरखपुर ले जा रहे थे। टीम को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि एक गिरोह संरक्षित वन्यजीवों की अवैध तस्करी कर रहा है। पुलिस अधीक्षक एसटीएफ सत्यसेन यादव ने बताया कि सूचना मिली कि मुरादाबाद से कार (यूपी 16 बीके 4949) में बड़ी मात्रा में तोतों की तस्करी की जा रही है।

संयुक्त टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ आउटर रिंग रोड पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की रोककर तलाशी लेने के दौरान 7 पिंजरे और 4 प्लास्टिक के झोलों में 650 तोते बरामद हुए। जिसमें 295 जिंदा और 355 मृत मिले। ये तोते रोस रिंग पाराकिट और प्लम हैडेड पाराकिट प्रजाति के थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान असमोली संभल निवासी जितेंद्र सिंह और कटघर मुरादाबाद निवासी संजीव के रूप में हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ये प्रतिबंधित तोते मुरादाबाद निवासी राजकुमार ने भेजे थे जिन्हें गोरखपुर निवासी रईस के पास पहुंचाना था।

## खबर एक नजर

### पटाखा गोदाम में धमाका, एक घायल, चार दुकानें धराशायी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एटा जिले के बागवाला चौराहे के पास पटाखा गोदाम में रविवार को तेज धमाका हो गया। धमाके से चार दुकानें धराशायी हो गईं। जिसमें व्यक्ति घायल हो गया तो वहीं चार लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई गई है। मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। दमकल की टीमें लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। बागवाला चौराहे से आसपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पटाखा गोदाम बना हुआ था। इसमें रविवार को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके से गोदाम की चार दुकानें धराशायी हो गईं। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। गोदाम कंसुरी निवासी रहीस खान का था। इस गोदाम में पूर्व में ऐसा ही हादसा हो चुका था, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई थी।

### डंडे से पीट-पीटकर भाई की हत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के गोंडा जिले में शनिवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा नशे में धुत छोटे भाई ने डंडे से पीट-पीटकर बड़े भाई की हत्या कर दी। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी भाई की तलाश कर रही मौके से हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। फोरेंसिक टीम ने लिए नमूने हत्या के बाद मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम के विशेषज्ञों ने तख्त, कंबल और हत्या में प्रयुक्त डंडे से खून के नमूने लिए हैं। मौके पर फोटोग्राफी भी की गई है। ताकि, तफ्तीश में मदद मिल सके। हत्या में प्रयुक्त डंडा वहीं पास में पड़ा मिला है। पुलिस के मुताबिक भोगचंद गांव निवासी अलगू चौहान (30) की हत्या छोटे भाई जगन की है। बताया गया कि जगन ने शराब के नशे में डंडे से पीट-पीटकर बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया। मां ने आरोपी जगन के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मां अंदेशा देवी ने बताया कि बड़ा बेटा अलगू चौहान (30) और छोटा बेटा जगन चौहान मजदूरी करके घर का खर्च चलाते थे। शनिवार की देर शाम मजदूरी करने के बाद दोनों शराब के नशे में घर पहुंचे। कुछ देर बाद जगन कहीं चला गया। इसी बीच अलगू शराब के नशे में मां से झगड़ा करने लगा। उसने डंडे से वार भी कर दिया। इससे वह चोटिल हो गई और पास के कटरा कुटीधाम मंदिर चली गईं। कुछ देर बाद खाना खाने के बाद अलगू तख्त पर लेट गया। इसके बाद जगन घर पहुंचा तो उसे मां से मारपीट की जानकारी हुई। इससे गुस्साए जगन ने अलगू पर डंडा बरसाना शुरू कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया और कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी जगन मौके से भाग निकला। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अंदेशा देवी ने आरोपी जगन के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# लखनऊ चारबाग स्टेशन पर हंगामा

## दून एक्सप्रेस : महिलाओं व टीटीई से हाथापाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरूवार रात चारबाग रेलवे स्टेशन पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब यहां हावड़ा से हरिद्वार जा रही ट्रेन संख्या 13009 दून एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-3 चेकिंग के दौरान कुछ महिलाओं ने टीटीई दिवाकर मिश्रा के साथ हाथापाई कर दी. यही नहीं टीटीई के ऊपर गर्म चाय तक फेंक दी. महिलाएं जनरल कोच के टिकट पर आरक्षित कोच में सफर कर रहीं थीं, जिस पर बहस बढ़ी. फ़िलहाल जीआरपी ने मामला दर्ज कर महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है। टीटीई ने अपनी गले में पड़ी सोने की चेन लूटने का भी आरोप लगाया है और महिलाओं ने उनकी शर्ट भी फाड़ दी है. इस दौरान प्लेटफ़ॉर्म और कोच में काफी देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

**क्या है पूरा मामला ?**

जानकारी के मुताबिक दून एक्सप्रेस रात करीब 9 बजे चारबाग़ रेलवे स्टेशन पहुंची. स्लीपर कोच एस-3 में कुछ यात्रियों ने कुछ महिलाओं पर जबरन सीट घेरने का आरोप लगाया. ट्रेन में चेकिंग कर रहे टीटीई दिवाकर मिश्रा पहुंचे उन्होंने महिलाओं से सीट खाली करने को कहा, जिसके बाद महिलाओं ने दिवाकर मिश्रा के अभद्रता शुरू कर दी. बात मारपीट तक पहुंच गयी, महिलाओं ने दिवाकर मिश्रा क शर्ट फाड़ दी और उन पर गर्म चाय फेंकी. और उनके सोने की चेन गायब हो गयी। इस दौरान पूरे कोच में अफरा-तफरी मच गयी. बाकी यात्रियों और स्टाफ ने पहुंचकर महिलाओं को कोच से बाहर निकाला।

**जीआरपी ने शुरू की जांच**

टीटीई दिवाकर मिश्रा की शिकायत पर चारबाग थाना पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.उधर रेलवे प्रशासन नेभी इस मामले में सख्त कार्रवाई की बात कही है। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि टीटीई दिवाकर मिश्रा के साथ मारपीट की गयी है. महिलाएं बिना अधिकृत टिकट के कोच में सवार थीं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। यहां बता दें कि इस समय त्योहारी सीजन में जयादातर ट्रेनें फुल हैं और यात्रियों की बढ़ती संख्या ने रेलवे इंतजामों की पोल खोलना भी शुरू कर दिया है। ज्यादातर यात्री सामान्य टिकट लेकर आरक्षित कोचों में घुस जाते हैं, जिस कारण रिजर्वेशन वाले यात्रियों के साथ ही स्टाफ की चुनौती बढ़ जा रही है।

# एटीएस व ईवीएम गोदाम की जमीन पर कब्जा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र स्थित आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) व ईवीएम गोदाम की जमीन पर कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद जैद खालिद समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एफआईआर के मुताबिक, लेखपाल सुधीर ने बताया कि रसूलपुर-काशीपुर, उपरहार गांव में सार्वजनिक रास्ते और नाले की जमीन पर मोहम्मद जैद खालिद समेत अन्य ने कब्जा कर लिया। आरोप है कि एटीएस की जमीन पर रास्ता बनाकर प्लॉटिंग साइट से जोड़ दिया। इसके अलावा ईवीएम की जमीन को भी जैद ने अपने भाई जसीम अहमद, राहिल सिद्दीकी, महमूद अख्तर, अबू जैद, दिलशाद और धीरेंद्र प्रताप सिंह अन्य सहयोगियों की मदद से उस पर प्लॉटिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक जैद ने रसूलपुर-काशीपुर गांव में करीब 0.38 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी, लेकिन उसने 0.48 हेक्टेयर जमीन बेच दी है। लगभग 0.10 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन बेचकर लोगों से पैसा कमाया है। पता चला कि उक्त लोगों ने अन्य के साथ संग मिलकर जमीन खरीदी और उसको छोटे-छोटे टुकड़ों में प्लॉटिंग कर बेच दिया। आरोप है कि जैद ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) से भी कोई आदेश नहीं लिया। इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पूरामुफ्ती थाने में लेखपाल ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी और अवैध कब्जा का मुकदमा दर्द कराया है। थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

■ **प्रॉपर्टी डीलर समेत सात पर मुकदमा**

**एटीएस के लिए जमीन का आवंटन किया गया था**

पुलिस मुताबिक, रसूलपुर-काशीपुर, उपरहार गांव में एटीएस के लिए जमीन का आवंटन किया गया है। आरोप है कि एटीएस की इसी जमीन पर रास्ता बनाकर आरोपियों ने प्लॉटिंग साइट से जोड़ दिया। लेखपाल की जांच में मामले का खुलासा हुआ। बता देंकि माफिया अतीक का जैद करीबी माना जा रहा हैं लेकिन वर्ष 2019 में जैद ने अतीक के खिलाफ अगवा कर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

# मृतका के पिता का छलका दर्द

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कानपुर में जान देने वाली स्टेनो के पिता का दर्द मेरी बेटी नेहा को ऑफिस में लगातार परेशान किया जा रहा था। पेशकार और चपरासी उसे प्रताड़ित कर रहे थे। उसके साथ जातिगत भेदभाव भी हुआ। जज साहब से मिलकर मैंने शिकायत भी की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। कानपुर कोर्ट की छठी मंजिल से कूदकर जान देने वाली स्टेनो नेहा के पिता का। उन्होंने कहा कि बेटी ने कई बार मदद मांगने की कोशिश की, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। परिवार का दुख है कि इतनी छोटी उम्र में और नौकरी के चंद महीनों के बाद नेहा ने अपने जीवन का अंत कर लिया। नेहा की मौत पिता गोविंद प्रसाद संखवार से बात की। ऐसा क्या हुआ कि अचानक नौकरी लगने के कुछ ही महीने बाद बेटी ने सुसाइड कर लिया? ऑफिस में उसे किस तरह परेशान किया जा रहा था? क्या उसे दलित होने की वजह से भेदभाव का सामना करना पड़ रहा था? घाटमपुर के कोटरा मकरंदपुर में रहने वाली नेहा संखवार (30) कानपुर के सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में स्टेनो थीं। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि स्टेनो के आत्महत्या का मामला कोर्ट से जुड़ा है इस वजह से कोर्ट के पेशकार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है अगर स्टेनो के पिता की तरफ से कोई आरोप लगाए गए हैं, तो उनकी शिकायत और तथ्यों को भी एफआईआर में शामिल किया जाएगा। वादी पर आरोप सही पाये जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

■ **बेटी को पेशकार व चपरासी कर रहे थे परेशान जज साहब से शिकायत का नहीं मिला कोई फायदा**

# जगुआर चालक ने 8 को रौंदा, 1 की मौत



स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। प्रयागराज में दिवाली मार्केट में एक तेज रफ्तार जगुआर कार घुस गई। कार ने पहले 2 चार पहिया और 5 दो पहिया गाड़ियों में टक्कर मारी।

■ **7 गाड़ियों को टक्कर मारी, कार का नंबर-0070; लोग बोले-नशे में था**

इसके बाद 8 लोगों को रौंद दिया। इससे एक इसेक्ट्रीशियन की मौत हो गई। 4 लोगों की हालत गंभीर है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जिस जगुआर से यह हादसा हुआ, वह प्रयागराज के बड़े मिठाई कारोबारी कामधेनु स्वीट्स के परिवार की बताई जा रही है। इसी परिवार का एक युवक कार चला रहा था। वह भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, क्योंकि कार का एयर बैग नहीं खुला। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने युवक को भी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर इलाके में हुआ।

जगुआर कार चला रहा युवक पूरी तरह से नशे में धुत था। हादसे के बाद वह बुरी तरहसे डर गया और कार के गेट अंदर से लॉक कर लिए। बाहर मौजूद लोग उससे गेट खोलने के लिए कहते रहे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। जब पुलिस आई, तब युवक को बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे अस्पताल भेजा गया। जगुआर कार की कीमत 70 लाख से डेढ़ करोड़ के बीच है।दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार में काफी भीड़ थी। इसी दौरान तेज रफ्तार आ रही जगुआर कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया। पहले उसने आगे जा रही 7 गाड़ियों को को टक्कर मारी। इसके बाद लोगों को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त गाड़ी रचित मध्यान चला रहा था। वह लूकरगंज का रहने वाला है और कामधेनु स्वीट्स के परिवार का सदस्य है। वह नशे में धुत था और अकेले ही गाड़ी चला रहा था। कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। हालांकि, कार केएसएन फूड एलएलपी के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरटीओ के दस्तावेजों में इसका पता 122 लूकरगंज दर्ज है।

नाराज लोगों ने ईंट-पत्थरों से तोड़ी कार हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। लोग जगुआर कार पर चढ़ गए और ईंट-पत्थरों से बुरी तरह तोड़ डाला। इसके साथ ही गुस्साए लोगों ने राजरूपपुर चौराहे पर रोड जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की। इस हादसे में मरने वाला प्रदीप पटेल इलेक्ट्रीशियन था। उसके 4 बच्चे हैं। उसके परिजनों ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बड़ी मुश्किल से लोगों को शांत कराया। इसके बाद यातायात बहाल किया।

# पुलिस स्मृति दिवस कल, सीएम देंगे श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ अधिकारीगण और शहीदों के परिवारजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पांजलि दी जाएगी और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। 21 अक्टूबर 1959 में जब लद्दाख में गूंजा शौर्य गीत। पुलिस स्मृति दिवस की कहानी 66 वर्ष पुरानी है। 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख की बर्फीली सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान गश्त पर थे। चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक भारतीय क्षेत्र में घुसकर अचानक हमला कर दिया। हथियारों की असमानता के बावजूद भारतीय जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में अदम्य साहस दिखाया और अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्हीं के बलिदान की याद में हर साल 21 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है ताकि देश उनकी शौर्य गाथा को कभी न भूले। 66 वर्ष पुरानी है शौर्य गाथा राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा। राजधानी लखनऊ की पुलिस लाइन में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और उनके परिवारजनों को सम्मानित करेंगे। यह दिवस उन शूरवीरों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

■ **3 पुलिसकर्मियों ने 2024-25 में दिया था बलिदान**







इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश पुलिस अपने तीन वीर सपूतों निरीक्षक सुनील कुमार (एसटीएफ), मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और आरक्षी सौरभ कुमार (गौतमबुद्धनगर) को नमन करेगी, जिन्होंने कर्तव्यपालन के दौरान अपना बलिदान दिया। 20 जनवरी 2025 की रात, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के निरीक्षक सुनील कुमार अपनी टीम के साथ एक लाख के इनामी अपराधी अरशद की तलाश में शामली पहुंचे थे। बिडौली-चैसाना चौराहे के पास बदमाशों की गाड़ी को घेरने की कोशिश में उन्होंने खुद मोर्चा संभाला। तभी अरशद और उसके साथियों ने एसटीएफ टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।गोलियां लगने के बावजूद सुनील कुमार ने अपनी टीम का नेतृत्व जारी रखा और आत्मरक्षा में चलाई गई गोलीबारी में चार बदमाश ढेर हो गए। गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार को करनाल और फिर मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम ले जाया गया, जहां 22 जनवरी को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका बलिदान एसटीएफ के इतिहास में अविस्मरणीय शौर्यगाथा के रूप में दर्ज हो गया।

### दुर्गेश कुमार सिंह गो-तस्करों की मुठभेड़ में हुए शहीद

17 मई 2025 की रात, जौनपुर जिले के चंदवक थाने में तैनात मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह गो-तस्करों के खिलाफ अभियान में शामिल थे। खुज्झी मोड़ पर जांच के दौरान पुलिस टीम ने एक पिकअप को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने वाहन को सीधे दुर्गेश कुमार पर चढ़ा दिया। गंभीर घायल दुर्गेश को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की। जवाबी फायरिंग में तीन बदमाश घायल हुए और एक की मौत हो गई। दुर्गेश का बलिदान उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में निष्ठा और साहस का प्रतीक बन गया।

### सौरभ कुमार:भीड़ की गोली और पथराव में शहीद

25 मई 2025, गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 की टीम वांछित अपराधी कादिर की गिरफ्तारी के लिए गाजियाबाद के नहाल गांव पहुंची। जब पुलिस ने कादिर को पकड़ा, तो उसने भीड़ को उकसाया पुलिस वालों को मारो! देखते ही देखते सैकड़ों लोग जुट गए और पुलिस पर फायरिंग व पथराव करने लगे। इसी दौरान एक गोली आरक्षी सौरभ कुमार के सिर में लगी और वे मौके पर गिर पड़े। साथी जवानों ने उन्हें यशोदा अस्पताल, नेहरू नगर पहुंचाया, पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उनकी शहादत ने एक बार फिर साबित किया कि पुलिसकर्मी कर्तव्य के लिए जान की बाजी लगाने से पीछे नहीं हटते।

### 186 शहीदों को राष्ट्र का सलाम

1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच पूरे भारत में 186 पुलिसकर्मी कर्तव्यपथ पर शहीद हुए। इनमें उत्तर प्रदेश के ये तीन वीर सपूत भी शामिल हैं। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों का बलिदान उनकी सच्ची समर्पण भावना और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्यपरायणता, साहस और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहे।

# शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी की तैयारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड 'दर्पण' में अब एक नया बदलाव किए जाने की चर्चा ने शिक्षकों के बीच हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सूचनाओं के अनुसार अब इस डैशबोर्ड पर बेसिक शिक्षकों की उपस्थिति जोड़े जाने की तैयारी की जा रही है। अब तक इस पोर्टल पर मध्यान्ह भोजन योजना के तहत छात्रों की संख्या और विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति जैसी जानकारियों को प्रदर्शित करने की योजना थी, लेकिन अब इन प्रस्तावों को रद्द करते हुए शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी को शामिल किए जाने की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार विभाग इस बदलाव को पारदर्शिता बढ़ाने और जिम्मेदारी तय करने के उद्देश्य से लागू करना चाहता है। यदि यह व्यवस्था लागू होती है, तो प्रत्येक शिक्षक की उपस्थिति सीधे मुख्यमंत्री डैशबोर्ड 'दर्पण' पोर्टल पर प्रदर्शित की जा सकेगी। हालाँकि इस संभावित व्यवस्था को लेकर शिक्षकों में असंतोष और आशंका दोनों देखी जा रही हैं। कई शिक्षकों का कहना है कि पहले से ही विद्यालय स्तर पर डेटा अपलोड, रिपोर्टिंग और विभिन्न मोबाइल ऐप्स के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की जिम्मेदारियाँ हैं। अब यदि डिजिटल उपस्थिति को अनिवार्य किया गया तो यह शिक्षण कार्य को प्रभावित कर सकता है और शिक्षकों का अधिकांश समय तकनीकी प्रक्रियाओं में ही व्यतीत होगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार 'दर्पण' डैशबोर्ड के माध्यम से सरकार स्कूलों के वास्तविक संचालन की निगरानी को और प्रभावी बनाना चाहती है। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के आधार पर शिक्षण गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की भी योजना बताई जा रही है। हालाँकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन वायरल सूचनाओं से संकेत मिल रहे हैं कि शिक्षा विभाग डिजिटल उपस्थिति प्रणाली को लेकर निर्णायक कदम उठाने की तैयारी में है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## शुभ दीपावली

हमारा परंपरागत पर्व दीपावली इस बार अनोखी चमक के साथ आया है। देश ने इसके मूल तत्व बुराई पर अच्छाई की विजय को सार्थक करते हुए नई राहें बना ली हैं। सिद्ध कर दिया है कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, इस पर निर्णायक प्रहार ही श्रेयस्कर है। देश और समाज की कई गंभीर चुनौतियों एवं समस्याओं का सामना इसी राह पर चलते हुए किया गया। वर्षों से चले आ रहे विधर्मियों के षड्यंत्रों को ध्वस्त करते हुए अंततः इस वर्ष का प्रारंभ अयोध्या नाम में श्री राम के भव्य मंदिर के साथ हुआ। अपने अस्तित्व में आने के साथ ही भारत के प्रति शत्रुता भाव रखने तथा उसे निरंतर बर्बर स्वरूप देते रहने का प्रयास करने वाले पाकिस्तान के लिए ऐतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर बहुत बड़ा सबक सिद्ध हुआ जिसमें आतंक का उसका खेल पूरी तरह ध्वस्त हो गया। पूर्व सरकारों की निष्क्रियता के कारण नक्सलवादी तत्व कई दशकों से देश के विभिन्न हिस्सों में खूनी खेल खेलते हुए सीधी तौर पर शासन व्यवस्था को खुली चुनौती देते आ रहे थे। करोड़ों के इनामी महिला-पुरुष नक्सली या तो मारे जा चुके हैं या आत्मसमर्पण करते जा रहे हैं। देश में नक्सलवाद अब समाप्त प्राय है।नो टॉलरेंस की नीति के अंतर्गत देशभर में बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी, घोटालेबाज और आपराधिक गिरोह अपने अंजाम तक पहुंचा जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तो माफिया सरगनाओं और अराजक तत्वों को न सुधरने पर सीधे यमराज के पास भेजा जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर प्रगति यात्रा को आगे बढ़ाते हुए देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और तेजी के साथ अग्रसर है। अपनी क्षमताओं और उपलब्धियों का सशक्त आत्मविश्वास ही है कि दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति माना जाने जाने वाला अमेरिका तमाम कोशिशें करने के बाद भी हमें दबाव में नहीं ले पा रहा है। युवा भारत अलग ही अपनी धाक जमता जा रहा है। अंतरिक्ष, खेल, शिक्षा, कृषि, नवाचार, विज्ञान, उद्यम सहित सभी क्षेत्रों में देश के युवा नई-नई सफलताएं अर्जित कर रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच हमारे अंदर से चुनौतियां देने वाले तत्व भी सक्रिय हैं जो समाज विरोधी मंसूबे करने के अवसरों की तलाश में हैं। इसलिए हमें उपलब्धियां के दीपों की चमक और बढ़ा कर इनके द्वारा पैदा किए जा रहे अंधकार को दूर करने का संकल्प लेना होगा। शुभ दीपावली।

## बस, संयम बरतें

आज भरपूर जगमगाहट एवं धूमधड़ाके के साथ चहुं ओर उजियारा फैलाने का दिन है। इसके सेलिब्रेशन के लिए अपने-अपने ढंग से लोगों ने तैयारियां कर रखी हैं। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, दीये-झालरें, रंगोली, फुलझड़ियां-अनार सहित छोटे-बड़े पटाखे, तरह-तरह की मिठाइयां, नए कपड़े-आभूषण, नए वाहन, घर की साज सज्जा के सामान तथा इन जैसी अन्य वस्तुएं खरीदने में सारे अरमान निकाल लिए गए हैं। चारों और उल्लास के साथ धन की देवी और विघ्नहर्ता को पूजने के लिए शुभ मुहूर्त की प्रतीक्षा है। इसके बाद आमोद-प्रमोद के साथ खुशियां मनाने का सिलसिला शुरू होगा। वर्ष में एक बार आने वाला शुभ पर्व धूमधाम के साथ मनाया भी जाना चाहिए। लेकिन इसमें सबसे बड़ी सतर्कता धूम धड़ाके के साथ मनोरंजन में रखनी होगी। बच्चों और युवाओं में उत्तेजना तथा रोमांच का स्तर इतना बढ़ चुका है कि अब ज्यादातर बेहद तेज आवाज और अत्यंत ज्वलनशील पटाखों और उनके नाम पर बनने वाले उत्पादों की मांग रहती है। यह भी सही है कि मनोरंजन अपनी सहज सीमा पार कर जाने पर अक्सर नुकसानदेह और घातक हो जाता है। इसीलिए दीपावली के अवसर पर तेज धमाके के कई शौकीन हर साल अस्पताल पहुंच जाते हैं। कुछ मामलों में तो त्यौहार की खुशी कभी न उबर सकने वाले दुर्भाग्य में बदल जाती है। विस्फोटकों के कारण आग लगने के मामले भी होते हैं जबकि इनसे बचा जा सकता है। इसी तरह शराब के असर में बेहद तेज रफ्तार से वाहन चलाने का शौक भी इस दिन पूरा किया जाता है जो किसी न किसी रूप में हादसा बनकर सामने आता है। इन शौकीनों की ये बेवकूफियां उनको तो खतरे में डालते ही है उनके परिवारों पर भी दुखों का पहाड़ गिरा देती हैं। खुशी के लम्हों को अकारण गमों का माहौल बना देने के पीछे कौन सी समझदारी है? इसलिए ऐसे मूर्खतापूर्ण रोमांस से बचें। विधि विधान के अनुसार त्यौहार मना कर खुद भी प्रफुल्लित हों और परिवार का आनंद भी बढ़ाएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**धनतेरस पर खुला बांकेबिहारी मंदिर का खजाना**
कलियुग का आवास स्वर्ण में माना गया है!
**पाक का हर इंच अब ब्रह्मोस की रेंज में-रक्षामंत्री**
बिहार चुनावों नतीजों तक बमबारी जारी रहेगी
**दीवाली के पहले ही दिल्ली की हवा खतरनाक**
ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है !
**अनहोनी के लिये तैयार लखनऊ के अस्पताल**
कई अनहोनियां अस्पतालों के भीतर होती हैं!
**राजधानी में गंदगी देख चढ़ा वित्तमंत्री का पारा**
बेरोज़गारी पर नगर विकास मंत्री परेशान होंगे!
**भाईदूज तक विद्युत कर्मचारी आंदोलन स्थगित**
बहनों से टीका लगवाकर लड़ाई लड़ी जायेगी

♦♦♦

# आत्म परिष्कार का पर्व है दीपावली



सियाराम पांडेय 'शांत'

देश भर में दीप पर्व मनाया जा रहा है।भारत के सभी प्रान्तों में यह पर्व आनंद और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुनिया भर में बसे और काम करने गए भारतवंशी अपने-अपने तरीके से दीपावली मना रहे हैं।अयोध्या का तो आनंदातिरेक ही अलग है। यहां त्रेतायुग की तरह दीपावली मनाई जा रही है। नौ वर्षों से अयोध्या में भव्य और दिव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा है।साल.दर.साल वहां दीप प्रज्ज्वलन के पुराने रिकॉर्ड टूट रहे हैं।नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। देश-दुनिया के लोग इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए आते हैं और सरकार के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी करते है। जो नहीं आ पाते,वे अपने कंप्यूटर, लैपटॉप,टेलीविजन और मोबाइल पर इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बनते हैं। किसी पर्व को लोकरंजन,नवोन्मेष और अर्थोत्पादन का हेतु कैसे बनाया जा सकता है,दीपावली समूह के त्योहार इसकी विशद व्याख्या करते हैं। दीपावली पर्व के प्रथम चरण धनतेरस पर अरबों-खरबों रुपए का कारोबार हर साल होता है।इस साल भी हुआ है।छोटी दिवाली पर अयोध्या में तकरीबन 29 लाख दीपको का जलना कुंभकारों की अर्थव्यवस्था को संजीवनी दे गया है। लक्ष्मी,गणेश और कुबेर की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार भी प्रमुखता से लाभान्वित हुए हैं। मतलब देश के धन का देश में ही पर्याप्त विनिमय हो रहा है। यह एक तरह से स्वदेशी का शंखनाद ही है। वैसे तो यह परम्परा आदिकाल से चली आ रही है,लेकिन तब इसमें आज की तरह का नवोन्मेष भले न रहा हो लेकिन उसमें सहजता और वैज्ञानिकता दोनों थी। तब दीपक जलाने की व्यवस्था राजा को नहीं करनी पड़ती थी। वह केवल इस अवसर पर 7 या 9 दिन के मेलों का आयोजन करता था,जिसमें प्रजाजन न केवल भाग लेते थे,अपितु स्वस्थ मनोरंजन भी प्राप्त करते थे। पहलवानों, कलाकारों पर दांव लगाकर एक तरह से उन्हें प्रोत्साहित भी करते थे।दीपावली उनके उत्साह और उमंग का हेतु तो थी लेकिन आज की तरह का दिखावा बिल्कुल नहीं थी। उसमें सर्वजन की खुशी निहित थी।जिस तरह दीपक सबके लिए जलता है,उसी तरह व्यक्ति को अपने साथ ही सबकी जिंदगी में रोशनी बिखेरने की कोशिश करनी चाहिए।

भारत में दिवाली मनाने के कोई एक ठोस कारण नहीं है। अलग-अलग ग्रंथों में अलग-अलग कारण बताए गए हैं।अधिकांश में दीपमालिका पर्व के तत्वदर्शन की लगभग सुस्पष्ट व्याख्या है। बस उसे समझने और उस पर मनन करने की जरूरत है। रावण वध के उपरांत भगवान राम की अयोध्या वापसी के उपरांत उनके स्वागत में घर-घर , गली, चौराहों और रास्तों पर दीप जलाने का जो सिलसिला तब शरू हुआ,वह आज तक चला आ रहा है। मौजूदा दीपावली और उसके उल्लास को कमोवेश इसी रूप में देखा जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह की कृष्ण चतुर्दशी को भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके चंगुल से 16 हजार राजकुमारियों का उद्धार किया था। कृतज्ञता ज्ञापन स्वरूप दीपावली के दिन आरती-वंदन कर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है। महाभारत में इस बात का उल्लेख मिलता है कि 12 वर्ष के वनवास और एक साल के अज्ञातवास के बाद अपने राज्य में लौटे पांडवों का दीपमालिका सजाकर अभिनंदन किया गया था। स्कन्द पुराण,भविष्य पुराण और पद्म पुराण में दीपावली को लेकर अलग-अलग मान्यताएं हैं। अलगअलग आख्यान है लेकिन उन सबमें दीपदान और लक्ष्मी पूजन सर्वांगसम है।महाराज पृथु ने पृथ्वी का दोहन कर अन्न-धन प्राप्ति के साधनों का नवीनीकरण किया था और इस बहाने देश की दरिद्रता दूर की थी। इस सफलता के उपलक्ष्य में देश में दीपावली का प्रादुर्भाव हुआ था।

सनत्कुमार संहिता में दीपावली पर्व को वामन अवतार और राजा बलि के कब्जे से देवी लक्ष्मी और देवताओं को छुड़ाने और धरती को श्रीसम्पन्न बनाने से जोड़ा गया है। दैत्यराज बलि द्वारा भारी कराधान आदि से लूटे गए धन को संसार में विभक्त कर दिया था। इस लिहाज से देखा जाए तो यह उस दौर की सबसे बड़ी आर्थिक क्रांति थी । जैन धर्म के ग्रंथ कल्पसूत्र में लिखा है कि आज ही के दिन भगवान महावीर ने अपना शरीर छोड़ा था।तब देश-देशांतर से आए उनके शिष्यों ने निश्चय किया था कि ज्ञान सूर्य तो अस्त हो गया,अब दीपो का प्रकाश कर हमें यह दिन मनाना चाहिए। बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के उपरांत कार्तिक अमावस्या को ही कपिलवस्तु लौटे थे।

महर्षि कात्यायन ने अपने ग्रंथ काम सूत्र में तत्कालीन माहिमान्य उत्सव दीपावली को यक्षरात्रि के रूप में निरूपित किया है। सातवी सदी में हर्षवर्धन ने अपने नाटक नागानंद में दीपप्रतिपदुत्सव कहा है। उस दौर के ग्रंथ नील मत पुराण में कार्तिक अमायां दीप वर्णनम नामक एक अध्याय मिलता है। पुराणों में दीपावली को महानिशा कहा गया है। तांत्रिकों, मांत्रिकों और यांत्रिकों के लिए यह महापर्व है। यह महालक्ष्मी के आठो स्वरूपों के पूजन का पर्व तो है ही, साधना, उपासना, जागरण और जाप्य



मंत्र की सिद्धि का भी पर्व है। दीपक आत्मा का प्रतीक है। सातवी सदी में हर्षवर्धन ने अपने नाटक नागानंद में दीपप्रतिपदुत्सव कहा है। उस दौर के ग्रंथ नील मत पुराण में कार्तिक अमायां दीप वर्णनम नामक एक अध्याय मिलता है। पुराणों में दीपावली को महानिशा कहा गया है। तांत्रिकों,मांत्रिकों और यांत्रिकों के लिए यह महापर्व है। यह महालक्ष्मी के आठो स्वरूपों के पूजन का पर्व तो है ही,साधना,उपासना,जागरण और जाप्य मंत्र की सिद्धि का भी पर्व है। दीपक आत्मा का प्रतीक है। भगवान बुद्ध ने भी यही निर्देश किया है कि अप्प दीपो भव। अपना दीपक खुद बनो। दीपक प्रकाश का प्रतीक है। ज्ञान का प्रतीक है। साधना और पुरुषार्थ का प्रतीक है।

महाराज मनु के दौर से ही कार्तिक भर अपने घरों के साथ ही, नदियों, तालाबों, कुंओं , धर्मशालाओं, बागों व सार्वजनिक स्थलों पर रात में दीपक जलाने की परंपरा रही है। इसकी वजह यह है कि वर्षा ऋतु में विषैले जीव जंतु निकल आते हैं। दिन के उजाले में तो उन्हें देखा जा सकता है,लेकिन रात्रि के अंधेरे में वे जीवन पर भारी न पड़ें,इसलिए समशीतोष्ण माह कार्तिक में दीपदान की व्यवस्था पूर्वजों ने की थी। कार्तिक के बाद जब शीत ऋतु आती है तो विषैले जीवजंतु स्वतः अपने विवरों में चले जाते हैं।

दीपपुंज के प्रकाश और उष्णता से वर्षाजन्य रोग पैदा करने वाले कीटाणुओं का विनाश होता है। तेल का सुगंधियुक्त धुंआ वातावरण में फैलकर नस्य प्रणाली द्वारा मस्तिष्क तक पहुंचता और शारीरिक रोगों से निजात दिलाता है। दीपावली व्यक्ति,समाज और राष्ट्र के सौंदर्य बोध का अभिव्यक्ति पर्व है। इस समय तक किसानों की फसल कट कर घरों और बाजार में आ जाती है, इस लिहाज से देखें तो यह जन-मन की प्रसन्नता और उल्लास का पर्व है। भारत में दीपावली युगों-युगों से मनाई जा रही है लेकिन उसका शालीनता से मनाया जाने ही श्रेयस्कर है ।यह खाता-बही ठीक करने का अवसर तो है ही,शक्ति संचय और जीवन की दिशा के सुधार-परिष्कार का भी पर्व है। यह बाह्य और आंतरिक निर्मलता का पर्व है। केमिकलयुक्त तेल के धुएं और पटाखों की बारूदी गंध फैलाने की हाहाकारी प्रतिस्पर्धा से बचने का भी पर्व है।इसलिए हमें दीप ज्योति के स्वरूप को जानने और अपने भीतर-बाहर के अज्ञान अंधकार को मिटाने और सत्प्रवृत्तियों के संवर्द्धन के प्रकाश को प्रकट करने की जरूरत है। यही देश में युगों-युगों से जलाई जा रही दिवाली का दिव्य संदेश भी है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

श्रीकृष्ण कहते हैं कि क्षत्रिय श्रेणी के साधक के लिये युद्ध के अतिरिक्त कोई कल्याणकारी रास्ता है ही नहीं। प्रश्न उठता है कि क्षत्रिय है क्या? प्रायः लोग इसका आशय समाज में जन्मना उत्पन्न ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र जातियों से लेते हैं। इन्हें ही चार वर्ण मान लिया जाता है। किन्तु नहीं, शास्त्रकार ने स्वयं बताया है कि क्षत्रिय क्या है, वर्ण क्या है? यहाँ उन्होंने केवल क्षत्रिय का नाम लिया और आगे अठारहवें अध्याय तक इस प्रश्न का समाधान प्रस्तुत किया कि वस्तुतः ये वर्ण हैं क्या और कैसे इनमें परिवर्तन होता है? मितिक श्रीकृष्ण ने कहा, 'चातुर्वर्ण्य मया सृष्टम्' (गीता, 4/13)- चार वर्षों की सृष्टि मैंने की। तो क्या मनुष्यों को बाँटा? श्रीकृष्ण कहते हैं- नहीं, 'गुणकर्मविभागशः।' गुणों के माध्यम से कर्म को चार भागों में बाँटा। अब यह देखना है कि वह कर्म क्या है, जिसे बाँटा गया? गुण परिवर्तनशील हैं। साधना की उचित प्रक्रिया द्वारा तामसी से राजसी और राजसी से सात्विक गुणों में प्रवेश मिलता जाता है। अन्ततः ब्राह्मण स्वभाव बन जाता है। उस समय ब्रह्म में प्रवेश दिला देनेवाली सारी योग्यताएँ उस साधक में रहती हैं। वर्ण-सम्बन्धी प्रश्न यहाँ से आरम्भ होकर अठारहवें अध्याय में जाकर पूर्ण होता है। श्रीकृष्ण की मान्यता है- 'श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्व-नुष्ठितात्।' (गीता, 18/47) स्वभाव से उत्पन्न इस धर्म में प्रवृत्त होने की क्षमता जिस स्तर की हो, भले ही वह गुणरहित शूद्र श्रेणी की हो, तब भी परमकल्याण करती है; क्योंकि आप क्रमशः वहीं से उत्थान करते हैं। उससे ऊपरवालों की नकल करके साधक नष्ट हो जाता है। अर्जुन क्षत्रिय श्रेणी का साधक था, इसलिये श्रीकृष्ण कहते हैं कि- अर्जुन ! अपने स्वभाव से उत्पन्न इस युद्ध में प्रवृत्त होने की अपनी क्षमता को देखकर भी तू भय करने योग्य नहीं है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# तालिबान से सम्बन्ध अर्थात घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता



-तनवीर जाफ़री

अफ़ग़ानिस्तान की तालिबानी सरकार के विदेश मंत्री अमीर ख़ान मुत्तक़ी ने पिछले दिनों भारत का एक सप्ताह का दौरा किया। अगस्त 2021 में तालिबान के जबरन सत्ता में आने के बाद किसी शीर्ष तालिबानी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा थी। मुत्तक़ी संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित सूची में शामिल थे, इसलिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तालिबान प्रतिबंध समिति ने उन्हें केवल भारत यात्रा के लिए विशेष छूट दी थी। ग़ौरतलब है कि 2021 में भारत ने तालिबान शासन के बाद काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। परंतु पिछले गत जनवरी 2025 में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री की दुबई में मुत्तकी से हुई मुलाक़ात और फिर मई 2025 में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मुत्तकी से फोन पर हुई बातचीत के बाद ही उनके भारत दौरे का रास्ता साफ़ हो गया था। 2021 में अफ़ग़ानिस्तान की लोकतान्त्रिक सरकार से जबरन सत्ता हथियाने वाले तालिबानों को अब तक केवल रूस ने ही मान्यता दी है। वर्तमान तालिबानी शासन को भारत ने भी अभी तक मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद तालिबान से व्यापार, विकास,सहायता, और सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मज़बूत करने की बात करना और कल तक मानवता विरोधी कुकृत्य करने वाले कुख्यात आतंकी संगठन के रहनुमाओं से हाथ मिलाना 'दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त' की नीति के अंतर्गत भले ही ठीक नज़र आता हो परन्तु तालिबानों के ज़ुल्म व अत्याचार की सूची इतनी लंबी है कि इन वैचारिक आतंकियों को न तो कभी मुआफ़ किया जा सकता है न ही इनपर विश्वास किया जा सकता है। यही वजह है कि भले ही भारत सरकार ने तालिबानी नेता व उसके साथ आये प्रतिनिधिमंडल का स्वागत क्यों न किया हो परन्तु देश का एक बड़ा वर्ग भारत तालिबान रिश्तों को लेकर खुश नहीं बल्कि नाखुश नज़र आया। दरअसल पूर्व में ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर के संरक्षण में इन्हीं तालिबानों ने आतंक तथा अपनी घोर कट्टरपंथी विचारधारा का वह घिनौना इतिहास लिखा है जिसे दुनिया कभी भुला नहीं सकती। याद कीजिये फ़रवरी 2001 में तालिबान के सर्वोच्च नेता मुल्ला मोहम्मद उमर द्वारा जारी किया गया वह फ़रमान जिसमें उसने अफ़ग़ानिस्तान में मौजूद सभी मूर्तियों को नष्ट किये जाने जैसा वैमन्सयपूर्ण आदेश जारी किया था। इसी आदेश के बाद तालिबानी लड़ाकों द्वारा अफ़ग़ानिस्तान की बामियान घाटी में छठी शताब्दी ईस्वी में चट्टानों में तराशी गई दो विशालकाय बुद्ध मूर्तियों को तोपों और एंटी-एयरक्राफ़्ट गनों से ध्वस्त कर दिया गया था ? यह दुनिया की सबसे ऊँची खड़ी बुद्ध प्रतिमाओं में से एक थीं जिनकी ऊँचाई क्रमशः 180 व 125 फ़ीट थी। तालिबान के इस दुस्साहस ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। क्योंकि ये मूर्तियाँ 1,500 वर्ष पुरानी थीं और मानव इतिहास का एक अहम हिस्सा थीं। तालिबान ने इस दौरान अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी अन्य बौद्ध कलाकृतियों को भी नष्ट किया था । तालिबान के इस क़दम से पूरे विश्व में आक्रोश पैदा हो गया था। संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को, भारत, जापान, श्रीलंका और अन्य कई देशों द्वारा इस तालिबानी कुकृत्य की घोर निंदा की गयी थी । यूनेस्को ने इसे तालिबान द्वारा किया गया 'सांस्कृतिक अपराध' बताया था। क्या इस घटना को भुलाया जा सकता है जोकि इन्हीं तालिबानों की नफ़रती सोच व विचारधारा के तहत अंजाम दी गयी थी ? क्या देश 24 दिसंबर 1999 को अंजाम दिये गये उस कंधार विमान अपहरण कांड को भूल सकता है जिसमें काठमांडू से नई दिल्ली आने वाली इंडियन एयरलाइंस की फ़्लाइट IC-814 का अपहरण पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इस विमान में 176 यात्री और 15 चालक दल के सदस्य सहित कुल 191 लोग सवार थे। अपहरणकर्ताओं द्वारा यह विमान अमृतसर,लाहौर व दुबई के बाद अंत में अफ़ग़ानिस्तान के कंधार ले जाया गया था जो उस समय तालिबान के नियंत्रण में था। कंधार विमान अपहरण कांड एक ऐसी घटना थी जिसने भारत की सुरक्षा नीतियों, आतंकवाद से निपटने की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर गहरा प्रभाव डाला था । यह घटना आज भी आतंकवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखी जाती है। इसी विमान अपहरण के बाद भारत सरकार को भारतीय जेलों में बंद मसूद अज़हर, अहमद उमर सईद शेख़ व मुश्ताक़ अहमद ज़रगर जैसे दुर्दांत आतंकियों की रिहाई करनी पड़ी थी। इस पूरे प्रकरण को अंजाम तक पहुँचाने में तालिबानों ने ही अपहरणकर्ताओं के पक्ष में अहम किरदार निभाया था। इसीलिए अपहरणकर्ता विमान को अंत में कंधार ले गए थे। क्या देश इस हादसे को कभी भुला सकता है ? महिलाओं को लेकर



तालिबानों की विकृत व अमानवीय सोच से भी दुनिया भलीभांति वाक़िफ़ है। यह तालिबान ही तो थे जिन्होंने 9 अक्टूबर 2012 को, पश्तून परिवार से संबंध रखने वाली 15 वर्षीय मलाला यूसुफ़ज़ई को उस समय उसका नाम पूछकर गोली मारी थी जबकि वह स्वात ज़िले में परीक्षा देकर स्कूल बस से अपने घर लौट रही थीं। याद कीजिये उस समय एक नक़ाबपोश तालिबानी बंदूक़धारी उस बस में चढ़ा और चिल्लाया, 'तुम में से कौन मलाला है? बोलो, वरना मैं सबको गोली मार दूँगा।' मलाला की पहचान होने पर उसने मलाला को बाएँ आँख के पास से गोली मारी, जो उनके गर्दन से होकर कंधे में जा लगी। इसी हमले में कायनात रियाज़ व शाज़िया रमज़ान नाम की दो अन्य स्कूली लड़कियां भी घायल हुईं थीं। यह हमला तालिबान द्वारा मलाला की शिक्षा संबंधी सक्रियता के विरुद्ध था। उस समय तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के प्रवक्ता ने इस घटना की ज़िम्मेदारी लेते हुये यह कहा था कि मलाला 'काफ़िरों की प्रतीक' हैं और इस्लाम विरोधी विचार फैला रही है। यह तालिबान ही हैं जिन्होंने लड़कियों के सैकड़ों स्कूल्स या तो उड़ा दिया या उनमें आग लगा दी। शिक्षा को लेकर तालिबानी सोच जगज़ाहिर है।

## प्रेरक प्रसंग

## शांति का रहस्य

इटली के एक पादरी थे। उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था। बड़े शान्त स्वभाव के थे। लोग उन्हें चिढ़ाते, पर उनके माथे पर शिकन तक न आती। लोग उन्हें बुरा-भला कहते, पर वह हँसते रहते। लोग उनके बारे में तरह-तरह की बातें उड़ाते, पर वह किसी के विरुद्ध एक शब्द भी मुंह से न निकालते।

उनकी सहनशीलता को देखकर लोगों को बड़ी हैरानी होती। वे बार-बार प्रयत्न करते कि कैसे ही उन्हें गुस्सा आ जाय, किन्तु उन्हें हर बार मुंह की खानी पड़ती।

अंत में लोग उनके पास आये। बोले, श्रीमानजी, सहन करने की इतनी शक्ति आपको कहां से मिली है ?

पादरी ने उनकी ओर देखा। उनके चेहरे पर मुस्कराहट खेल रही थी। बोले, जिसे ऊंचाई पर जाना होता है, वह छोटी-छोटी बातों में नहीं फंसता। मैं हमेशा ऊपर की ओर देखता हूं और मुझे लगता है कि कहनेवाले कुछ भी कहें, मैं अपने मन को क्यों बिगाड़ूं!

फिर थोड़ा रुककर उन्होंने कहा, मैं नीचे देखता हूं तो मुझे लगता है कि आखिर उठने-बैठने और सोने के लिए आदमी को कितनी जमीन चाहिए!

पादरी की आंखें चमक आईं। आगे बोले, अपने चारों ओर देखता हूं तो मुझे बहुत से ऐसे लोग दिखाई देते हैं, जो घोर कष्ट का जीवन बिता रहे हैं। यह देखकर मेरे दिल में करुणा पैदा होती है। याद रक्खो, जिसके हृदय में करुणा होती है, वह कभी क्रोध नहीं कर सकता। उसका मन सदा शान्त रहता है। मेरी शान्ति का यही रहस्य है।

## आपका पत्र मिला

### ट्रम्प का दम झूठ का फुस्सी बम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी नागरिकों व मित्र देशों को खुश करने के लिए और विश्व में अपनी साख बढ़ाने के लिए झूठ का सहारा लेते रहते है। इसी प्रकार का एक झूठ उन्होंने पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है, कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। जिसके लिए ट्रम्प कई समय से भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे है। कभी अतिरिक्त टैरिफ लगाकर तो कभी धमकाकर लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रहे है। तो झूठ का सहारा लेकर वह विश्व को यह संदेश देना चाहते है, कि उन्होंने प्रधानमंत्री जी को दवाब में लाकर तेल खरीदी बंद करने का फैसला लेने के लिए मजबूर कर दिया है। जो कि सत्य नहीं है, यह एक कोरा झूठ है। जिसका खंडन भारत के द्वारा उनके इस बयान के बाद किया गया है। भारत ने कहा है, कि प्रधानमंत्री जी और ट्रम्प के बीच बातचीत ही नहीं हुई है। क्योंकि इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी और ट्रम्प के बीच बातचीत का सिलसिला बंद है। जब प्रधानमंत्री जी ट्रम्प से बात ही नहीं कर रहे, तो यह कैसे हो सकता है, कि प्रधानमंत्री जी ट्रम्प को तेल खरीदी बंद करने का आश्वासन दे। यह तो अपने मुंह मियां मिठ्ठू बनने वाली बात हो गई। यह सब ट्रम्प केवल अपने देश के नागरिकों और मित्र देशों की नजरों में कम हो रही अपनी लोकप्रियता को बचाने व अपनी बची हुई संप्रभुता को बनाए रखने के लिए कर रहे है। भारत के द्वारा लगातार कहा जा रहा है, कि अमेरिका के अतिरिक्त टैरिफ के भार से देश की अर्थव्यवस्था को बचाने व सस्ते तेल की तलाश के विकल्प के लिए भारत स्वतंत्र है और उसकी यह तलाश जारी रहेगी। लेकिन भारत ने यह कभी नहीं कहा कि वह रूस से तेल खरीदी बंद कर रहा है। इस बात को न मान कर दूसरे देश के एक राष्ट्रपति के झूठ को सच मान कर भारत के विपक्ष के नेता जब यह कहते है, कि भारत के प्रधानमंत्री ट्रम्प से भयभीत है। क्योंकि तेल खरीदी बंद करने की घोषणा का अधिकार उन्होंने ट्रम्प को दे दिया है तो बहुत दुःख होता है।

**योगेश सिंह सेंधरे**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025




# कैसे हुई दीपोत्सव मनाने की शुरुआत?

## लुक को अट्रैक्टिव करने के लिए दिवाली पर ट्राई करें ये 'को ऑर्ड सेट'



दिवाली पर खूबसूरत दिखना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाले कपड़ों को पहनते हैं, ताकि लुक अच्छा लगे। इस बार दिवाली पर पहनने के लिए आप को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर सकती हैं। को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आपका लुक सबसे अलग दिखेगा। आइए आर्टिकल में आपको किस तरह के को ऑर्ड सेट को आप वियर कर सकती हैं।

**टेसल वर्क वाला को ऑर्ड सेट करें वियर**

आप लुक को अट्रैक्टिव करने के लिए आप टेसल वर्क वाले को ऑर्ड सेट को स्टाइल करें। इस तरह के को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अचअछा लगेगा। साथ ही इससे लुक कापी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इसमें आपको ऊपर नेकलआइन में मिरर वर्क के साथ टेसल वर्क मिलेगा। इसकी स्लीव्स पर आपको लेस वर्क मिलेगा। इस तरह के को ऑर्ड सेट को वियर करके आपका लुक अच्छा नजर आएगा। साथ ही आप खूबसूरत दिखेंगी। मार्केट में आपको इस तरह के आउटफिट आसानी से मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आप खूबसूरत लगेंगी।

**सिंपल वर्क वाला को ऑर्ड सेट को दिवाली पर करें**

आप दिवाली पर पहनने के लिए सिपंल वर्क को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपको कई सारे कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। साथ ही आपको इसके साथ कॉन्ट्रास्ट में भी को ऑर्ड सेट के ऑप्शन मिल जाएंगे। ऐसे में यह वियर करने के बाद खूबसूरत लगेगा। इसे आप मार्केट से जाकर खरीद सकती हैं। यह आपको कम दाम में मिल जाएगा। जिसे आप दिवाली पर वियर कर सकती हैं।

**प्रिंटेड पैटर्न वाला को ऑर्ड सेट करें दिवाली पर वियर**

सुंदर नजर आएंगी जब आप प्रिंटेड पैटर्न वाले को ऑर्ड सेट को स्टाइल करेंगी। इस तरह के को ऑर्ड सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको गोटा वर्क मिलेगा। इसकी धोती आपको प्लेन डिजाइन में मिलेगी। ऐसे में सूट पहनने के बाद अच्छा लगेगा। इसे आफ कभी भी वियर कर सकती हैं। साथ ही आपका लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है।



दीपावली धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी के पूजन का विशेष अवसर है। हमें इसे केवल धन-संपत्ति के विश्लेषण तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, वरन अपने व्यसनों को छोड़कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए, क्योंकि लक्ष्मी जीवन-साधना और आत्म-सुधार का आधार हैं।

**असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक है दीपावली**

सभी युगों में दीपावली मनाने का उल्लेख मिलता है। विज्ञजन कहते हैं कि पहली बार दीपावली सतयुग में समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुई माता महालक्ष्मी के स्वागत के रूप में मनाई गई थी। त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम द्वारा रावण वध के बाद अयोध्या आगमन पर पूरी नगरी को दीपमालिकाओं से सजाया गया था और यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दीपपर्व-प्रकाशपर्व के रूप में मनाया गया था। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा नरकासुर के वध और अपनी बहन सत्यभामा के लिए पारिजात का वृक्ष लाने की घटना दीपावली पर्व के एक दिन पूर्व चतुर्दशी से जुड़ी है। कलियुग में इन सभी को समन्वित कर पांच दिवसीय दीपोत्सव महापर्व के रूप में मनाने की परंपरा है।

**मां लक्ष्मी की होती है विशेष पूजा**

दीपावली में लक्ष्मी पूजन का महत्वपूर्ण विधान है। लक्ष्मी धन और समृद्धि की देवी मानी जाती हैं। अतः यह धन और समृद्धि का त्योहार है। दीपावली के अवसर पर हम अपनी वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करते हैं, उस पर ध्यान देते हैं और अपने लाभ और हानि की समीक्षा करते हैं, लेकिन इसे केवल वित्तीय विश्लेषण तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, वरन इस अवसर पर हमें अपनी भीतरी समृद्धि को भी बढ़ाना चाहिए। अपने व्यसनों को छोड़कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए। समृद्धि यानी लक्ष्मी जीवन-साधना, आत्म सुधार का आधार और सहारा है। हमें देवी लक्ष्मी को अपनी मां की तरह ही आत्मसात करना चाहिए और उनके आशीर्वाद रूपी धन-संपत्ति और समृद्धि का उपयोग अपनी क्षमताओं-प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए करना चाहिए, न कि आराम और विलासिता के लिए। धन को केवल उपयोगी कार्यों में खर्च करना चाहिए, तभी उसकी सार्थकता है।

**दीपावली का पर्व अज्ञान के अंधकार को करता है दूर**

दीपावली अज्ञान के अंधकार को दूर कर प्रकाश का वरण करने का पर्व है। दीपावली से जुड़ी ऐसी अनेक कथाएं हमारे प्राचीन ग्रंथों में विद्यमान हैं, जो किसी न किसी रूप में हमें जीवन के मूल्य को समझाती हैं। इनमें ऐसे विविध दर्शन छिपे हुए हैं, जो मानव जीवन में जड़ जमाए बैठी नकारात्मक वृत्तियों को छोड़कर ताजगी के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। जिस तरह दीपक स्वयं जलकर अंधेरा हटाकर दूसरों को उजाला बांटता है और अपने परिवेश को प्रकाशित करता है, उसी तरह मानवों को भी दूसरों के अज्ञान, विविध संकट रूपी अंधकार को मिटाने के लिए कार्य करना चाहिए। दीपावली नई शुरुआत का, आगे बढ़ने का प्रेरणादायी पर्व का नाम है।



**जातक करते हैं मां लक्ष्मी से खास प्रार्थना**

अर्थात हे लक्ष्मीपते! आप दानी हैं, साधारण दानदाता ही नहीं, बहुत बड़े दानी हैं। विज्ञजन कहते हैं कि संसार भर से निराश होकर जो याचक आपसे प्रार्थना करता है, उसकी पुकार सुनकर उसे आप आर्थिक कष्टों से मुक्त कर देते हैं, उसकी झोली भर देते हैं। हे भगवान, मुझे भी संकट से मुक्त कर दो। मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं भी आपके इन गुणों का पालन करने में अपना कदम बढ़ा सकूं। यदि हम अपने परिवार, समाज व राष्ट्र को समृद्धिशाली रूप में पल्लवित होते देखना चाहते हैं तो हम सबको मिलकर दैन्य और दरिद्रता के कारणों को मिटाना होगा। तभी परिवार, समाज व राष्ट्र की सामाजिक स्थिति के साथ आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## बुझे दीपक प्रज्वलित कर दो



-डॉ. आशा रस्तोगी

आओ बुझे दीपकों को पुनः प्रज्वलित कर दो,
अपनी सुषुप्त चेतना को आत्मज्योति से जागृत कर दो।
स्नेह दीप से धरा का अंधियारा मिटाकर,
दीन- दुखियों में खुशियों की सौगात बांटकर,
जलाते चलो ये दिये स्नेह भर भर,
सार्थक करो तुम यह शुभ ज्योति का पर्व,
कर दूर घनघोर तिमिर को, अवसादपूर्ण जीवनों को खुशियों से भर दो।
पुनः बुझे दीपकों को, गाकर राग दीपक प्रज्वलित कर दो।
दीपावलियों से घर- आंगन सजा कर,
अमावस्या को निशा पूर्णिमा की बनाकर,
प्रक्षालित कर अपनी अंतर कालिमाको,
शुष्क हृदयों में प्रेम की सरिता बहाकर,
प्रेमपूर्ण आलिंगन देकर जन जन के मन आह्लादित कर दो।
पुनः बुझे दीपकों को आत्मज्योति से द्योतित कर दो।
विज्ञान के युग में बिन स्नेह विद्युत दिये जल रहे,
प्रकाश बिना विकीर्ण किये केवल टिम टिम कर रहे,
नहीं शक्ति है इनमें तिमिर की सरित को पार करने की,
नहीं शक्ति है इनमें धरा को प्रकाशित करने की,
हटा स्नेह विहीन विद्युत दियों को पुनः स्नेह के दीपक जला दो।
आत्म चेतना को जागृत कर सुख समृद्धि की सरिता बहा दो।
युगों युगों से तुम्हीं ने तिमिर की शिला पर,
दिये अनगिनत हैं निरंतर जलाए,
समय साक्षी है कि जलते हुए दीप,
अनगिनत, तुम्हारे पवन ने बुझाए,
बुझकर ज्योति दे गए दीपकों को, पुनः प्रज्वलित कर दो।
बहा आत्म ज्योति की निर्झर धारा, जग को जगमग जगमग कर दो।

## दिवाली पर दुकान-ऑफिस के लिए कब करें पूजा? शुभ मुहूर्त



धनतेरस के साथ ही पांच दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरूआत हो जाती है। दीपावली का त्योहार हिंदुओं का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। इसे प्रकाश पर्व के रूप में हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर मनाया जाता है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दीपावली का त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पूरा होने और रावण का वध करके अयोध्या वापस लौटने की खुशी के रूप में मनाया जाता है। वहीं एक दूसरी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक माह की अमावस्या तिथि समुद्र मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थीं। पंचदिवसीय दीपोत्सव पर्व के दौरान अलग-अलग देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा करने का खास महत्व होता है। दिवाली पर मुख्य रूप से देवी लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कुबेर की पूजा होती है। इसके अलावा इन पांच दिनों में भगवान धन्वतंरि, भगवान हनुमान, भगवान यमराज, देवी काली, सरस्वती, भगवान कृष्ण और राजा बलि की पूजा होती है। दिवाली का त्योहार तीसरे दिन मनाया जाता है जो पांच दिनों के उत्सव का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन महालक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है।





**दुकान, ऑफिस और प्रतिष्ठानों में कैसे करें लक्ष्मी पूजा**

- दिवाली की सुबह ऑफिस और दुकान में अच्छी तरह के साफ-सफाई करें, फिर पूजा स्थल समेत कार्यस्थल पर फूलों, रंगोली और लाइटों से सजावट करें। - दुकान और ऑफिस में पूजा स्थल पर माता लक्ष्मी, भववान गणेश और कुबेर देवता की मूर्ति को स्थापित करते हुए विधि-विधान के साथ पूजा करें। - इसके बाद अष्टगंध, फूल, अक्षत, फल, खील, बताशे, मिठाई का भोग लगाएं और फिर बही खातों की पूजा करें। - वही बही खातों पर स्वास्तिक और शुभ-लाभ का निशान बनाकर अक्षत और पुष्प अर्पित करते हुए धन की देवी माता लक्ष्मी से व्यापार में तरक्की और समृद्धइ की कामना करते हुए आरती करें।

### अमावस्या तिथि और पूजन मुहूर्त

इस बार अमावस्या तिथि 20 अक्तूबर को शाम 03 बजकर 44 मिनट से शुरू हो जाएगी, जिसका समापन 21 अक्तूबर को शाम 05 बजकर 54 मिनट पर होगा। ऐसे में 20 अक्तूबर को ही अमावस्या तिथि और प्रदोष काल रात्रि में रहेगी। लक्ष्मी पूजन के लिए प्रदोष काल और निशीथ काल बहुत ही शुभ माना जाता है। लक्ष्मी पूजा के लिए पहला मुहूर्त दोपहर में ही रहेगा।

### दुकान-ऑफिस, गृहस्थों और व्यापारियों के लिए लक्ष्मी पूजन मुहूर्त

**ऑफिस के लिए (लाभ)-** दोपहर 3:30 मिनट से शाम 5:00 बजे तक।
**छात्रों के लिए (अमृत)-** शाम 5:00 मिनट से लेकर 6:30 मिनट तक।
**प्रदोष काल-** 05:46 से 08:18 तक।
**वृषभ काल-** 07:08 से 09:03 तक।
**गृहस्थ, किसान, व्यापारी और विद्यार्थी के लिए-** शाम 7:32 मिनट से लेकर रात 9: 28 मिनट तक।
**नए व्यापारियों के लिए (चंचल)-** शाम 5:55 मिनट से लेकर 7:25 मिनट तक।
**परंपरागत व्यापारियों के लिए (शुभ)-** रात 3:25 मिनट से लेकर 4:55 मिनट तक।
**साधको के लिए (लाभ)-** रात 12:25 से 01:55 मिनट तक।
**लक्ष्मी पूजा मुहूर्त (प्रदोष काल)-** शाम 07:08 से 08:18 तक।
**ब्रह्मा मुहूर्त ( 21 अक्टूबर 2025 सभी के लिए)-** सुबह 3:55 से 5:25 तक।

**दीपावली 2025- निशिता काल पूजा मुहूर्त**

**निशिता काल-** रात्रि 11:41 से 12:31 तक।
**सिंह लग्न काल-** सुबह 01:38 से 03:56 तक।



दीपावली, हिंदुओं के मुख्य त्योहारों में से एक है, जो कार्तिक अमावस्या पर मनाई जाती है। इस दिन पर लक्ष्मी-गणेश पूजा का विधान है। ऐसे में आप इस दिन पर कुछ खास उपाय कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और धन की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

**जरूर करें ये काम :** दीपावली के दिन घर को सजाया जाता है और तरह-तरह की वंदनवान लगाई जाती हैं। ऐसे में दिवाली के शुभ अवसर पर आपको अपने घर के मुख्य दरवाजे पर अशोक के पेड़ के पत्तों से बनी वंदनदवान लगानी चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नहीं होता और एक सकारात्मक माहौल बना रहता है।

**करें इन चीजों का दान :** दीपावली के दिन किसी मंदिर में झाड़ू या फिर सुगंधित अगरबत्ती का दान करना चाहिए। ऐसा करने से घर से दरिद्रता दूर होती है और साधक को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसी के साथ इस दिन पर झाड़ू खरीदकर घर लाना भी काफी शुभ माना जाता है।


**प्रसन्न होंगी माता लक्ष्मी :** दीपावली के दिन लोहे के एक बर्तन में पानी, घी, शक्कर और दूध मिलाकर इसे पीपल के पेड़ में अर्पित कर दें। इसी के साथ पांच तरह की मिठाई अर्पित करें और एक घी का दीपक भी जलाएं। अब हाथ जोड़कर 11 बार पीपल के पेड़ की परिक्रमा करें। इस उपाय को करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। साथ ही इस उपाय से कर्ज की समस्या से भी मुक्ति पाई जा सकती है।

## दीपावली के दिन करें ये आसान उपाय मां लक्ष्मी नहीं होने देंगी धन की कमी

**आर्थिक तंगी होगी दूर :** दिवाली के दिन एक मिट्टी का घड़ा लेकर इसे लाल रंग दें और मौली बांधें। फिर इसपर एक जटायुक्त नारियल रखें और इसे बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें। इस दौरान मन में अपनी मनोकामना कहें। कहा जाता है कि दिवाली पर इस को करने से धन की देवी का आपके घर में निवास होता है, जिससे साधक की आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता।

**घर के मुख्य द्वार पर पांच दीपक जलाएं**

शाम को पूजा से पहले मुख्य द्वार के दोनों ओर, तुलसी चौरा, पानी की टंकी और दक्षिण दिशा में एक-एक दीपक जलाएं। साथ ही उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में भी दीपक अवश्य रखें। ये उपाय दरिद्रता को समाप्त करता है और धन की आवक को स्थिर बनाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चतुर्दशी तिथौ सोम वासरे 15/46/ हस्त नक्षत्रे 20/17/ वैधृति योग 26/35/ शकुनि करणे 15/46/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार –** नरक चतुर्दशी। दीपावली। कामेश्वर जयंती।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नाता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

## खबर एक नजर

### पटाखा जलाते समय किशोर की दाईं आंख जख्मी, गंभीर

**लालगंज, रायबरेली।** दीपावली से पहले लापरवाही से पटाखा जलाना एक किशोर के लिए दर्दनाक साबित हुआ। क्षेत्र के महाखेड़ा गांव निवासी अंकित 14द्ध पुत्र देवीदयाल शनिवार को अपने दरवाजे दोस्तों के साथ पटाखा जला रहा था। तभी तेज विस्फोट के कारण उसका चेहरा और दाईं आंख बुरी तरह जख्मी हो गई। परिवार के लोग तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए नितिन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा तफरी मच गई। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने बताया कि किशोर की दाई आंख बुरी तरह से जख्मी हो गई है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### दो बाईकों में आमने-सामने भिड़ंत दो की मौत, एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली।** जगतपुर थाना क्षेत्र के मनोहरगंज गांव के पास दो बाइकों में आमने.सामने टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में लाया गया। जहां पर दो युवकों की मौत हो गई तथा दो घायलों स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। रविवार को मनीष शुक्ला पुत्र सूर्य प्रकाश शुक्ला निवासी पुरे डामर उम्र 23 वर्ष बाइक से अपने गांव निवासी मनोज नाई पुत्र शिव शंकर उम्र 50 वर्ष के साथ जगतपुर किसी कार्य से आए थे। वापस लौटते समय मनोहरगंज गांव के पास शंकरपुर की तरफसे आ रही बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें कुलदीप पुत्र रामशरण उम्र 18 वर्ष निवासी शंकरपुर व बाइक पर बैठी महिला संजू पत्नी राधेश्याम उम्र 35 वर्ष निवासी शंकरपुर घायल हो गई

स्थानीय पुलिस व समाजसेवी आरडी शुक्ला द्वारा सभी घायलों को जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि सीएससी पहुंचने से पहले मनीष शुक्ला व कुलदीप की मौत हो गई थी तथा मनोज नाई व महिला संजू की हालत गंभीर थी प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा थानेदार पंकज त्यागी ने बताया कि दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो रो के बुरा हाल है।

### सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आए ट्रेलर ने मारी जोरदार टक्कर

**रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली अयोध्या हाईवे पर रविवार की तड़के सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आए ट्रेलर की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में टेलर के परखच्चे उड़ गए और ट्रेलर चालक व क्लीनर ट्रेलर में ही फंसकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने टेलर में फंसे घायल चालक और क्लीनर को बाहर निकाल और अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली अयोध्या हाईवे पर रविवार की तड़के 4.00 बजे एक ट्रक पावर ग्रिड के पास रोड के किनारे खड़ा था तभी पीछे से आया एक तेज रफ्तार ट्रेलर खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर की केबिन का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में ट्रेलर चालक बस्ती निवासी जयदीप 26 वर्ष पुत्र जुगाड़ी व क्लीनर लल्लू 25 वर्ष पुत्र सुखराम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल चालक व क्लीनर को ट्रेलर की केबिन से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी जांच पड़ताल की जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायबरेली।** आदिशक्ति माँ सूर्यकुमारी के परमप्रिय भक्त एवं समाजसेवी ब्रह्मलीन पण्डित सुरेशचंद्र अग्निहोत्री की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बृहद गौपूजन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आदि शक्ति माँ भक्त सुरेश सेवा संस्थान रायबरेली एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कोरवाँ बिठूली में सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी अनूप पाण्डेय एवम उपनिदेशक रक्षामंत्रालय भारत सरकार बृजेश तिवारी व वैज्ञानिक विकास दीक्षित प्रबंधक निक्सी भारत सरकार ने गौपूजन एवं स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया।

डॉ विकास सिंह बी एच एम एस होम्योपैथी फिजिशियन उन्नाव एडॉ राहुल शुक्ल बी डी एस एएम एच ए मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ लखनऊए डॉ सुजीत त्रिपाठी, बीएचएमएस होम्योपैथी फिजिशन सतना मध्य प्रदेश एवं डॉ प्रभात त्रिवेदी बीएचएमएसएएलआईसी चिकित्साधिकारी, जनरल फिजिशियन, माधव हॉस्पिटल, लालगंज रायबरेली इत्यादि चिकित्सको ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर क्षेत्रत्रवासियों की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं हेतु अपना परामर्श एवं औषधियाँ प्रदान की। इस अवसर पर ब्रह्मलीन पण्डित सुरेश चंद्र अग्निहोत्री, डॉ वीरेन्द्र तिवारी, आदर्श मेधावी छात्र सहयोग योजना के अंतर्गत कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नीलेश कुरील को पुरस्कृत किया गया।

### पद्म भूषण अब्दुल रशीद खान स्मृति सम्मान संजोली पांडेय को मिलेगा

**रायबरेली।** अवधी लोकगीतों और शास्त्रीय गायन के लिए दिया जाने वाला पहला महान शास्त्रीय गायक पद्मभूषण अब्दुल रशीद खान स्मृति सम्मान अवधी लोकगीत गायिका श्रीमती संजोली पांडेय को दिया जाएगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के सचिव गौरव अवस्थी ने बताया कि इसी वर्ष से अब्दुल रशीद खान की स्मृति में सम्मान शुरू किया जा रहा है यह सम्मान हर वर्ष अवधी लोकगीतों और शास्त्रीय जिकन को दिया जाएगा। न्यास के निर्णायक मंडल ने अयोध्या की अवधी लोकगीत गायिका संजोली पांडेय को यह सम्मान आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में 1 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित किया जा रहे। पुस्तक मेला के दौरान प्रदान किया जाएगा। सम्मान के साथ अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र एवं 11 हजार रुपए की धनराशि दी जाएगी।

### दो गांवों में हुई मारपीट में दो युवतियों सहित चार घायल, केस दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के दो गांवों में हुई मारपीट में दो युवतियों सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िताओं के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहली घटना में गनेशी खेड़ा मजरे पाहो निवासी शालिनी ने आरोप लगाया है कि शनिवार की रात लगभग नौ बजे मेरे गांव के शिवशंकर ने मेरा मोबाइल मांगा। मैंने मना करते हुए अपने पिता बुद्धिलाल से शिकायत किया। मेरे पिता ने शिवशंकर से मोबाइल मांगने का कारण पूंछा तो शिवशंकर उनके भाई भीमए सहदेव और युधिष्ठिर पुत्रगण बब्बू ने गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर मुझे और मेरे ममेरे भाई कैलाश को भी पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

दूसरी घटना में पूरे चौधराइन मजरे बरौला निवासी प्रियंका ने पुरानी रंजिश के कारण अपने गांव की सुनीता पत्नी रामबाबू, पुष्पा पत्नी उमाशंकर, माधुरी पत्नी बिंदादीन और ज्ञानवती पत्नी केशन सहित चार लोगों पर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िताओं के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांचकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## हरचन्दपुर को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने तक जारी रहेगा सेवा का संकल्प

**कोरिहर मे आशाबहुओं व ई-रिक्शा चालकों को सम्मानित करने के बाद बोले पूर्व विधायक राकेश सिंह**

**जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव की तैयारी कर रहे अखिल विश्वकर्मा ने आयोजित किया था कार्यक्रम**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** हरचन्दपुर के पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को कोरिहर गाँव में जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव की तैयारी कर रहे अखिल विश्वकर्मा लकी लोहार द्वारा आयोजित एक समारोह मे क्षेत्र की आशाबहुओं, ई रिक्शा चालकों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े गणमान्य लोगों को दीवाली के उपलक्ष्य में उपहार व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुये राकेश प्रताप सिंह ने आशा बहुओं और ई रिक्शा चालकों के सामाजिक योगदान की सराहना की और कहा कि आशा बहुयें गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाती हैं, वहीं ई-रिक्शा चालक जनता की सुविधा के लिए निरंतर कार्यरत रहते हैं। ऐसे लोगों को सम्मानित करना समाज के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। राकेश सिंह ने बताया कि उन्होने पवित्र सावन महीने मे अपने विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों मे दलित व पिछड़ी जाति की बस्ती से कीचड़ व जल भराव समाप्त करने का संकल्प लिया और अब तक एक सैकड़ा से अधिक गाँवों मे उनका संकल्प सम्पूरित हो चुका है। पूर्व विधायक ने कहा कि जो लोग जन शक्ति की दम पर पद और प्रतिष्ठा पा गये और आम आदमी से दूर हो गये, वे उनके विकास कार्यो को लेकर टिप्पणी करते हैं। उन्होने कहा कि ऐसे लोगों का चरित्र जनता समझ चुकी है। समय आने पर यह जनता उन्हे उनकी जगह दिखा देगी। वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण जीवन तिवारी ने अपने सम्बोधन मे राकेश सिंह के सामाजिक समर्पण की चर्चा की। उन्होने कहा कि दिन रात आम जनता के बीच रह कर उनकी परेशानी, उनकी समस्या और उनके दर्द को महसूस करके उसका त्वरित निदान करने वाली शख्शियत का नाम राकेश सिंह है। कृष्ण जीवन ने राकेश सिंह को विकास पुरुष बताया और कहा कि उनकी सेवा के प्रतिमान हर गाँव मे, हर गली मे मौजूद हैं। कार्यक्रम आयोजक अखिल विश्वकर्मा लकी लोहार ने आशा बहुओं को सेवा की प्रतिमूर्ति और ई रिक्शा चलाने वालों को सड़क पर भटकते यात्रियों का मददगार बताया। लकी ने राकेश प्रताप सिंह के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की और बताया कि वे आने वाले पंचायत चुनाव में सताँव क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होने उपस्थित जन समुदाय से सहयोग माँगा और कहा कि वे समर्पित भाव से आम आदमी की सेवा का संकल्प लेकर निकले हैं, लेकिन यह संकल्प तभी पूरा होगा जब समाज उनके समर्थन मे साथ खड़ा होगा। समारोह में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक, आशा बहुयें, गाँव की महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। दीपावली त्यौहार पर आयोजित इस समारोह में मिष्ठान व उपहार पाकर आशा बहुओं व ई रिक्शा चालकों के चेहरे खिल उठे।

## 2100 दीपों से जगमगाया संघ कार्यालय, धूमधाम से मनाया दीपोत्सव



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ले स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में शनिवार की शाम दीपोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्वयंसेवकों ने 2100 दीप जलाकर भारत माता का आकर्षक चित्र बनाया। भारत माता की आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। कार्यालय परिसर को रंग बिरंगी झालरों और दीपों से सजाया गया। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के सामने दीपों की सुंदर सजावट की गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता सचिन रस्तोगी ने कहा कि दीपोत्सव परंपरागत भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। संघ इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसके तहत नगर और खंड स्तर पर पथ संचलन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला प्रचारक अजीत, उद्यम जायसवाल, केसी गुप्ता, इंद्रेश सिंह, अनिल शर्मा, राजेश सोनी, पुष्पम, गौरव शुक्ला, रमेश सिंह, भास्कर, अविनाश, नवीन साहू और एडवोकेट पंकज पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में दीपों का पर्व दीपावली पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रांगण को रंग.बिरंगी झालरों, दीपों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर प्रकाश और उत्सव के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी के दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी विद्यालय की जूनियर विंग की छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया। वहीं सुंदर भजन की प्रस्तुति प्राइमरी विंग के छात्रों द्वारा दी गई। इसके साथ ही दीपावली के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें पोस्टर मेकिंग, दिया डेकोरेशन, रंगोली कंपटीशन, रंगीन मोमबत्ती बनाना तथा तोरण मेकिंग प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बच्चों द्वारा सजाए गए दीप, रंग-बिरंगी रंगोलियाँ और सुंदर तोरण एवं पोस्टर उन बच्चों की क्रिएटिविटी के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षको के कुशल मार्गदर्शन को दिखा रहे थे। अंत में प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। हमें इस पावन पर्व पर स्वच्छता, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम समापन पर विद्यालय मैनेजमेंट द्वारा अपने समस्त स्टाफ को उपहार एवं विद्यार्थियों को मिठाइयाँ वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय की कॉर्डिनेटर कविता शर्मा, सहित सभी टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

## आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले हुआ दीपावली मिलन कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** प्रदेश स्तरीय प्रिंट मीडिया के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले लालगंज नगर के महावीर इन में दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शेर बहादुर सिंह ने किया ।वहीं कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी जेपी सिंह और चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने पत्रकारों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली का त्यौहार त्रेता युग से प्रारंभ हुआ था ।जब भगवान श्री राम लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे और उनके स्वागत सम्मान में उनके अनुज भरत ने पूरी अयोध्या को घी के दीपों से सजा कर रोशनी किया था। उसी परंपरा के अनुसार हिंदू संप्रदाय के लोग दीपावली का त्यौहार बड़े ही हंसी खुशी से मनाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने सभी पत्रकारों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र से सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह ने कहा कि कलियुग में संगठित होकर ही कोई कार्य किया जा सकता है। उन्होंने पत्रकारों को संगठित रहने की नसीहत दी और साफ सुथरी पत्रकारिता करने को प्रेरित किया। महावीर इन होटल के प्रोपराइटर डब्बू पांडे ने भी कार्यक्रम में सराहनीय योगदान किया।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश महासचिव देवेशअग्निहोत्री, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद याकूब, प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत विजय सिंह, प्रदेश सचिव अतुल त्रिपाठी, विजय सिंह, संजय सिंह, रामबाबू गुप्ता, शीतला गुप्ता, सुरेश बहादुर सिंह, अभिषेक शर्मा, शशि राज पटेल, चंद्रशेखर शरण सिंह, विकास तिवारी, अवनीश पांडे, अशोक शुक्ला, देवेंद्र अवस्थी, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, मोहम्मद परवेज, शिवम गुप्ता, जितेंद्र बाजपेई, रणविजय सिंह, मोहम्मद अफजल, अभय सिंह, अनुज अग्निहोत्री, अंकित सूर्यवंशी, रावेंद्र सिंह आदि सम्मानित पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा पत्रकारों से कराओ काम

डलमऊ रायबरेली। गांव में आने जाने वाले आम रास्ते को खुलवाने के लिए ग्रामीण भटक रहे हैं समाधान दिवस में शिकायत के एक माह बीत जाने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ ग्रामीण पुणे जब एसडीएम के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो एसडीएम ने कहा पत्रकारों से काम करवा लो। डलमऊ तहसील क्षेत्र के दुर्गापुर सूरजपुर बनापार में एक व्यक्ति द्वारा आम रास्ते पर जबरन दीवाल बनाकर बंद कर दिया गया एक माह पहले गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने समाधान दिवस में पहुंचकर रास्ते को खुलवाए जाने की गुहार लगाई थी शिकायत पर खंड विकास अधिकारी गौरा ने मौके पर पहुंच कर दीवाल हटाने को कहा लेकिन दीवाल नहीं हटाई गई।

## सीओ अमित सिंह ने गरीब बस्ती में बांटे मिठाई और पटाखे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के शुभ अवसर पर सीओ अमित सिंह की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने गरीब बस्ती में मिठाई और पटाखे बांटे।

मिठाई और पटाखे पाकर गरीब बस्ती के बच्चों और महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक के प्रमोद कुमार सिंह के अलावा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मंदिर के आश्रम में धर्मपत्नी के साथ सो रहे पुजारी की रात बेरहमी से हत्या



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** मंदिर के आश्रम में धर्मपत्नी के साथ सो रहे एक पुजारी की धनतेरस की रात बेरहमी से हत्या कर दी गई। सुबह पुजारी का शव मंदिर के बाहर पड़ा खून से सना मिला है। बदमाशो के हमले में मृतक की पत्नी घायल हुई है। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। हत्या की सूचना पर एएसपी रायबरेली ने फरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर साक्ष्य संकलित किये है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर दो लोगो को हिरासत में लिया है। शाहजहांपुर जिले के रहने वाले बाबा मोहन नाथ अघोरी लगभग बीस वर्षों से बंगाली पत्नी द्रोपदी अघोरी के साथ सलोन कोतवाली क्षेत्र के मुर्तजा नगर गांव स्थित आश्रम में रहकर पूजा-पाठ, तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक का कार्य करते थे। मृतक की पत्नी द्रौपदी अघोरी के अनुसार धनतेरस की रात करीब बारह बजे सुखदेव बंगाली और संजय बंगाली नामक दो लोग आश्रम पहुंचे और बाबा से झाड़-फूंक कराने की बात कहने लगे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी और झगड़ा हो गया।द्रौपदी ने बीच-बचाव किया तो मामला शांत हुआ और दोनों आरोपी मिठाई लेकर अपने घर लौट गए। रात करीब तीन से चार बजे के बीच जब अघोरी बाबा मोहन नाथ और उनकी पत्नी आश्रम के टीन शेड के नीचे सो रहे थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने बाबा के सिर पर धारदार हथियार से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव में आई उनकी पत्नी द्रौपदी अघोरी के गले में भी गहरे जख्म आए। वह किसी तरह जान बचाकर बाहर निकलीं और ग्रामीणों को सूचना दी। सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई तो पूरा इलाका दहशत और आक्रोश से भर उठा। बड़ी संख्या में लोग कारेदेवन धाम पहुंच गए। एएसपी समेत पुलिस अमले ने मौके पर पहुंचकर घायल द्रौपदी को सीएचसी में भर्ती कराया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और अन्य साक्ष्य एकत्र किए है। एएसपी संजीव सिन्हा ने जांच की निगरानी की और बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर सुखदेव बंगाली व संजय बंगाली के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## त्योहार के नजरिए से एक्टिव मोड में रही डलमऊ पुलिस

**आतिशबाजी की दुकानों को प्रभारी ने लिया जायजा, संपन्न मिले दस्तावेज**

**पुल बंद होने की वजह से मुराई बाग कस्बे में ज्यादा वाहनों का आवागमन, पटरी पर ट्रैफिक व्यवस्था**




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** मुराई बाग कस्बे में बड़े और छोटे वाहनों की भरमार की वजह से जाम के हालात पैदा होते लेकिन पुलिस की सक्रियता की वजह से दीपावली के पर्व की खरीदारी में क्षेत्रीय जनता को कस्बे के अंदर जाम की समस्या से ज्यादा न जूझना पड़े। इसको लेकर पुलिस की सक्रियता से सकारात्मक परिणाम दिखाई पड़े बीते रविवार को मुराई बाग कस्बे की बाजार और दीपावली की खरीदारी के साथ छोटे बड़े वाहनों खास कर डंफर की भरमार और चौराहे में चल रहे। सुंदरीकरण का कार्य भारी जाम के हालात उत्पन्न कर सकता था किंतु कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल और चौकी इंचार्ज मुराई बाग राजकिशोर अग्निहोत्री की सक्रियता से जाम जैसे हालात और कोई अन्य व्यवधान उत्पन्न नहीं हो सका दूसरी ओर आबादी वाले इलाकों में आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षक कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल स्वयं करते नजर आए जहां पर कनहा चौराहे में आतिशबाजी की दुकान का निरीक्षण करते हुए प्रभारी श्याम कुमार पाल ने मानक और कागजी फोरम की जांच में आतिशबाजी की दुकानों में पूर्णता स्पष्ट और सही कागजात उपलब्ध पाए गए। लालगंज का गंगा गेगासो पुल बंद होने की वजह से डलमऊ पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत इन दिनो करनी पड़ रही है फतेहपुर बांदा जाने वाले सभी छोटे से बड़े वाहन मुरईबाग कस्बे से होकर गुजर रहे हैं जिस वजह से 24 घंटा यहां पर ट्रक और डंफर का भारी जखीरा लगा रहता है जिस कारण से आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले के दृष्टिगत डलमऊ प्रभारी श्याम कुमार पाल की अगुवाई वाली डलमऊ पुलिस को काफी रणनीतिपूर्ण तरीके से पुलिसिंग कार्यवाही को अंजाम देना पड़ सकता है।

बहरहाल बीते दिन और धनतेरस के दिन कस्बे में भारी जाम की समस्या उत्पन्न होने के कयास पहले से ही लगाए जा रहे थे किंतु पुलिस की सूझबूझ की वजह से धनतेरस और दीपावली की खरीदारी क्षेत्रीय जनता कुशल पूर्वक कर सकी जो पुलिस की बेहतर कार्य शैली को दर्शाती है।

## तिरुपति बालाजी पब्लिक स्कूल में मनी दीवाली, झांकी ने मोहा मन

**प्रिंसिपल नेहा सिंह व प्रबन्धक ज्ञान सिंह ने बाँटे उपहार व मिष्ठान!**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सताँव, रायबरेली।** अटौरा बुजुर्ग स्थित तिरुपति बालाजी पब्लिक स्कूल मे बच्चों, शिक्षिकाओं व प्रधानाचार्या ने विद्यालय मे आकर्षक ढंग से दोपोत्सव मनाया। दीपावली पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या नेहा सिंह व प्रबन्धक ज्ञान सिंह ने शिक्षिकाओं, स्कूल स्टॉफ व आमंत्रित गणमान्य लोगों को उपहार व मिष्ठान देकर समानित किया। विद्यालय प्रबन्धक ज्ञान सिंह, उनकी सहधर्मिणी विटान सिंह व प्रधानाचार्या नेहा सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश व माता लक्ष्मी का पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबंधक ज्ञान सिंह ने दीपावली मनाने का मकसद समझाया।

प्रधानाचार्या नेहा सिंह ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हमें सिखाता है कि जैसे दीपक अंधकार को दूर करता हैए वैसे ही हमें अपने मन के अंधकार को मिटाकर समाज में प्रकाश फैलाना चाहिए। दीपोत्सव के इस आयोजन में विद्यालय मे शानदार रंग-बिरंगी रंगोलियों एवं दीपों से सजाया गया था। प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षा जीवन से अंधकार को दूर कर उजाला फैलाने का कार्य करती है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित व पर्यावरण हितैषी दीपावली मनाने की सलाह दी। आयोजन मे माता लक्ष्मी व गणेश के अलावा विभिन्न रूपों में सजे बच्चों की झाँकी ने सबका मन मोहा। ससमारोह के समापन पर सभी को मिष्ठान व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# धनतेरस पर निकाला गया फ्लैग मार्च



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** धनतेरस पर्व पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।धनतेरस पर्व एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था, शान्ति व सुरक्षा बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मार्गो/बाजार क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से संवाद कर सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ज्वैलर्स की दुकानों पर जाकर व्यापारियों से वार्ता की गई तथा उन्हें सतर्क रहने, संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने एवं अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित रखने हेतु जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद वासियों को धनतेरस व दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी गयीं।

# जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई मिठाई

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी ।** रविवार को विकास खण्ड मसौली के ग्राम सफदरगंज में समाजसेवी मो0 रफीक एवं उस्मान सिद्दीकी ने इस बार दीपावली का पर्व कुछ अलग अंदाज में मनाकर समाज में आपसी भाईचारे और इंसानियत की मिसाल पेश की । उन्होंने अपने घर पर दीप जलाने और सजावट करने के साथ-साथ कस्बे के गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचकर उन्हें मिठाई और नए कपड़े वितरित किए।मो0 रफीक ने कहा कि दीपावली खुशियों का पर्व है, और जब तक समाज के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान नहीं आती । तब तक त्योहार का असली अर्थ अधूरा रहता है। उन्होंने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में जाकर सैकड़ों जरूरतमंदों को मिठाई , कपड़े और बच्चों को खिलौने भी बांटे।समाजसेवी मो0 रफीक एवं उस्मान सिद्दीकी के इस मानवीय प्रयास की कस्बे में जमकर सराहना हो रही है। लोगों ने कहा कि उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सद्भाव का जो उदाहरण पेश किया है । वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। मो0 रफीक एवं उस्मान सिद्दीकी के इस कदम से न केवल जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान आई, बल्कि दीपावली की खुशियां भी और ज्यादा उजली हो गई।कस्बावासियों ने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की मौजूदगी ही इंसानियत को जिंदा रखती है। रफीक ने अपने कार्य से यह साबित किया कि धर्म या मजहब से ऊपर उठकर एक-दूसरे की मदद करना ही सच्ची मानवता है।

# शहर की पटाखा बाजार का गोप ने किया उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** दीपावली पर्व की रौनक पटाखों के बिना अधूरी मानी जाती है। इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए नगर की बड़ेल नहर के पास आज पटाखा बाजार का भव्य उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने फीता काटकर बाजार का शुभारंभ किया। मौके पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता, स्थानीय व्यापारी और पटाखा खरीददार मौजूद रहे।हर वर्ष की तरह इस बार भी पटाखा बाजार का आयोजन व्यापारी नेता राजीव गुप्ता बब्बी की अगुवाई में किया गया है। बाजार में लगी दुकानों पर फुलझड़ी, अनार, चकरी, महताब, रॉकेट, बम और रंग-बिरंगे पटाखों की भरमार है।बाराबंकी ही नहीं, बल्कि लखनऊ और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में खरीदार बाजार पहुंच रहे हैं।व्यापारी राजीव गुप्ता बब्बी ने बताया कि, बाजार की पूरी व्यवस्था प्रशासन की अनुमति के साथ सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर की गई है। पहले ही दिन लाखों रुपये की बिक्री की उम्मीद है।पटाखा बाजार के उद्घाटन के मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि दीपावली का पर्व खुशी, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि, ÷दीपावली का त्योहार पूरे देश और दुनिया में उल्लास के साथ मनाया जाता है। समाज में प्रेम और एकता का दीप हमेशा जलता रहना चाहिए।पूर्व मंत्री ने आयोजक राजीव गुप्ता बब्बी और सभी व्यापारियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह का बाजार लगाना आसान नहीं होता - इसके लिए प्रशासनिक अनुमति और कई कागजी प्रक्रियाएं पूरी करनी पड़ती हैं। उन्होंने सभी से सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर दीपावली मनाने की अपील की।

# आटो एव बाईक की जोरदार टक्कर

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी ।** मसौली चौराहे से कस्बा मसौली जाने वाले मार्ग पर स्थित पुराने भट्टे के पास आटो एवं बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना मे आटो और बाईक सवार दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी बाइक से मसौली चौराहा जा रहे थे कि सामने से आ रहे आटो की आमने सामने टक्कर हो गयी दुर्घटना मे आटो चालक बाईक चालक मनोज दोनों घायल हो गए।

## प्रेम और सद्भाव का संदेश देती है दीपावली: शरद

**रामनगर बाराबंकी।** रामनगर के लोधेश्वर महादेवा में आज पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। बताते चले कि मंदिर प्रांगण में रंगोली सजाकर दीप सजाने का कार्य दोपहर से ही आज प्रारंभ हुआ और सूर्यास्त के समय दीप प्रज्वलित कर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शरद अवस्थी ने कहा कि दीपावली अज्ञान से ज्ञान की ओर, बुरे कामों को छोड़कर अच्छे कार्यों को करने तथा आपसी द्वेष भाव भूल कर भाईचारा व प्रेम पूर्वक रहने का संदेश देता है।

## खबर एक नजर

### बाइक के टकरा जाने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** गेहूं भरी बोरी लेकर चक्की पर जा रहा एक युवक बाईक के पेड़ से लड़ जाने से घायल हो गया। सीएचसी पहुँचाये गये घायल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मुर्तिहा मजरे तेजवापुर गाँव निवासीशशांक पटेल उर्फ राजू 20 पुत्र वीरेंद्र वर्मा रविवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से गेहूँ की बोरी लादकर चक्की पर जा रहा था कि तभी रास्ते में बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से लड़ गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय लोगों ने घायल युवक को एंबुलेंस 108 की मदद से तत्काल सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुचाया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### उपहार पाकर खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। इस बात को चरितार्थ करते हुए भिखरा ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह ने रविवार को अपनी ग्राम पंचायत के सभी परिवारों में दीपावली के उपहार वितरित किए। उपहार पाकर सभी ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। नीरज सिंह ने कहा कि सभी तो अपने लिये जीते है, परन्तु उनकी सोच है कि रोशनी के इस पर्व पर जब तक उनकी ग्राम पंचायत के किसी भी घर में अंधेरा रहेगा तो उनका त्योहार मनाना कहा सार्थक होगा। श्री सिंह का नेकी का यह अभियान पिछले 8 वर्षो से अनवरत जारी है।

### घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।**बहुत ही घटिया ढंग से सड़क नवीनीकरण का आरम्भ होने से नाराज ग्रामीणों ने काम रुकवाकर ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया।मामले की जानकारी पाने के बाद एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है।मामला तहसील मुख्यालय से सटे गोतौना गांव से निकली कौड़ियि तक जाने वाली पिच रोड का है।ढाई दशक पहले मंडी परिषद से बनी एक किमी लंबी गोतौना-कौड़िया पिच रोड जर्जर हो गई थी।ग्रामीणों की भागदौड़ के बाद इस जर्जर हो चुकी सड़क का नवीनीकरण का कार्य रविवार को शुरू किया गया।सड़क पर कार्य शुरू होते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीण इसकी गुणवत्ता देख हतप्रभ रह गए।ठेकेदार ने सड़क की मिट्टी साफ किए बिना ही थोड़े से पत्थर डालकर सीधे डामर डालना शुरू कर दिया। था ग्रामीणों ने जब घटिया निर्माण का विरोध किया तो ठेकेदार के वर्कर धमकाने लगे।थोड़ी ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी करने लगी।इसके साथ ही ग्रामीणों ने एसडीएम राजेश विश्वकर्मा व मंडी समिति एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से फोन से बात की। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि घटिया निर्माण होने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### नव निर्मित मंदिर में हुई हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** तहसील परिसर में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रविवार को भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना की गई।रविवार को पूजा अर्चना के बाद तहसील मुख्यालय से बंजरगबली की भव्य रथ यात्रा निकाली गई नगर के प्रेमदास कुटी, रामेश्वरम शिवाला मंदिर, विजयी हनुमान मंदिर,हाइवे पर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर, पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर, बाबा पुरवा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का भ्रमण करके पुनः तहसील मुख्यालय पहुंचकर संपन्न हो गई।इसके उपरांत पांच आचार्यो द्वारा वेद मंत्रो से श्री हनुमान जी की ध्यान मुद्रा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।कार्यक्रम में आचार्य गोपीकृष्ण पांडे,आचार्य राधा कृष्ण पांडे,आचार्य प्रपन्नाचार्य जी,आचार्य हरी कृष्णा पांडे,आचार्य मुकेश शास्त्री,राम प्रताप सिंह,विवेक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शिक्षामित्र व अनुदेशकों की उम्मीद पर फिरा पानी

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** योगी सरकार से उम्मीद लगा कर बैठे प्रदेश के लगभग चार लाख शिक्षामित्र और अनुदेशकों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। दीपावली के पहले मानदेय में बढ़ोतरी की उम्मीद लगाए बैठे शिक्षामित्र एवं अनुदेशक के परिवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कोई घोषणा न किए जाने से निराश है। बीते करीब 1 महीने से चर्चा का माहौल गर्म था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शायद दिवाली के पहले मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा की जाए क्योंकि उन्होंने अपने पिछले वक्तव्य में इस बात का जिक्र किया था। शिक्षामित्र अनुदेशक दीपावली के पहले सरकारी घोषणा की उम्मीद लगाए बैठे थे कि इतने साल बेसिक शिक्षा विभाग को देने के बाद कम से कम मौजूदा महंगाई को देखते हुए मानदेय की बढ़ोतरी होगी तो उनका घर परिवार ठीक ढंग से चल सकेगा लेकिन धनतेरस बीतने के बाद दीपावली जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है शिक्षामित्र और अनुदेशको के उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है जिसके कारण वह बहुत मायूस नजर आ रहे हैं।

### चयन वेतनमान को लेकर के शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।**चयन वेतनमान आनलाइन माध्यम से स्वीकृत करने में हो रही विसंगतियों को लेकर परिषदीय शिक्षकों ने बीईओ धर्मेन्द्र प्रसाद को ज्ञापन दिया।शिक्षक नेता विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि महानिदेशक के शिक्षकों के चयन वेतनमान ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकृत किए जाने के आदेश के बाद ब्लॉक हैदरगढ़ के करीब 76 आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भेजे गए।बताया कि 12 चयन वेतनमान ऑफलाइन माध्यम से स्वीकृत किए जाने के बाद कई शिक्षकों की सेवा पंजिकाओं में कमिया होने के कारण उनका आवेदन जिला स्तर पर प्रेषित नहीं किया जा सकता है।जिसके कारण कई शिक्षकों के चयन वेतनमान से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह,महामंत्री कुलदीप मिश्रा आदि शामिल रहे।

# लोको पायलट बन कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी ।** विकास खण्ड मसौली के बांसा गांव निवासी अबू उसामा उर्फ सहजादे ने मदरसे से शुरूआती तालीम हासिल कर पहली बार में सहायक लोको पायलट बन कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मिठाई की दुकान के सहारे बच्चों को अच्छी तालीम देकर कामयाब बनाने वाले पिता बेटे की कामयाबी पर फुले नही समा रहे है।बताते चले कि सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह रह0 की दरगाह बासा शरीफ मे दरगाह के निकट मिठाई की दुकान चलाने वाले कफील उर्फ मुन्ना के पुत्र अबू उसामा सहजादे ने कस्बे मे स्थित मदरसा रज्जाकिया, नाजिरिया मे शुरूआती तालीम हासिल करते हुए हाई स्कूल की परीक्षा पास की इसके बाद मसौली चौराहा स्थित सार्वजनिक शिक्षण संस्थान से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर करने के बाद जहाँगीराबाद इंस्टीयूट से ग्रेजुएशन कर तैयारी मे जुट गये और पहले ही प्रयास मे गौरखपुर जोन से सहायक लोको पायलट बनकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया ।अबू उसामा के पिता कफील उर्फ मुन्ना ने बताया कि मिठाई की दुकान से होने वाली आमदनी से अपने पुत्र को अच्छी शिक्षा दी, जिसकी बदौलत उसने हमारे सपनों को साकार किया है। हालांकि उसने प्राथमिक शिक्षा कस्बे के ही मदरसे में पूरी की है। सहायक लोको पायलट बने अबू उसामा का मानना है कि संघर्ष और मेहनत कभी भी बेकार नहीं जाती है निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए सफलता एक न एक दिन अवश्य मिलेगी। अबू उसामा ने बताया कि मेरे कामयाबी मे मेरे बड़े भाई अबू तलहा उर्फ राजा का बहुत योगदान रहा जिन्होंने आर्थिक तंगी के कारण स्वय इंटर के बाद पाई छोड़कर पिता के साथ दुकान संभाला और मुझे कामयाब बनाया अबू उसामा उर्फ सहजादे ने मौलाना अहमद अली की दुआए एव दोस्त नदीम, इकबाल एव सुल्तान की प्रेरणा मेरी कामयाबी के स्त्रोत बताया।

## चिकित्सकों की टीम ने पक्षियों और मुर्गी फार्मों की रेंडम जांच की


**स्वतंत्रभारत,बाराबंकी।** पशुपालक विभाग की ओर से जिले में खतरनाक बीमारी ग्लैंडर्स और बर्डफ्लू की जांच की जा रही थी। 87 घोड़ा, खच्चर और गधों में होने वाली खतरनाक बीमारी ग्लैंडर्स की जांच के लिए खून का सैंपल हरियाणा भेजा गया है। वहीं, 180 नमूने बर्डफ्लू के बरेली भेजे गए हैं।घोड़ा ऐसा पशु है, जिसमें ग्लैंडर्स या फार्सी रोग जल्दी फैलता है, यह लाइलाज बीमारी है। पूरे प्रदेश से घोड़ों की जांच शुरू कर दी गई है। जिले से 87 घोड़ों के खून का नमूना हरियाणा भेजा गया है। पांच वर्ष पहले इस खतरनाक बीमारी के 10 घोड़ों में लक्षण मिले थे। इन पशुओं को दर्द रहित इंजेक्शन देकर मार कर जमीन में दफ्न कर दिया गया था। ग्लैंडर्स बीमारी की जांच उत्तर प्रदेश में संभव नहीं है। यहां ऐसी लैब नहीं है, जहां ग्लैंडर्स की जांच हो सके। हरियाणा के हिसार अनुसंधान केंद्र में सैंपल भेजा गया है।

# गरीबों के साथ मनाई दीपावली



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** श्री खाटू श्याम जनसहयोग फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा आज झोपड़पट्टी और फुटपाथ पर जीवन यापन कर रहे गरीबों के बीच में जाकर उनके साथ दीपावली मनाई गई और उनको भोजन कराने के साथ-साथ, लावा मिठाई और चुरा का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक प्रवेश शर्मा द्वारा बताया गया कि हमारी संस्था भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करती है जिससे उनके अच्छे भविष्य का निर्माण हो सके। बताया गया कि हमारी संस्था द्वारा झोपड़पट्टी और फुटपाथ पर जीवन यापन कर रहे लोगों की मदद करती है। संस्था द्वारा समाज की सबसे गरीब व्यक्तियों की बेटी के विवाह में हर संभव सहयोग करती है। संस्था के सदस्य रूप में मुख्य रूप से, बाल गोविंद, सत्यवान चौरसिया जी, अरुण शर्मा जी, चंद्रदीप यादव, संदीप यादव जी, गुड्डू यादव जी थे सिंगर राहुल यादव गुरु जी थे। विशेष सहयोग श्री विश्वा मोहन शर्मा का रहा है।

# लोडेड वाहनों के गुजरने से सड़क हो रही जर्जर, जिम्मेदार मौन



**मसौली, बाराबंकी।** बाराबंकी रामनगर हाईवे के शहाबपुर टोल प्लाजा पर टोल बचाने के चक्कर में शहाबपुर कस्बे से होकर जहांगीराबाद को जानें वाली सड़क जर्जर हालत से गुजर रही है।जिस पर बड़े बड़े गड्ढे और कच्ची पटरी की मिट्टी नदारत होने से अक्सर छुटपुट दुर्घटनाएं होती रहती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मूकदर्शक बने हुए है। बाराबंकी-रामनगर हाईवे के शहाबपुर चौराहा के निकट टोल प्लाजा है।टोल बचने के चक्कर में सैकड़ों वाहन कस्बे में होकर जहांगीरबाद वाली सड़क से निकलते है।जिस पर लोडेड एवं बड़े वाहनों के निकलने से सड़क काफी जर्जर हालत से गुजर रही है। और कच्ची पटरी की मिट्टी भी नदारत हो चुकी है। उक्त गड्ढों में बरसात के पानी के जल भराव से निकलना दूभर हो जाता है। हालांकि प्रति दिन टोल से बचने के लिए सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है।

## दिन दहाड़े व्यक्ति पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत,सिद्धौर, बाराबंकी।** नगर पंचायत सिद्धौर क्षेत्र के मोहल्ला शेखन टोला में चाय की दुकान पर बैठे व्यक्ति पर पांच लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप है। इसकी शिकायत पर असंद्रा पुलिस ने चार सगे भाइयों समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चौकी सिद्धौर क्षेत्र के नगर पंचायत सिद्धौर अंतर्गत मोहल्ला शेखन टोला निवासी वकील अहमद का कहना है कि शनिवार को वे अपने चाचा की चाय की दुकान पर मोहम्मद जहीर और फुरकान के साथ चाय पी रहे थे। आरोप है कि तभी नूरआलम, मोहम्मद सुऐब, मोहम्मद आमिर पुत्रगण मोहम्मद यूनुस और मोहम्मद रिजवान पुत्र मेराज उर्फरज्जू लाठी-डंडे लेकर अचानक वहां आ गए और उन पर हमला कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और बीच-बचाव कराया। उसने बताया कि 17 अक्टूबर की शाम भी मोटरसाइकिल से घर जाते समय भी उस पर हमला किया गया था।

# पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान बालिकाओं को बताये सुरक्षा के उपाय




**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** रविवार को प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, सीएम हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेन्टर, साइबर हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन, एम्बुलेन्स सेवा, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय, राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## खुलकर मैदान में आने लगे हैं प्रधान पद के दावेदार

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** आगामी वर्ष होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य के दावेदारों ने मतदाताओं की गणेष परिक्रमा शुरु कर दी है। जो भी कोई मतदाता नजर आता है उसके पास जा करके दावेदार इस तरह से पेष आते हैं और हालचाल पूछते हैं जैसे वह रोज ही नजर आते हों। मतदाताओं की खिदमतदारी के कारण चर्चा जोरो पर हो गयी है कि फ्ला व्यक्ति प्रधान पद का चुनाव लड़ने को तैयार है। जानकारी के अनुसार, जनपद बाराबंकी में विकास खण्ड हरख, देवा, निन्दूरा, फ्तेहपुर, सूरतगंज, रामनगर, मसौली, सिरौलीगौसपुर, पूरेडलई, दरियाबाद, बनीकोडर, सिद्धौर, हैदरगढ़ और त्रिवेदीगंज सहित कुल 14 विकास खण्ड हैं। पूरे जनपद में लगभग 1150 ग्राम पंचायते हैं। जब से मतदाता सूची का पुननिरीक्षण कार्य शुरु हुआ है उसके बाद प्रधान पद के दावेदारों की कतार भी बढ़ने लगी है।

# जमीयते अहले हदीस की बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी ।** जमीयते अहले हदीश की एक अहम बैठक विकास खण्ड हरख के ग्राम टेरा टिकरा मे मो0 दाऊद की सदारत एव अब्दुल मालिक जैदपुरी की निजामत मे सम्पन हुई बैठक मे दीन की बातो को लोगो तक पहुंचाने एव वर्ष 2026 मे जिलाध्यक्ष के चयन पर चर्चा की गयी।बैठक की शुरुआत हाफिज आसिफ अली के तिलावते कुरान शरीफ से हुई तथा बैंठक मे उपस्थित जमीयते अहले हदीश के जिम्मेदारानो से रूबरू होते हुए हा?िज कमाल कुर्सीवी ने कहा कि दीन की बातों को समाज तक पहुंचाना अहले हदीस का प्रमुख मकसद है कुरान और हदीस को सीधे समझना और उनका पालन करना ही इस्लाम को सही मायने में जानने और जीने का तरीका है। इसलिए धार्मिक ग्रंथों के संदेशों को लोगों तक पहुँचाना और हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत के अनुसार जीवन जीने हदीस नमाज़, रोज़ा, जकात पर चर्चा की।हाफिज आसिफ अली बैठक मे रूबरू होते हुए कहा कि हमें इस बुनियादी उसूल को कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारा फ़रीज़ा है इस्लाम को पूरी तरह लागू करना इस बात में शक नहीं कि अल्लाह की मदद उस वक़्त मिलेगी जब हम अल्लाह के दीन की मदद करेंगे अगर तुम अल्लाह की मदद करोगे तो अल्लाह तुम्हारी मदद करेगा यानी अल्लाह के दीन की मदद कीजिए अल्लाह तुम्हारे क़दमों को मज़बूती अता करेगा उन्होंने कहा कि अल्लाह के बारे में बदगुमानी न रखो अगर कोई इंसान यह सोचे कि अल्लाह अपना वादा पूरा नहीं करता, तो यह अल्लाह के बारे में बहुत बड़ी बदगुमानी है। बैठक मे जिलाध्यक्ष (अमीर) सैफ उर रहमान फतेहपुरी एव सचिव उमर सुल्तान फतेहपुरी के नाम शामिल होने पर जमीयते अहले हदीश के जिम्मेदार लोगो ने नाराजगी जताते हुए अगले साल होने वाले जिलाध्यक्ष (अमीर) के चयन पर चर्चा की गयी तथा इस बात पर सहमति बनी कि इस बार ऐसे (अमीर) का चयन किया जाय जो दीन की बातो को लोगो तक पहुंचा सके।इस दौरान हाफिज हमीद उर रहमान, मो0 वक्कार, मो0 असलम, हाफिज शाकिर अली, ह?ीज उर रहमान सहित जमीयते अहले हदीश के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेला देखकर लौट रहे युवक पर दोस्त ने चाकू से किया जानलेवा हमला

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जि़ले के देवा थाना क्षेत्र में मेला देखकर अपने दोस्त के साथ लौट रहे एक युवक पर दबंगों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पीड़ति इनायत रसूल पुत्र सरताज रसूल निवासी मोहल्ला गयास नगर, कोतवाली नगर, बाराबंकी ने देवा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने दोस्त अरसलान खान पुत्र आसिफ खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज, कोतवाली नगर के साथ 17 अक्टूबर की रात देवा मेला देखने गया था।मेला देखकर देर रात जब दोनों वापस लौट रहे थे, तभी देवा नहर के पास मुख्तार नामक युवक अपने 20-25 साथियों के साथ बदतमीजी और हुड़दंग करता हुआ मिला।इनायत ने बताया कि जब उसने और अरसलान ने विरोध किया तो आरोपी मुख्तार और उसके साथियों ने गालियां देते हुए लात-घूंसे और बेल्टों से मारना शुरू कर दिया।हमले में अरसलान के सिर पर दो जगह गंभीर चोटें आई, वहीं मुख्तार और उसके साथियों ने इनायत रसूल को जमीन पर गिराकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पीठ और कमर पर कई घाव लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।चीख-पुकार सुनकर मेले में मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।पुलिस ने घायल इनायत रसूल को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे बाराबंकी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल इनायत रसूल की हालत गंभीर बनी हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।इस घटना के बाद देवा कस्बे के लोगों में दहशत का माहौल है।

# रोहित, कोहली ने वापसी पर किया निराश

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारत को सात विकेट से हराया




**नई दिल्ली।** विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने संघर्ष करते हुए नौ विकेट पर 136 रन बनाये लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आये मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान और स्थानीय गेंदबाज मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाये रखा।

अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों जैसा नियंत्रण नहीं दिखा पाई। इन गेंदबाजों ने मेजबान टीम को आसानी से रन बनाने के मौके दिये। मार्श ने उनकी खराब लाइन-लेंथ का फायदा उठाते हुए तीनों की गेंदों पर एक-एक छक्का जड़ा। इस दौरान सिराज की गेंद पर कवर क्षेत्र के ऊपर से लगाया गया छक्का मुख्य आकर्षण रहा। फिलिप ने भी आक्रामक पारी खेलकर अपने कप्तान का शानदार तरीके साथ साथ दिया। उनके आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे मैट रेनशॉ ने नाबाद 21 रन की पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 1-0 की बढ़त दिला दी। भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो सही साबित हुआ। रोहित शर्मा (आठ रन) नए कप्तान शुभमन गिल के साथ क्रीज पर आए तो स्टेडियम में मौजूद दर्शकों जोरदार स्वागत किया, लेकिन उनकी पारी सिर्फ 14 गेंद ही चली। रोहित ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव खेल अपने सुनहरे दिनों की झलक दिखाई लेकिन उनकी पारी में यह आत्मविश्वास से जड़ा गया इकलौता शॉट साबित हुआ। वह जोश हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल वाली गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले को छूती हुई दूसरी स्लिप में रेनशॉ के हाथों में चली गई। कोहली का स्वागत स्टेडियम में और भी जोरदार तालियों से हुआ, लेकिन वनडे क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल यह बल्लेबाज अपनी महानता से न्याय करने में विफल रहा। वह एक बार फिर अपनी पुरानी कमजोरी का शिकार बने। स्टार्क की बाहर निकलती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में गयी और कूपर कोनोली ने शानदार कैच पकड़ उनकी आठ गेंद की पारी को खत्म किया। कोहली पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।

सीनियर खिलाड़ियों को अब एडिलेड और सिडनी में होने वाले अगले वनडे मुकाबलों में ठोस प्रदर्शन दिखाकर यह साबित करना होगा कि उनके पास अभी लंबा सफर तय करने का माद्दा है। अपने दिग्गज साथियों के विपरीत शुभमन गिल आत्मविश्वास से भरे नजर आए लेकिन नाथन एलिस की लेग साइड की गेंद को फ्लिक करने की एक लापरवाही में उन्होंने विकेटकीपर जोश फिलिप को कैच थमा दिया। श्रेयस अय्यर ने हेजलवुड के खिलाफ एक शानदार स्क्वायर कट के साथ बाउंड्री हासिल की, लेकिन उसी तरह अगली गेंद पर आउट भी हो गए। भारत ने इस तरह 14वें ओवर में 45 रन पर चार विकेट गंवा दिये। अक्षर पटेल (31) और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करने की कोशिश की लेकिन मैथ्यू कुहनेमैन ने अक्षर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। राहुल ने अपनी पारी में शानदार नियंत्रण दिखाया। उन्होंने उछाल का अच्छी तरह सामना किया। एलिस के खिलाफ लगातार दो गेंदों पर उनका स्ट्रेट ड्राइव और पुल शॉट देखने लायक था। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया और शॉर्ट के खिलाफ लगातार दो छक्के जड़े। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (10) के साथ छठे विकेट के लिए 30 रन जोड़े।नीतिश कुमार रेड्डी (11 गेंद में नाबाद 19 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम के स्कोर को 130 रन के पार पहुंचाया।

### 'बाकी मैचों में रन बनाएंगे विराट कोहली'

#### अर्शदीप ने कहा- ड्रेसिंग रूम साझा करना सौभाग्य की बात

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में शून्य पर आउट होने को ज्यादा महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे महान खिलाड़ी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना उनके लिए एक सौभाग्य की बात है। अर्शदीप का मानना है कि वनडे प्रारूप में कोहली की विशेषज्ञता आने वाले मैचों में जरूर दिखेगी। उन्होंने कहा, वह जानते हैं कि आगे कैसे बढ़ना है। उनके साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में होना हमेशा किसी आशीर्वाद की तरह है। मुझे यकीन है कि वह इस सीरीज के बाकी मैचों में खूब रन बनाएंगे। कोहली के सिर्फ एक प्रारूप खेलने के फैसले पर पूछे गए सवाल पर अर्शदीप ने कहा, उन्हें वनडे प्रारूप में महारत हासिल है। मुझे नहीं पता कि वह खुद इसके बारे में क्या सोचते हैं, लेकिन मैं उनसे बात करूंगा और शायद अगले प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पर कुछ कह सकूं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि वह शुभमन गिल की सीमित ओवरों की कप्तानी शैली से अभी बहुत परिचित नहीं हैं, लेकिन उम्मीद जताई कि यह युवा कप्तान भी विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह गेंदबाजों का कप्तान साबित होगा। अर्शदीप ने कहा, मैंने अब तक बहुत कम वनडे खेले हैं, इसलिए अंतर बताना मुश्किल है। लेकिन मैं कहूँगा कि विराट और रोहित, दोनों ही गेंदबाज़ों के अच्छे कप्तान रहे हैं। उन्होंने आगे बताया, गिल ने हमारी हर योजना का समर्थन किया और हमें खुलकर गेंदबाजी करने की आजादी दी। उनका संदेश साफ था, अपनी क्षमता दिखाओ और खेल का आनंद लो।

# इंग्लैंड की जीत से अंक तालिका में आया भूचाल

## लगातार तीसरी हार से भारतीय टीम पर मंडराया खतरा

**नई दिल्ली।** महिला विश्व कप के 20वें मैच में इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को रोमांचक मुकाबले में चार रन से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। इंदौर में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने कप्तान हीदर नाइट (109 रन) के शानदार शतक और एमी जोंस (56 रन) के अर्धशतक की बदौलत 50 ओवर में आठ विकेट पर 288 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 284 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से स्मृति मंधाना (88 रन), हरमनप्रीत कौर (70 रन) और दीप्ति शर्मा (50 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। गेंदबाजी में इंग्लैंड के लिए नैट सिवर-ब्रंट ने दो विकेट लिए, जबकि लॉरेन बेल, लिंसी स्मिथ, चार्ली डीन और सोफी एक्लेस्टोन को एक-एक सफलता मिली। मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम को लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी है। इंग्लैंड से पहले भारत को ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट और दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट से हराया था। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने अब तक पांच मैच खेले हैं, जिनमें से दो में जीत और तीन में हार मिली है। भारत चार अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट +0.526 है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को अब अपने बाकी दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज करना अनिवार्य होगा। वहीं, इंग्लैंड की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर नौ अंक और +1.490 नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई। ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका आठ अंकों के साथ तीसरे पायदान पर खिसक गया है। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। इंग्लैंड की हीदर नाइट ने शानदार 109 रन (91 गेंद, 15 चौके, 1 छक्का) की पारी खेली और टीम की जीत की नींव रखी। उनके साथ एमी जोंस ने 56 रन की अहम पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड को मजबूत शुरुआत मिली। दीप्ति शर्मा ने भारत की ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की और 4 विकेट मात्र 51 रन देकर हासिल किए। उनके अलावा स्त्री चरनी ने 2 विकेट (68 रन) झटके। नाइट और नैट सिवर-ब्रंट (40) के बीच तीसरे विकेट के लिए 113 रनों की साझेदारी हुई जिसने इंग्लैंड को 250 के पार पहुंचा दिया। हालांकि, नाइट के रन आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने अंतिम छह ओवरों में सिर्फ 42 रन जोड़ते हुए पांच विकेट गंवाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही।

### फ्लीटवुड बने 'इंडिया चैम्पियनशिप' के विजेता

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टॉमी फ्लीटवुड ने धैर्य और एकाग्रता की मिसाल पेश करते हुए रविवार को यहां सात अंडर 65 के शानदार कार्ड के साथ जापान के कीता नाकाजिमा (तीन अंडर 72) को दो स्ट्रोक से पछाड़कर 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप' गोल्फ का खिताब जीत लिया। फ्लीटवुड तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी दौर के लिए बचा के रखा। था। उन्होंने दबाव में संयम दिखाते हुए कुल 266 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। यह डीपी वर्ल्ड टूर पर फ्लीटवुड का आठवां खिताब है। यह भारत में उनकी पहली जीत है। दिन के खेल से पहले तालिका में शीर्ष पर रहे नाकाजिमा 20 अंडर 268 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय खिलाड़ियों में शिव कपूर चार अंडर 68 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर रहे। उनका कुल स्कोर नौ अंडर का रहा।

### वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है रिजवान को

**नई दिल्ली।** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय चयन समिति और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार बोर्ड की सोमवार को लाहौर में संयुक्त बैठक होगी जिसमें वनडे कप्तान पर फैसला किया जा सकता है। पीसीबी ने एक बयान में पुष्टि की कि पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच माइक हेसन ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पत्र लिखकर एकदिवसीय टीम के मामलों और कप्तानी पर चर्चा के लिए चयनकर्ताओं और सलाहकारों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।

### अब आईसीसी पर भड़का पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान को नहीं पचा पा रहा है और उसने अफगानिस्तान के प्रति संवेदना जताने पर क्रिकेट की वैश्विक संस्था की आलोचना की है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने अफगानिस्तान में तीन क्रिकेटरों की मौत के मामले में आईसीसी के बयान को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया है। आईसीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान के हवाई हमले में अफगानिस्तान के क्रिकेटरों की मौत पर शोक व्यक्त किया था, लेकिन अपने-अपने बयानों में पाकिस्तान का उल्लेख नहीं किया था।

### 9वीं विश्व ताइची प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना होगी भारतीय कुंगफू टीम

**लखनऊ।** भारतीय कुंगफू टीम 9वीं विश्व ताइची प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 अक्टूबर को ताइवान रवाना होगी। प्रतियोगिता 24 से 26 अक्टूबर तक ताइपे एरीना में आयोजित होगी, जिसमें 130 देशों के 6000 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत की ओर से 7 खिलाड़ी 21 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। टीम में कृष्ण कुमार, निर्भय राज, श्रुति सिंह, आकाश कुमार, मंजू, खुशी त्रिपाठी और संस्कृति शामिल हैं।

# ऑनलाइन खरीददारी में छोटे शहरों ने महानगरों को पछाड़ा, फैशन और कॉस्मेटिक उत्पादों की बढ़ी मांग



**नई दिल्ली।** दिवाली पर इस साल गैर-मेट्रो शहरों ने सबसे अधिक ऑनलाइन खरीददारी की। यह कुल ई-कॉमर्स कारोबार का लगभग तीन-चौथारी हिस्सा रहा। अकेले टियर-3 शहरों का योगदान पचास फीसदी से अधिक रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। लॉजिस्टिक्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म %क्लिकपोस्ट% ने 4.25 करोड़ शिपमेंट के डाटा का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में बताया गया कि त्योहारों के इस सीजन में ई-कॉमर्स में सबसे तेज और सबसे अधिक योगदान गैर-मेट्रो शहरों का रहा। रिपोर्ट में कहा गया, भारत के गैर-मेट्रो शहरों की रफ्तार हैरान करने वाली है। अकेले टियर-3 शहरों से 50.7 फीसदी ऑर्डर आए। टियर-2 शहरों से 24.8 फीसदी ऑर्डर मिले। यानी भारत के छोटे शहरों से कुल मिलाकर 74.7 फीसदी ऑर्डर आए। यह दिखाता है कि यही क्षेत्र अब ऑनलाइन खरीददारी की असली ताकत हैं। दुर्गा पूजा के दौरान फैशन की मांग 14.3 फीसदी तक बढ़ी। करवा चौथ के मौके पर तो कॉस्मेटिक उत्पादों की खरीदारी फैशन को भी पीछे छोड़ गई। इतनी बड़ी संख्या में ऑर्डर आने के बावजूद देश की लॉजिस्टिक्स कंपनियों ने औसतन 2.83 दिन में डिलीवरी की। साथ ही, उसी दिन डिलीवरी का 4.2 फीसदी से बढ़कर 8.7 फीसदी हो गई।

टियर-3 शहरों में अब भी नकद पर डिलीवरी (कैश ऑन डिलीवरी) सबसे पसंदीदा तरीका बना हुआ है। यहां 52 फीसदी ऑर्डर नकद पर डिलीवरी से किए गए। हालांकि, देशभर में महंगे उत्पादों की खरीद में डिजिटल भुगतान का ज्यादा इस्तेमाल हुआ। ऑर्डर का औसत मूल्य भी 32.5 फीसदी बढ़ा है। 2024 में जहां औसत ऑर्डर 3,281 रुपये का था, वहीं 2025 में यह 4,346 रुपये हो गया। क्लिकपोस्ट के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नमन विजय ने कहा, भारत खुदरा कारोबार के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। अब टियर-3 शहर मेट्रो को पीछे छोड़ रहे हैं। दिलों में अभी भी कैश ऑन डिलीवरी है, लेकिन महंगी खरीदारी में डिजिटल भुगतान आगे है। अब कपड़ों के साथ-साथ घर को बेहतर बनाने वाले उत्पाद भी त्योहारों में खूब खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जो कंपनियां स्मार्ट हैं, वे पहले से ही अगली दिवाली की तैयारी कर रही हैं। इसमें सैकड़ों शहरों में उसी दिन डिलीवरी की योजना, स्थानीय जरूरतों के हिसाब से उत्पादों की पेशकश और तेज डिलीवरी मॉडल शामिल हैं। क्लिक पोस्ट हर महीने भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका और अमेरिका में 450 से ज्यादा ब्रांड के लिए पांच करोड़ से ज्यादा ऑर्डर संभालता है।

# सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को सात साल में मिले 2.65 लाख करोड़ के लोन

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के लिए लोन की जरूरत होने पर उद्यमियों ने बीते सात साल के दौरान पीएसबी लोन्स इन 59मिनट्स प्लेटफॉर्म का जमकर इस्तेमाल किया है। इस प्लेटफॉर्म की तरफ से जारी बयान के मुताबिक एमएसएमई के लिए 7 वर्षों में 2.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के लोन को मंजूरी दी गई। यह प्लेटफॉर्म आमतौर पर 10 लाख रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक की राशि के लिए एक घंटे के भीतर ऋण स्वीकृति की सुविधा प्रदान करता है। 2018 में स्थापना के बाद से अब तक अब तक लगभग 30 लाख ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। एमएसएमई को कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ जोड़ने वाला यह प्लेटफॉर्म जीएसटी रिटर्न, आयकर फाइलिंग, बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट ब्यूरो रिपोर्ट जैसी जानकारी एकीकृत करता है। इससे लोन की प्रक्रिया कुछ ही घंटे में पूरी हो जाती है। प्लेटफॉर्म से मिली स्वीकृति से इतर बैंक वित्तीय मानकों के आधार पर दस्तावेजों की गहन पड़ताल करते हैं। फास्टैग का सालाना पास अब राजमार्गयात्रा एप के जरिये किसी को भी तोहफे में दिया जा सकता है। एप पर पास जोड़ें विकल्प पर क्लिक करके उपयोगकर्ता उस व्यक्ति का वाहन नंबर और संपर्क विवरण जोड़ सकते हैं जिसे वे फास्टैग सालाना पास तोहफे में देना चाहते हैं। ओटीपी सत्यापन के बाद उस वाहन से जुड़े फास्टैग पर सालाना पास सक्रिय हो जाएगा। यह पास एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत को खत्म करता है। सॉफ्टबैंक समर्थित ई-कॉमर्स कंपनी मीशो (स्द्धद्दह्यद्धश्र) ने आईपीओ के माध्यम से 4250 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए मीशो ने भारतीय शेयर बाजार नियामक- सेबी के पास ड्राफ्ट दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रस्तावित सार्वजनिक निर्गम में 4,250 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी करने की योजना है। मौजूदा निवेशक 1.75 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री भी करेंगे। ऑफर फॉर सेल में कंपनी के शुरुआती निवेशक-एलेवेशन कैपिटल, पीक, वेंचर हाईवे और वाई कॉम्बिनेटर भी हिस्सेदारी बेचेंगे। बयान के मुताबिक कंपनी का कुल आईपीओ आकार और मूल्यांकन बाद में जारी होने वाले शेयर प्राइस बैंड पर निर्भर करेगा।

### ब्लिंकिट के स्वामित्व वाली कंपनी को 128 करोड़ का जीएसटी नोटिस

खाद्य वितरण और त्वरित डिलीवरी एप जोमैटो और ब्लिंकिट के स्वामित्व वाली कंपनी इटर्नल को उत्तर प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग से 128 करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी डिमांड नोटिस मिला है। यह नोटिस लखनऊ के राज्य कर उप आयुक्त ने जारी किया है। विभाग ने अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के दौरान आउटपुट टैक्स के कम भुगतान और इनपुट टैक्स क्रेडिट के अधिक उपयोग का आरोप लगाया है। मुताबिक, इस आदेश में कुल 64.17 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग के साथ उतनी ही राशि का ब्याज और जुर्माना लगाया गया है, जिससे कुल राशि 128.34 करोड़ रुपये से अधिक हो जाती है। इटर्नल ने बताया कि उसे यह आदेश 18 अक्तूबर को मिला। कंपनी ने कहा कि उसके पास इस मामले में मजबूत आधार हैं और वह संबंधित प्राधिकरण के समक्ष इस आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करेगी। इटर्नल ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि आदेश में लगाए गए आरोपों और गणनाओं से वह सहमत नहीं है।

# तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार, मूंगफली अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। सामान्य कारोबार के बीच सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्व-स्तर पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि खपत बढ़ने पर पिछले साल की तरह खाद्यतेलों का आयात भी बढ़ना चाहिए था। नवंबर-दिसंबर, 2022 के दौरान 31,11,669 टन (खाद्य एवं अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जो नवंबर-दिसंबर, 2023 में 21 प्रतिशत घटकर 24,72,276 टन रह गया। पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने की भी आशंका है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40-45 दिन लगते हैं। ऐसी परिस्थिति में विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मंदा होने के बावजूद देश के बाजारों पर कोई असर नहीं पड़ा। यह दर्शाता है कि आयात कम होने की वजह से देश में खाद्यतेलों का स्टॉक कम है। सूरजमुखी, सोयाबीन जैसे खाद्यतेलों की आपूर्ति कम है। आगे जाड़े के साथ शादी-विवाह के मौसम की मांग भी बढ़ने वाली है। ऐसे में खाद्यतेलों की आपूर्ति की दिक्कत बढ़ सकती है। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। यह स्थिति देशी तेल तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की भी जरुरत को रेखांकित करता है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम का पाउच (थैली) 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है। इसके हिसाब से पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है। जबकि पामोलीन का आयात भाव 85 रुपये प्रति किलो ही है। पामोलीन तेल गरीब लोग ज्यादा उपयोग करते हैं और वे इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि तेल संगठनों को इस पहलू पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ सरकार को भी सिर्फ थोक दाम कम होने पर ध्यान देने के बजाय खुदरा बिक्री मूल्य की भी सुध लेनी होगी। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन - 5,415-5,465 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 -1,805 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,710 -1,810 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल।

# बाजार पूंजीकरण बढ़ा, दो लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल सबसे आगे रहीं। शेयर बाजार में तेजी का कंपनियों को फायदा हुआ। पिछले सप्ताह, बीएसई बेंचमार्क 1,451 अंक या 1.75 प्रतिशत उछला। शीर्ष 10 कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा हुआ, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 47 हजार करोड़ रुपये बढ़कर 19.17 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो शीर्ष 10 कंपनियों में सबसे अधिक है। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 41 हजार करोड़ रुपये बढ़कर कुल 11 लाख करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 40,123 करोड़ रुपये बढ़कर 10,26,491 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का 33,185 करोड़ रुपये बढ़कर 15,40,210 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,903 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,65,899 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 17,774 करोड़ रुपये बढ़कर 6,12,009 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,938 करोड़ रुपये बढ़कर 8,20,924 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, इंफोसिस का मूल्यांकन 30,306 करोड़ रुपये घटकर 5,98,773 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 23,807 करोड़ रुपये घटकर 10,71,894 करोड़ रुपये और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 7,684 करोड़ रुपये घटकर 5,60,173 करोड़ रुपये रह गया।

# सेबी ने निवेशकों को डबल रिटर्न जैसे स्कैम और फेक ऐप्स से बचने की दी सलाह



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी और एनएसई की ओर से निवेशकों को डबल एंड क्विक रिटर्न और फेक ऐप्स से बचने की सलाह दी गई है। निवेशकों के लिए उन्हीं की क्षेत्रीय भाषा में सेबी और एनएसई की ओर से यूट्यूब वीडियो शेयर किए गए हैं। एनएसई इंडिया के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए 36 सेकेंड के वीडियो में कहा गया है कि निवेशकों को नकली ऐप्स असली जैसे ही लग सकते हैं लेकिन इन नकली ऐप्स पर जोखिम असली होता है। बाजार नियामक का कहना है कि किसी भी ट्रेडिंग ऐप का इस्तेमाल गारंटीड रिटर्न के लिए कर रहे हैं तो इस ऐप का ऑथेंटिक होना जरूरी है। फेक ट्रेडिंग ऐप्स को लेकर कहा गया है कि इस तरह के ऐप्स ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए सबसे पहले गारंटीड और हाई रिटर्न का ही भरोसा दिलाने की कोशिश करते हैं। इसके बाद स्कैमर्स यूजर्स को फेक ऐप्स डाउनलोड करवा कर अपने झांसे में फंसाते हैं। सेबी और एनएसई की निवेशकों को सलाह है कि वे सेबी की इंवेस्टर साइट पर वेरिफाइड ऐप्स लिस्ट से ही ऐप्स डाउनलोड करें। इसी तरह, निवेशकों को डबल रिटर्न स्कैम से भी बचने की सलाह दी गई है। एक दूसरे 40 सेकेंड के वीडियो में सेबी और एनएसई की ओर से कहा गया है कि निवेशकों को किसी भी इंवेस्टमेंट गुरु की टिप्स से पैसे डबल करने का झांसा दिया जा सकता है। निवेशकों को इस तरह की डील के लिए ऑफर क्लेम करने को कहा जाएगा। इस तरह, स्टॉक मार्केट के अनवेरिफाइड ग्रुप फेक टिप्स भेजकर एक क्लिक में यूजर की जेब खाली कर सकते हैं। बाजार नियामक का कहना है कि सेबी-रजिस्टर्ड इंवेस्टमेंट एडवाइजर से ही सलाह लें और पेमेंट वेरिफाइड अकाउंट और यूपीआई आईडी पर ही करें। इससे पहले इस महीने के शुरुआत में 6-12 अक्टूबर तक चले वर्ल्ड इंवेस्टर वीक 2025 आयोजन के शुभारंभ पर सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा था कि प्रतिभूति बाजार हमारे देश के विकास इंजन हैं और यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि यह इंजन पारदर्शिता और ईमानदारी की मजबूत नींव पर चले। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ने बाजारों को हमारे लिए काफी आसान बना दिया है लेकिन इससे स्कैमर्स निवेशकों को धोखा देने के लिए नए टूल्स से लैस भी हो गए हैं। उन्होंने निवेशकों को अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 233 मरीजों का हुआ उपचार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 233 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक विवेक खरे के देख रेख मे 56 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 51मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 39मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया नया।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 233 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# खाना बनाते समय बिसारती बाना की दुकान में गैस सिलेंडर से लगी आग

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गाँव में रविवार की सुबह

## लाखों रुपए का सामान जल कर राख, ग्रामीणों की मदद से बुझी आग

## सात लोग झुलसे, एक ट्रामा सेण्टर रेफर

बिसारती बाना की दुकान के पीछे गैस सिलेंडर पर भोजन बनाते समय पाइप लीकेज होने से दुकान में आग लग गई। हल्ला गुल्ला सुन मौके पर



पहुचे ग्रामीणों ने बाल्टी डब्बा से सामने से नहर के नाली के पानी से आग बुझाई लेकिन तब तक सारा सामान जल कर नष्ट हो गया। गृहणी सहित सात लोग झुलस गये ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ एक महिला को चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर रेफर कर दिया। अन्य का उपचार चल रहा है। हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में राजेश मौर्य की बिसारती बाना की दुकान है घर के पीछे कमरे मे गैस सिलेंडर पर गृहणी अनीता खाना बना रही थी कि इसी दौरान पाइप लीकेज हो गया आग दुकान में फैल गई। दुकान में रखा सारा सामान जल गया।राजेश के पिता मन्नालाल मौर्य ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि खाना बनाते समय सेलेंडर का पाइप लीकेज होने से घर में रखा दुकान में लगभग 7 लाख रुपए का सामान जूता, चप्पल ,चूड़ी, कपड़ा, साबुन, तेल आदि जलकर नष्ट हो गया।आग बुझाने में राजेश (35) अनीता( 30) आंचल (15) अंशिका ( 8) आरती (6) आंशी (4) तथा सूराजा देबी (60) आग की लपट से झुलस गई।गृहणी अनीता लगभग 40 प्रतिशत आग की लपेट में झुलस गई। ग्रामीणों के मदद से आनद फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य ले गये जहां चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार चल रहा है।

इस संबंध में चिकित्सक रविराज ने बताया कि आग से 40 प्रतिशत झुलसी महिला अनीता का प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर किया गया है वहीं अन्य का उपचार किया गया है। हालत सामान्य बताई है। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने आगजनी की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी है।

# रेल यात्रा को सफल और सुखद बनाने में करें सहयोग

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने रेल कर्मचारियों, रेल उपयोगकर्ताओं तथा उनके परिवारजनों को दीपावली त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। महाप्रबन्धक बोरवणकर ने सम्मानित रेल उपयोगकर्ताओं/ यात्रियों से निवेदन किया है कि भारतीय रेल आपकी संपत्ति है आप लोग इसका जिम्मेदारी से उपयोग करें कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की सुरक्षा में बाधा पहुंचे। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने तथा रेलवे प्रशासन द्वारा समय-समय पर दी जा रही दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपनी रेल यात्रा को सुखद और सफल बनायें। महाप्रबंधक ने यात्रियों से निवदेन किया की ट्रेनों की छतों एवं पावदान पर लटक कर यात्रा न करें। चलती ट्रेन में चढ़ने एवं उतरने का प्रयास न करें तथा एक प्लेटफॉर्म



से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिये फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का उपयोग करें। स्टेशन एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखने में रेलवे प्रशासन को सहयोग करें। यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मिल सके तथा यात्रा मंगलमय हो सके, इसके लिये रेलवे प्रशासन इन त्यौहारों के अवसर पर प्रमुख नगरों के लिये रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनों का संचलन कर रहा हैं। इन गाड़ियों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुगम बनावे।

# सीईआईआर पोर्टल के मदद से तीन एंड्राइड फोन बरामद

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** सीईआईआर पोर्टल पर तीन अलग अलग गाँवो से प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्र थाना स्थानीय स्तर पर गुमशुदगी दर्ज कर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त गुम तीन मोबाइल फोन को बरामद कर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया द्वारा सुबाव गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह मौर्य व हलिया बाजार निवासी उत्सव अग्रहरी उपरोक्त व्यक्तियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलते हीं मोबाइल स्वामी के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामी ने हलिया थानाध्यक्ष व साइबर टीम की भूरि भूरि प्रशंसा किया है। मोबाइल



फोन बरामदगी करने वाले टीम में एसआई अच्छेलाल यादव,कांस्टेबल आनंद कुमार पटेल रहे।

# नैमिषारण्य स्थित चक्रतीर्थ पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सीतापुर।** नैमिषारण्य स्थित चक्रतीर्थ पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी प्रकार मॉ ललिता देवी मंदिर, दधीचि कुण्ड, राजघाट एवं चक्रतीर्थ पर दीपोत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर लगभग 01 लाख 25 हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मनमोहक आकृतियों ने शुभ-लाभ, शुभ-दीपावली आदि संदेश दीपों के माध्यम से बनाये गये, जिन्होंने सभी का मनमोह लिया। आकर्षक रंगोलियों एवं पुष्प मालाओं से सम्पूर्ण चक्रतीर्थ सजाया गया। इस मनमोहक दृश्य ने अनायास ही सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। उपस्थित धर्मगुरुओं, श्रद्धालुओं एवं आम-जनमानस ने मुक्तकंठ से आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला



पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सीतापुर।** महमूदाबाद, दीपावली की पूर्व संध्या पर नगर के सीता बाल विद्या मंदिर जूनियर वर्ग में बच्चों द्वारा क्ले मिट्टी से लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता के साथ पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिसर में राम दरबार सजाकर बच्चों द्वारा भक्तिपूर्ण गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। राम-दरबार में भगवान राम के साथ लक्ष्मण, मां सीता, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी के आकर्षक स्वरूपों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। क्ले मिट्टी से विद्यार्थियों द्वारा भगवान गणेश व लक्ष्मी माता की मूर्तियां बनाई गईं। मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की इंग्लिश मीडिएम शाखा आशुतोष बृज मोहनलाल में बच्चों ने मानव श्रृंखला द्वारा शुभ दीपावली का संदेश दिया। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 08 शिकायतों में से 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 15 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महोली में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सिधौली में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# अवर अभियंता ने चोरी का दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** जल जीवन मिशन के कार्यदाई संस्था एनसीसी के अवर अभियंता रितेश कुमार ने थाने मे तहरीर देकर पानी टंकी से इन्वर्टर व बैट्री चोरी होने पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने मे जुट गई है। तहरीर मे बताया है की जल जीवन मिशन द्वारा बनाई गई पानी टंकी ग्राम बरी पहड़ी पर स्केड़ा रूम मे इन्वर्टर बैट्री चोरी होने के संबंध मे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन द्वारा गांव गांवे स्वच्छ पेयजल हेतु पानी टंकी का निर्माण कराया गया है तथा संचालित कराने हेतु स्काडा रूम बनाकर इन्वर्टर बैट्री एवं पैनल रखे गए थे। बीते 5 अक्टूबर को रात्रि मे ग्राम बरी पहड़ी पर जो पानी टंकी बनी है वहाँ पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दरवाजे का ताला व मास्टर लाक तोड़कर दो बैट्री, इन्वर्टर तथा केबल चोरी कर लिए है। सुबह अपरेटर पानी सप्लाई हेतु गया तो देखा की दरवाजा का ताला टुटा है तथा बैट्री व इन्वर्टर नहीं है। इधर उधर खोजता रहा नहीं मिला जिस पर पुलिस ने अज्ञात ने विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने मे जुट गई है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की जेजेएम के जेई की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

# भगवान धन्वंतरि आरोग्य के देवता हैं : अरविन्द सिंह मधुप

**बिसवां सीतापुर।** आरोग्य भारती बिसवां जिलाअध्यक्ष डॉ वी के सिंह द्वारा भगवान धन्वंतरि जयंती कार्यक्रम गोपाल नगर में प्रभाकर क्लिनिक पर आयोजित किया गया। महामंत्री अरविन्द सिंह मधुप द्वारा भगवान धन्वंतरि स्तवन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य शिवानंद दीक्षित ने की।इस अवसर पर धर्मेन्द्र त्रिपाठी धवल,आर के त्रिवेदी एडवोकेट, घनश्याम शर्मा,अरविंद त्रिपाठी, अरविन्द शर्मा, इंद्रभान सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे।बिसवां जिला महामंत्री अरविन्द सिंह मधुप ने आरोग्य भारती के वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत



आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भगवान धन्वंतरि आरोग्य के देवता हैं। हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी जीवन शैली में बदलाव करते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा।शान्तिपाठ के उपरान्त प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आर.वी.एम. लाइब्रेरी का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन मोहल्ला कबीराबाद में आर.वी.एम. लाइब्रेरी का रविवार को मुख्य अतिथि भाजपा नेता छोटू प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा के लोकप्रिय समाजसेवी एवं प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश छोटू प्रसाद ने शुभारंभ करते हुए बताया की अब यहां के आसपास के बच्चों को कहीं दूर न जाकर मोहल्ले में ही लाइब्रेरी के माध्यम से बेहतरीन शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। जबकि सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर उनको लाभ देने का काम कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामशरण चौहान, पूर्व सेक्रेटरी रामदास राम, लाइब्रेरी के संचालक विजय कुमार, सहित नागरिक, समाजसेवी और क्षेत्र के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए फ्री वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे आधुनिक तकनीक से जुड़कर अपनी शिक्षा को नई दिशा दे सकें। लाइब्रेरी का उद्देश्य केवल किताबें उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि छात्रों में ज्ञान, अनुशासन और आत्मविश्वास की ज्योति प्रज्वलित करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही वह दीप है, जो अंधकार को ज्ञान में और संघर्ष को सफलता में बदल देता है।

# प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभाएं निखारने का काम करती हैं : उमेश वर्मा



**सीतापुर महमूदाबाद।** प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभाएं निखारने के साथ उनका मनोबल बढ़ाने का काम करती हैं। जो बच्चे प्रतियोगिताओं में शामिल होते हैं, उनका विकास तीव्र गति से होता है। इसलिए उनमें भाग लेना जरूरी है। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में रंगोली प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतियोगिता में स्थान नहीं ला सके हैं उन्हें पुनः प्रयास करने की सीख लेनी चाहिए। प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा, दीप्ति वर्मा, उषा वर्मा और गौरी की देखरेख में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में मारिया, अनन्या, आराध्या, रोशनी, आसमा के ग्रुप को प्रथम,सुंदुस फिरदौस, अफीफा शेख, आयशा, अंशिका, फलक के ग्रुप को द्वितीय, शमीमुद्दीन, अबू हमजा, रंजीत, अंशुल, हस्सान के ग्रुप को तृतीय, अंशिका देवी, उम्मे फलक, नायमा, जोया और जिकरा के ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षक पवन कुमार, शिवेंद्र प्रताप, प्रधान प्रेमचन्द्र वर्मा ने बच्चों को बधाई दी।

# स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ना है : डॉ. देव मणि तिवारी

**सीतापुर।** कांग्रेस स्नातक क्षेत्र प्रत्याशी डा0 देव मणि तिवारी ने कांग्रेस संगठन पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष डा0 ममता वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में वोटर लिस्ट में हो रहे नाम बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी संगठन पदाधिकारियों को मतदाता सूची पर विशेष रूप से ध्यान देकर अपने स्नातक साथियों के नाम बढ़ाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई! बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर देव मणि तिवारी ने कहा कि आप सभी द्वारा मिल रहे इस सहयोग का मैं आयु पर्यंत आभारी रहूंगा। चूंकि मेरा गृह क्षेत्र अमेठी सीतापुर से दूर होने के कारण



यहां आप सभी को स्वयं प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ना है! जिला अध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि हम सभी का दायित्व है पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी को विजई बनाकर हम सभी कांग्रेस के सपनों को साकार करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें! बैठक में उपस्थित पदाधिकारी शिव प्रकाश सिंह राजेश सिंह तोमर शिशिर बाजपेई अल्पना सिंह अनिल कुमार नंद प्रदीप सिंह चौहान कमल रावत बिंदेश्वरी यादव पंकज कुमार विनीत दीक्षित रिजवान अहमद मोहम्मद सलीम नीलम बहेलिया जितेंद्र शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे!

# चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन के जनरल कोच से 94 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन कृषक एक्सप्रेस (15008) के जनरल कोच डी-3 में एक व्यक्ति से 94 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोविन्द प्रसाद (उम्र 58 वर्ष, निवासी सलेमपुर, जनपद देवरिया) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध पटाखों को सलेमपुर से दुल्लहपुर बेचने के लिए ले जा रहा था। बरामद पटाखे 4 गत्तों व एक प्लास्टिक बोरी में विभिन्न कंपनियों के थे। अभियुक्त के खिलाफ धारा 5/9 (B) विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं धारा 288 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# जुआ खेलते 6 गिरफ्तार,नगद व ताश बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी मानिकपुर दीप नारायण के नेतृत्व मे एसआई संतोष यादव मय हमराह सिपाही भीमराव, रामदेव गौतम,दर्वेश कुमार,प्रीती द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिरगढ़वा के पास दबिश देकर 6 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए मौके से हिरासत में लिया,साथ ही 2450 रुपये नकद व 52 ताश पत्ता बरामद किए।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम बनाम 6 नामजद अभियुक्तों सचिन पुत्र ताराचन्द्र निवासी मिरगढ़वा,रामू पुत्र हरिलाल निवासी मिरगढ़वा, पिन्टू पुत्र स्व रामचन्द्र, निवासी मिरगढ़वा, अली पुत्र बबलू निवासी मिरगढ़वा,राजीव पुत्र संजय निवासी इनायतगंज, मिरगढ़वा,निखिल पुत्र राजकुमार निवासी ब्लॉक के सामने सलवन,थाना सलवन जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर हवाले जेल कर दिया गया है।

## वैश्विक पटल पर देश की चमक को लेकर की मंगलकामना

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दीपावली के पर्व को असत्य पर सत्य की विजय का प्रेरणा पर्व कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा है कि दीपावली के पर्व पर हर देशवासी का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र एवं समाज की एकजुटता के संकल्प को मजबूती प्रदान करे। उन्होने कहा कि देश सामूहिक संकल्प शक्ति की ताकत पर वैश्विक पटल पर नेतृत्व के प्रकाश की चमक से सदैव आभामंडित होता रहेगा।

# भव्य कलश यात्रा में शंख ध्वनि की गूंज के साथ हुई पुष्प वर्षा

**स्वतंत्र भारत लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में श्रीमद्भागवत कथा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। विद्या मंदिर मार्ग होते हुए कलश यात्रा श्री हनुमत निकेतन मंदिर पहुंची। शंख ध्वनि तथा ढोल व मंजीरे से नाचते गाते श्री राधे भक्तों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर कथा के लिए शुभाशीष मांगा। इसके बाद कलश यात्रा कोतवाली के समीप परमानंद आश्रम स्थित हरिहर मंदिरम पहुंची। यहां से कलश यात्रा तहसील गेट होते राजेन्द्र नगर से जंगली बीर बाबा धाम पहुंची। कथा व्यास प्रयागराज से पधारे श्री राघव रामानुजदास सुधाकर जी महराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन के बाद कलश यात्रा कथा स्थली पहुंची। श्री राधे कृष्ण नाम जाप के सुमधुर संकीर्तन के साथ महिलाएं सिर पर कलश धारण कर द्वारिकाधीश का जयघोष भी करती दिखी। कलश यात्रा नगर के बाजार एवं छोटी नहर मार्ग से गुजरी तो व्यापारियों व आम लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।

कथा के संयोजक आचार्य राम अवधेश मिश्र एवं समाजसेविका श्रीमती लल्ला मिश्रा व चुक्कन प्रसाद मिश्र ने कथा व्यास राघव रामानुजदास जी का मंगलाभिषेक किया। कथा के पहले दिन विद्या मंदिर प्रांगण में पांडाल में श्रद्धालुओं की भी? जुटी दिखी। व्यासपीठ से श्री राघव रामानुजदास जी ने कहा कि भगवान के प्रति निष्ठा का कोई मोल नही हुआ करता। उन्होने कहा कि भगवान को स्वीकार करने के लिए मन का पवित्र होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि श्रीमद् भागवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण के दिए गए उद्देश्य जीवन के लिए सदैव मंगलकारक हैं। सहसंयोजक रजनीश मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख पूर्णांशू ओझा, रामनारायण मिश्र, रामानुज मिश्र, रामप्रताप मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्रेम नारायण तिवारी, केशवराम ओझा, आचार्य प्रदेष नारायण सिंह, रामशिरोमणि मिश्र, गौरीशंकर तिवारी, उमेश पाल मिश्र, प्रमोद कुमार पांडेय, हर्षद शुक्ल, बृजबिहारी मिश्र आदि रहे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## अमेरिका के शहरों में सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन और कई अन्य शहरों में हजारों लोगों ने एक साथ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नीतियों और उनके सत्तावादी रवैये के खिलाफ किए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ट्रंप लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी ने इन प्रदर्शनों को हेट अमेरिका आंदोलन करार दिया है, यानी अमेरिका से नफरत करने वालों का आंदोलन। रॉयटर्स के मुताबिक, इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि दिन खत्म होने तक लाखों लोग अमेरिका के बड़े शहरों, छोटे कस्बों में इन प्रदर्शनों में शामिल हो सकते हैं। यहां तक कि विदेश के कुछ शहरों में भी इन प्रदर्शनों के समर्थन में लोग सड़कों पर उतर सकते हैं। जून के महीने में नो किंग्स नाम से पहला बड़ा प्रदर्शन हुआ था। अब यह आंदोलन फिर से तेज हो गया है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में कुछ विवादित फैसले लिए हैं। इनमें राजनीतिक विरोधियों पर आपराधिक मामले चलाना, प्रवासियों पर छापेमारी और कई अमेरिकी शहरों में संघीय बलों की तैनाती शामिल है। वॉशिंगटन में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर रैलियां निकालीं और अमेरिकी संसद भवन की ओर बढ़े। रॉयटर्स के मुताबिक, प्रदर्शन का माहौल एक त्योहार जैसा दिखा। लोग हाथों में पोस्टर, अमेरिकी झंडे और गुब्बारे लिए हुए थे। कुछ लोग तो खास तरह की पोशाकें पहनकर भी आए थे। केवल वॉशिंगटन ही नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क, बोस्टन, शिकागो और अटलांटा जैसे शहरों में भी इन रैलियों में काफी संख्या में लोग जुटे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह लोकतंत्र और न्याय के लिए यहां खड़े हैं।





समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
लुक़मान अली मंसूरी
राष्ट्रीय सचिव
समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा
सांसद प्रतिनिधि
मोहनलालगंज महिलाबाद
सम्पर्क : 9794790502
कार्यालय : लाजपत भवन कैसारबाग, लखनऊ
निवास- ग्राम कसमण्डी कलां, विधानसभा-महिलाबाद, लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप मिश्रा
ओंकार रिजॉर्ट जेहटा
लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
जोगिंदर सिंह खालसा
समाजसेवक
राष्ट्रीय अध्यक्ष खालसा फाउंडेशन
संरक्षक जर्नलिस्ट
प्रोटेक्शन एसोसियेशन
भाजपा, उत्तर प्रदेश

पाण्डेय ट्रेडर्स
मलपुरा, लालगंज-रायबरेली
की
ओर से सभी देशवासियों को
धनतेरस एवं दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
प्रो. अरविन्द कुमार पाण्डेय
(बुचुन्नी पाण्डेय)

आप सभी देशवासियों को
धनतेरस
एवं
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
मो. अनस सिद्दीकी
(युवा समाजसेवी)
निवास : चिकमण्डी, लालगंज-रायबरेली

हर घर में हो उजाला आए न रात काली
घर-घर में मनें खुशियाँ हर घर में हो दीवाली
मेडिलिंक डायग्नोस्टिक लालगंज
की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा
की
हार्दिक शुभकामनायें
खुर्शीद अहमद (राजू नेता)
(सभासद) मो. 9415744165
पता : निकट साहू एजेन्सी, श्री श्याम मार्केट
रेलवे स्टेशन मोड़, लालगंज-रायबरेली

सभी देशवासियों को
❖ माँ वैष्णो ब्रिक फील्ड (शिवम भठ्ठा)
❖ माँ दुर्गे ब्रिक फील्ड
❖ ओम शान्ती इण्टरप्राइजेज
❖ शिवम फिलिंग स्टेशन
की ओर से
धनतेरस एवं दीपावली
की
हार्दिक
शुभकामनायें
अक्षत दोसर
लालगंज-रायबरेली
पी.के. गुप्ता

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार शुक्ला
सी.एम.डी
विजय ड्रीम होम
एवं प्रॉपर्टी

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन शुक्ला
ड्रीम होम
एवं प्रॉपर्टी

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन कुमार सिंह

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अनघ तिवारी
(शाखा प्रबंधक)
सैनिक स्कूल शाखा,
सरोजनी नगर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मां चंद्रिका हॉस्पिटल
सरोसा भरोसा मोहान रोड, लखनऊ
डॉ. अतुल सिंह तोमर
डॉ. महर्ष शुक्ला

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सिंह चौहान
राजधानी प्रेस क्लब संरक्षक/
पूर्व जिला अध्यक्ष लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील
एडवोकेट
कृष्णा नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुन्दर ज्वेलर्स
कानपुर रोड गौरी बाजार
सरोजिनी नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव शंकर सिंह शंकरी
वरिष्ठ भाजपा नेता
सरोजनी नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. हरिहर सिंह चौहान
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
स्टॉपर हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन सिंह
पूर्व प्रधान
भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
रामनरेश रावत एडवोकेट
पार्षद
वार्ड सेकंड सरोजिनी नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान प्रकाश वर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर्स महासंघ
कक्ष सं. 1038, जवाहर भवन, लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल स्टील
अल्ट्राटेक सीमेंट, सरिया, टाइल्स
शांति नगर सरोजिनी नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार सिंह
पूर्व प्रधान
संघ अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता
सरोजनी नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेश चौरसिया
फाइन आर्टिस्ट (गोल्ड मेडलिस्ट)
सरोजनी नगर लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंवर रितेश सिंह चौहान
(चेयरमैन) श्री राम ग्रुप आफ कंपनी
अध्यक्ष शांति नगर जनहित
व्यापार मंडल सरोजिनी नगर

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेंद्र प्रताप मौर्य
प्रबंधक
गयादीन मौर्य स्मृति आईटीआई कॉलेज
पखरौली डलमऊ रायबरेली

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलेश यादव
आद्या ह्यूम पाइप & इंटरलाक
पूरे अजमेर शोभवापुर
लालगंज रायबरेली

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
संग्राम सिंह
सांसद प्रतिनिधि
मोहनलालगंज समाजसेवी नेता
समाजवादी पार्टी
लखनऊ, उत्तर प्रदेश

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित साहू
अध्यक्ष
काकोरी नगर पंचायत लखनऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश त्रिवेदी
समाजसेवी
बाजपेईपुर सोंडासी

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमचंद यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड डलमऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेंद्र प्रताप सिंह
(अजय राजा)
वर्तमान विधायक
समाजवादी पार्टी सरेनी

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुषमा वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड डलमऊ

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पेंद्र कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड डलमऊ

सभी देशवासियों को
किशन ज्वैलर्स
की ओर से
धनतेरस एवं दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
नोट : हमारे यहाँ सोने व चाँदी के जेवरात गारण्टी के साथ बेचे जाते हैं
पता : सर्राफा मण्डी लालगंज-रायबरेली
दिनेश गुप्ता
मो. 9415953452

IndianOil शिव फ्यूल्स IndianOil
किसान सेवा केन्द्र, मलपुरा लालगंज-रायबरेली
की
ओर से सभी देशवासियों को
धनतेरस एवं दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
प्रो. राकेश सिंह भदौरिया

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राम अभिलाष यादव
ग्राम प्रधान
कनहा